नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 179 | नई दिल्ली, शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

रवीना ने चढ़ा दिया सोशल मीडिया का पारा... पेज-12

## हरियाणा विधान सभा चुनाव में एकजुट हुए कांग्रेसी

# राहुल गांधी ने खोल दिया हुड्डा का रास्ता

- दूर हुई शैलजा की नाराजगी, कांग्रेसियों में उत्साह
- जाति जनगणना करवाकर दलित-पिछड़ों व गरीब सामान्य वर्ग को उनका हक दिलवाएगी कांग्रेस



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनावों में पिछले काफी दिनों से चर्चा का विषय बने कुमारी सैलजा की नाराजगी का गुरुवार को सुखद पटाक्षेप सामने आया है। राहुल गांधी की असंध रैली में कुमारी सैलजा के साथ मंच पर भूपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे। रैली के मंच में राहुल गांधी के एक तरफ भूपेंद्र हुड्डा और दूसरी तरफ प्रदेश प्रमुख उदय भान मौजूद रहे। उदय भान के दाहिनी ओर कुमारी सैलजा बैठीं। राहुल गांधी ने असंध की रैली से कांग्रेस की एकजुटता का संदेश दिया। राहुल गांधी की रैली के बाद चर्चा हो रही है कि क्या वाकई में कांग्रेस पार्टी चुनावों में अब इस मुद्दे बीजेपी को घेरने का मुद्दा नहीं देगी या फिर नेताओं की बयानबाजी जारी रहेगी।

राजनीतिक हलकों में चर्चा पहले से हो गई थी कि दोनों नेता राहुल की रैली में एक साथ दिख सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सैलजा और हुड्डा के बीच कोई बड़ा विवाद नहीं था। इस विवाद को बीजेपी ने काफी तूल दे दिया था। इसके बाद यह लाजिमी था कि राहुल गांधी दोनों नेताओं को एक मंच लाने जैसा कुछ करें। मंच पर दोनों नेताओं की मौजूदगी से राहुल गांधी ने ऑल इल वेल का मैसेज दिया है लेकिन अगले कुछ दिनों में अगर प्रचार के दौरान कांग्रेस की अंदरुनी खींचतान बंद होती है तो ही इस सफल माना जाएगा। राजनीतिक विश्लेषक नवीन धमीजा कहते हैं कि इससे अच्छा संकेत जाएगा। बीजेपी जिसे मुद्दा बना रही है और सैलजा को बुलाने के लिए दरवाजे खोल रही थी। कम से कम उसे पर राहुल गांधी ने पानी डाल दिया है।

### हरियाणा ने भाजपा को सेवा का एक और मौका देने का मन बनाया : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव में विजय का मंत्र देते हुए कहा कि जो पोलिंग बूथ जीतता है, वह चुनाव जीतता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को सेवा का एक और मौका देने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से हरियाणा भाजपा के 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए देशहित सर्वोपरि है। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद करने और सरकार की योजनाओं के लाभों पर चर्चा करने को कहा। मोदी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है। उनको खुशी है कि 10 साल में बिना भ्रष्टाचार के सरकार चलाना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के रोजगार मिलना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। इसलिए हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनका आशीर्वाद हमारे साथ है, विजय निश्चित है। कांग्रेस की आंतरिक कलह को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा, आज कल तो आप देख रहे हैं, कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो बड़े-बड़े दावे

### चुभने वाले मुद्दों पर वार

राहुल गांधी ने असंध की रैली में जहां ऑल इज वेल का संदेश दिया और बेरोजगारी के मुद्दे को उठाया तो वहीं दूसरी रैली पीएम मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी का चेहरा देखा, पहले 56 इंच की छाती होती थी, अब नॉन बायोलॉजिकल बताते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी काले कानून लाते हैं। जो किसानों के पास है, वो भी छीन लेना चाहते हैं। अरबपतियों का कर्ज माफ कर दिया। हरियाणा में ड्रग समस्या बढ़ रही है। किसी को सजा नहीं होती।

### ब्रजभूषण सिंह के जरिए हमला

राहुल गांधी ने दूसरी रैली में अग्निवीर से लेकर जवानों से पेंशन, शहीद का दर्जा छीनने और यौन उत्पीड़न के आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा की जनता की जेब में डायरेक्ट रुपये देंगे। किसानों को फसलों का पैसा नहीं दिया जा रहा। राहुल गांधी ने एक बार फिर सब अंबानी-अडानी पर हमला बोला और कहा उनकी की जेब में जा रहा।

### हेलीपैड पर क्या हुई बातचीत

राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर से करनाल पहुंचने पर कांग्रेस के नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा ने लाल गुलाब वाले गुदलस्तों से राहुल गांधी का स्वागत किया। दोनों नेताओं द्वारा स्वागत किए जाने की तस्वीरें भी सामने आई है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि चुनाव जाट बनाम दलित न हो इसके लिए राहुल गांधी ने दोनों को एक मंच पर लाकर संदेश दिया है। हेलीपैठ पर सैलजा ने काफी गर्मजोशी से राहुल गांधी का स्वागत किया।

## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले की सुनवाई 15 जनवरी को करेगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले की सुनवाई 15 जनवरी 2025 को करेगा। जस्टिस जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अब इस मामले पर आगे कोई स्थगनादेश नहीं दिया जाएगा। आज सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार की ओर से पेश वकील स्वाति घिल्डियाल ने आज सुनवाई टालने की मांग की, क्योंकि वो आज मौत की सजा के मामले में दूसरे कोर्ट में व्यस्त हैं। इस मामले में गुजरात सरकार के अलावा कई दोषियों ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। गुजरात सरकार ने कहा है कि वो उन 11 दोषियों की फांसी की सजा की मांग कर रहा है, जिनकी सजा कम करके उम्रकैद में तब्दील कर दी गई है। दरअसल, 27 फरवरी, 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 बोगी में आग लगाई गई थी, जिसमें 58 लोगों की मौत हो गई थी। साबरमती एक्सप्रेस अयोध्या से कारसेवकों को लेकर आ रही थी। गोधरा की इस घटना के बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे हुए थे। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने 2011 में 31 लोगों को दोषी करार दिया था। इनमें से 11 को फांसी की सजा और 20 को उम्रकैद की सजा हुई थी। इस मामले में 63 अन्य आरोपितों को बरी कर दिया गया था। 2017 में गुजरात हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से फांसी की सजा मिले 11 दोषियों की सजा कम करते हुए उम्रकैद में तब्दील कर दी थी और 20 को मिली उम्रकैद की सजा बरकरार रखी थी।

### पंद्रह सदस्यीय ग्लोब संचालन समिति के लिए चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** चीन की राजधानी बीजिंग में गुरुवार को आयोजित पूर्ण अधिवेशन के दौरान भारत को पंद्रह सदस्यीय ग्लोब संचालन समिति (ग्लोब स्टीयरिंग कमेटी) के लिए चुना गया है। संचालन समिति के सदस्य के रूप में भारत भ्रष्टाचार और संपत्ति वसूली के खिलाफ वैश्विक एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। ग्लोब नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मंच है और भारत की भागीदारी सीमा पार वित्तीय अपराधों और भ्रष्टाचार से निपटने के अपने प्रयासों को मजबूत करेगी। भ्रष्टाचार विरोधी कानून प्रवर्तन प्राधिकरणों का वैश्विक परिचालन नेटवर्क (ग्लोब नेटवर्क) जी 20 की पहल थी। भारत ने 2020 में इस पहल का समर्थन किया था। ग्लोब नेटवर्क को आधिकारिक तौर पर 3 जून 2021 को भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र (यूएनजीएएसए) में विशेष कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया गया था। ग्लोब नेटवर्क में अब 121 सदस्य देश और 219 सदस्य प्राधिकरण हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) ग्लोब नेटवर्क के लिए केंद्रीय प्राधिकरण है और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) व परावर्तन निदेशालय (ईडी) भारत से इस नेटवर्क के सदस्य प्राधिकरण हैं। ग्लोब नेटवर्क एक अनूठे मंच के रूप में उभर रहा है जहां दुनिया भर की एजेंसियां सर्वोत्तम प्रथाओं, आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करती हैं, रणनीतियों का विकास करती हैं। संगठन को नेतृत्व प्रदान करने के लिए नेटवर्क में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और संचालन समिति में 13 सदस्य हैं।

## प्रोफेशनल्स भी पॉलिटिक्स में आएं भाजपा एकमात्र बेहतर विकल्प है: नड्डा



**रायपुर, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नालंदा परिसर में पहुंचकर छात्रों से भाजपा की सदस्यता की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसे पूर्ण करने में युवाओं की भूमिका अहम होगी। प्रधानमंत्री स्वयं चाहते हैं कि प्रोफेशनल्स पॉलिटिक्स में नई सोच के साथ आएं। इससे राष्ट्र को नई दिशा मिलेगी। इसलिए युवाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल के पॉलिटिक्स में आने से शुचिता की सोच को और बेहतर स्थान मिलेगा। हमारी लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को राजनीति में आना चाहिए।

श्री नड्डा ने कहा कि देश में कुछ दल युवाओं को भ्रमित कर राजनीति करते रहे हैं। वह दल किसी से छिपा नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने युवाओं से भाजपा की सदस्यता की अपील की। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण श्रद्धेय भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उनके सपनों को पूर्ण करने प्रदेश में भाजपा की सरकार कार्य करती रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अपना उदय के 25वें बसंत की ओर है। विकसित छत्तीसगढ़ का सपना हम सबका सपना है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा रायपुर पहुँचने के बाद विमानतल से सीधे केनाल रोड पहुँचे और वहां स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद श्री नड्डा भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीगोपाल व्यास (शीरू भैया) के विधायक कॉलोनी (छोकरा नाला) स्थित निवास पहुंचकर उनसे व परिजनों से सौजन्य भेंट की व स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## जेएमएम का मतलब 'जमकर मलाई मारो' : राजनाथ



**धनबाद, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर गुरुवार को धनबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर चुटकी लेते हुए कहा, जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने न सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया, बल्कि विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर बरसे।

कोयलांचल धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पर राजनाथ ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को लेकर कहा, मुख्यमंत्री प्रदेश का नेता होता है और उस मुख्यमंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी और वो भी भ्रष्टाचार के आरोप में। उन्होंने कहा कि राजनीति ऐसे नहीं चलती। राजनीति लोक लाज और मयार्दा से चलती है। उन्होंने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया। साथ ही कहा कि वो (राहुल गांधी) विदेश जाकर लगातार भारत की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत में लंबे समय तक कांग्रेस की हुकूमत रही हो लेकिन जब भी हमारी सरकार (भाजपा) विदेश गई, वहां भारत का सिर ऊंचा करने का काम किया।

राजनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक भाषण का जिक्र करते हुए विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (राजीव गांधी) कहा था कि हम जनता के लिए राजकोष से 100 पैसा भेजते है, तो बड़ी मुश्किल से 15 पैसा आमजनों तक पहुंचता है और 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि उसके बावजूद कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में कोई भी प्रयास नहीं किया जबकि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने पहले ही कैबिनेट की बैठक में भ्रष्टचिरियों पर नकेल कसने की अपनी मंशा को साफ कर दिया था। यही कारण है कि आज हमारी सरकार केंद्र से यदि 100 पैसा जरूरतमंदों के लिए भेजती है तो 100 का 100 पैसा उन जरूरतमंदो की जेब तक पहुंच जाता है।

राजनाथ ने कहा कि यदि देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' सिस्टम को लागू कर दिया जाए तो जनता की गाढ़ी कमाई के चार लाख करोड़ रुपये की बचत हो जाएगी। किसानों को लेकर कहा कि हमारी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के हर छोटे और सीमांत किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। अंत में उन्होंने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और धनबाद विधायक राज सिन्हा को अपने समक्ष खड़े कर धनबाद की जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि धनबाद की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में धनबाद की छह की छह सीट भाजपा को जीता कर देती है और झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो वे एक बार पुनः धनबाद की धरा पर आकर शीश झुकाते हुए यहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त करेंगे।

## डिजिटल क्रांति के युग में कंप्यूटिंग क्षमता राष्ट्रीय क्षमता का पर्याय बन रही है : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत वाले तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान की सुविधा के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है और यह शोध और विकास को प्राथमिकता देकर देश की प्रगति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज का भारत संभावनाओं के अनंत क्षितिज में नए अवसर तलाश रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये सुपरकंप्यूटर देश के युवा वैज्ञानिकों को अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति के युग में, कंप्यूटिंग क्षमता राष्ट्रीय क्षमता का पर्याय बन रही है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था, व्यापार करने में आसानी, आपदा प्रबंधन क्षमता और जीवन जीने में आसानी ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जो सीधे तौर पर प्रौद्योगिकी और कंप्यूटिंग क्षमताओं पर निर्भर नहीं है। यह क्षेत्र उद्योग 4.0 में भारत की सफलता का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की हिस्सेदारी बिट्स और बाइट्स तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि टेराबाइट्स और पेटाबाइट्स तक विस्तारित होनी चाहिए। इसलिए आज का अवसर इस बात का प्रमाण है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आज का भारत दुनिया के बाकी देशों की क्षमताओं से मेल खाने भर से संतुष्ट नहीं रह सकता, बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से मानवता की सेवा करना अपना दायित्व समझता है।

अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर उद्योगों पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई प्रगति पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां भारत साहसिक निर्णय न ले रहा हो या नई नीतियां न ला रहा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के वैज्ञानिकों ने सीमित संसाधनों के साथ वही उपलब्धि हासिल की, जहां अन्य देशों ने अपनी सफलता पर अरबों डॉलर खर्च किए।

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर विकास का एक अनिवार्य तत्व बन गए हैं। उन्होंने इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भारत सेमीकंडक्टर मिशन के शुभारंभ का उल्लेख किया और छोटी अवधि में देखे गए सकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपना सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बना रहा है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान का वास्तविक उद्देश्य केवल नवाचार और विकास ही नहीं है, बल्कि आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करना भी है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने सियाचिन बेस कैंप का किया दौरा

# वीर जवानों के जज्बे की प्रशंसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा के प्रति उनके असाधारण योगदान की सराहना की।

राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है जो 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से बलिदान हुए हैं।

सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें उनपर गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रैल 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू होने के बाद से भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्हें गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में भी ये पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ अपने मोर्चे पर तैनात रहते हैं। वे मातृभूमि की रक्षा में त्याग और सहनशीलता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने जवानों से कहा कि सभी भारतीय उनके बलिदान और वीरता से परिचित हैं और हम उनका सम्मान करते हैं।

# सदन में बोले अरविंद केजरीवाल, मोदी भगवान नहीं... आप को बदनाम करने की साजिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय सत्र की शुरूआत हो चुकी है। आज सदन की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, विजेंद्र गुप्ता, समेत सभी विपक्षी विधायकों को सदन से मार्शल आउट किया गया। नेता प्रतिपक्ष और सभी भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसके कुछ देर बाद भाजपा विधायक सदन में आए। सदन में केजरीवाल ने भाजपा और पीएम मोदी को घेरा दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे और सिसोदिया को देखकर विपक्ष दुखी है। भाजपा वालों ने राजनीति का स्तर नीचे गिराया। मोदी ताकतवर हो सकते हैं लेकिन भगवान नहीं हो सकते। हमें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। हमारी कई योजनाओं को बंद किया गयाः केजरीवाल

दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने हमारी कई योजनाएं बंद कर दी। दिल्ली की जनता को परेशान किया जा रहा है। भाजपा की दिल्ली ठप करने की कोशिश है। मेरे जेल जाने पर दिल्ली के सभी कामों को रोक दिया गया। केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली में भाजपा 27 साल से वनवास काट रही है। दिल्ली की जनता वोट नहीं कर रही है। जनता को परेशान किया जा रहा है। हमने स्वास्थ्य और स्कूल पर काम किया। आप भी काम करें। जनता देख रही है। वोटिंग वाले दिन जनता बटन दबाकर ताकत दिखाएगी। हम दो-ढाई करोड़ लोगों को मिलकर दिल्ली बनानी हैः केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने सदन में कहा कि मैं जेल में गया तो सारे काम बंद करा दिए गए। दिल्ली की सड़कों का रिपेयरिंग का काम बंद किया गया। बस मार्शल भी हटा दिए। महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है, बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी। तीर्थ यात्रा को बंद कर दिया गया। लेकिन अब केजरीवाल आ गया है। हम सारे काम कराएंगे। आप भी तीर्थ यात्रा करके आए और शांत रहें। मैं अंत में यही कहना चाहता हूं कि हमारी दिल्ली बहुत खुबसूरत है। हमारी दिल्ली वाले दिल वाले हैं। हम दो ढाई करोड़ लोगों को मिलकर दिल्ली बनानी है। कोई जाति नहीं कोई पार्टी नहीं। काम रोक सही नहीं है। चुनाव के वक्त चुनाव लड़ेंगे और उसके बाद मिलकर काम करेंगे। दिल्ली की जनता के मन में दो बात हैं। केजरीवाल ईमानदार है और दूसरा केजरीवाल जनता के लिए काम करता है। ये उन दोनों बातों को चोट करना चाहते हैं। ये लोग दिखाना चाहते हैं कि फर्जी केस करके हमें जेल में डाला गया। इन लोगों ने सभी को जेल में डाला। पांच नेताओं को जेल में डाला। हमारी पार्टी अब भी खड़ी है। मैं चैलेंज करता हूं कि अपनी पार्टी के दो लोगों को जेल में डाल तो फिर देखों तुम्हारी पार्टी कहां खड़ी है। सदन में आप विधायक अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली में सीवर जाम की समस्या के पीछे एलजी जिम्मेदार है। सिविल डिफेंस की नौकरी जाने के पीछे भी वहीं जिम्मेदार है। हमारे गृह मंत्री ने आग्रह किया कि इन सिविल डिफेंस के कर्मचारियों को होम गार्ड के तौर पर भर्ती कर दीजिए। लेकिन इन्होंने ऐसा काम नही किया। वहीं, भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि मार्शल को पक्का करने की योजना सरकार ने क्यों नहीं बनाई। मार्शल को भर्ती करते समय उनकी जांच क्यों नहीं की। पीछे कई वीडियो आए जो गलत व्यवहार को दिखाते थे। एलजी ने होम गार्ड की भर्ती के लिए वेकेंसी निकाली है। अगर सरकार उनके पक्ष में है तो प्रस्ताव लेकर आना चाहिए।

आप विधायक मदन लाल ने कहा कि दिल्ली में सिविल डिफेंस कर्मी की भर्ती से पहले आधिकारियों ने उनकी जांच की थी। आज तक किसी भी सिविल डिफेंस कर्मी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली। भाजपा के विधायक उनपर सवाल उठा कर उनके चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं।

आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली के बस मार्शलों को अरविंद केजरीवाल ने डीटीसी बसों में माताओं-बहनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी। इसके बाद, कोरोना काल में इन्हीं मार्शलों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा की।

लेकिन साल 2023 में भाजपा के एलजी द्वारा पहले बस मार्शलों का वेतन रोका गया, और फिर एक झटके में उपराज्यपाल ने हजारों बस मार्शलों को नौकरी से निकाल दिया। नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के 10 हजार बस मार्शल की भर्ती के दौरान उनके सपने को तोड़ा गया। मैं प्रस्ताव पेश कर रहा हूं। जिन्हें लगाया गया था। उन सभी को फिर से वापस लाएगा जाए। मार्शल को पता लगना चाहिए की किस ने उन्हें हटाया है।

## डीयू में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी की अध्यक्षता में स्वच्छता का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रो. बलराम पाणी ने कहा कि स्वच्छता के लिए थ्यूरिकल नहीं बल्कि प्रैक्टिकल कार्य की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारा निजी कर्तव्य है, जिसे हमें खुद निभाना होगा। हमें सबसे पहले अपने आसपास की स्वच्छता पर खुद ध्यान देना चाहिए। 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में डीन अकादमिक प्रो. के. रत्नाबली, डीन प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रंजन त्रिपाठी, प्रो. राजेश कुमार आदि सहित अनेकों शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने शपथ ली की हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे और अन्य 100 व्यक्तियों को भी यह शपथ करवाएँगे।

## नहर में दोस्त को दिया धक्का, डूबने से हुई मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 12वीं कक्षा के एक छात्र को उसके ही पड़ोस में रहने वाले एक दोस्त ने मुनक नहर में धक्का मारकर गिरा दिया। नहर में डूबने से छात्र की मौत हो गई। मृतक की बहन की शिकायत पर विजय विहार थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर एक मुख्य आरोपित समेत दो नाबालिगों को पकड़ा है। शुरूआती जांच में पता चला कि मृतक दोस्तों के साथ नहर में नहाने आया था। आरोप है कि नहर के किनारे छात्र खड़ा था, तभी इनमें से एक दोस्त ने उसे नहर में धक्का दे दिया। गोताखोरों की मदद से छात्र का शव नहर से बरामद कर अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। रोहिणी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि 24 सितंबर की रात करीब 11 बजे विजय विहार थाने को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें एक महिला ने जानकारी दी कि कुछ लड़कों ने उनके भाई को मुनक नहर में धक्का दिया गया है। महिला के घर पहुंची पुलिस को बताया कि उनका भाई विशाल रोहिणी के एक स्कूल में 12वीं का छात्र था। सुबह घर से स्कूल के लिए निकला था। जो वापस घर नहीं आया। महिला ने कहा कि उनके भाई को सुबह इलाके के ही एक लड़के ने मुनक नहर में धक्का दिया था। पुलिस ने तुरंत छात्र को तलाशने के लिए गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कुछ ही देर बाद छात्र का शव नहर से मिला। पुलिस जांच में पता चला कि विशाल परिवार के साथ विजय विहार फेज-1 में रहता था। परिवार में पिता, मां, एक बहन और एक भाई है। पिता राजीव गांधी कैंसर अस्पताल में कैंटीन चलाते हैं। पुलिस अधिकारी का कहना है कि धक्का देने का जिस पर आरोप है लगा है, वह स्कूल से अपनी पढ़ाई छोड़ चुका है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के कामकाज पर खड़े किए सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को विधानसभा सत्र की शुरूआत से पहले मुख्यमंत्री आतिशी के कामकाज पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की विधानसभा का दो दिवसीय 5वां सत्र शुरू हो रहा है, लेकिन सत्र के दौरान किन मुद्दों पर चर्चा होगी, इसकी जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है। देवेन्द्र यादव ने पूछा कि दिल्ली की जनता जानना चाहती है कि सीएजी की रिपोर्टस कब सदन में पेश की जाएंगी? उन्होंने कहा कि सरकार ने जिन रिपोर्ट्स को सदन के पटल पर नहीं रखा है, उनमें राज्य वित्त आयोग, वायु प्रदूषण बचाव, सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा एवं सेवाएँ, रेगुलेशन एंड सप्लाई ऑफ लिकर, चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन, रेवन्यू इन इकॉनॉमिक, सोशल एंड जनरल सेक्टर्स एंड पीएसयूज, दो फाइनेंस अकाउंट्स और दो एप्रोप्रियेशन अकाउंट्स जैसी अहम रिपोर्ट्स शामिल कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी रिपोर्ट्स में छिपी सच्चाई से डरी हुई है। उन्होंने पूछा कि कहीं इन रिपोर्ट्स में ऐसी सच्चाई तो नहीं छिपी जिससे उनकी भ्रष्ट सरकार की पोल खुल जाएगी? अगर आम आदमी पार्टी ईमानदार है और छिपाने को कुछ नहीं है।

## लक्ष्मीबाई मूर्ति मामले में आम आदमी पार्टी संप्रदायिकता जहर घोल रही है : वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर संप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता संजय सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थानांतरण मामले में झूठ बोला है। सांसद संजय सिंह की ओर से लगाए गए आरोपों पर जवाब देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी सत्तालोलुप और सांप्रदायिकता की राजनीति करते हुए देश की गरिमा तक को धूमिल कर रही है, यही इनका वास्तविक चरित्र है। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में वीरेन्द्र सचदेवा ने आगे कहा कि संजय सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थानांतरण पर झूठ बोला है। मूर्ति को हटवाने का प्रस्ताव दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग एवं दिल्ली नगर निगम का है, जिस पर आआपा काबिज है। आम आदमी पार्टी रानी झाँसी रोड़ प्रोजेक्ट का विरोध करने वाली एक साम्प्रदायिक संस्था के ऐजेंडे पर काम कर रही है। वह एक वीरांगना के नाम पर साम्प्रदायिकता का जहर घोल रही है। इस संस्था को दिल्ली हाई कोर्ट की फटकार भी लग चुकी है। यह आआपा की निकृष्ट मानसिकता को दिखाता है। भाजपा का कहना है कि लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता द्वारा बुरी तरह नाकारी जा चुकी आम आदमी पार्टी अब विधानसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यक बहुल सीटों को जीतने के लिए प्रदेश का साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। उल्लेखनीय है कि रानी झांसी रोड़ पर स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की बड़ी मूर्ति लगाने का प्रस्ताव है। इसके खिलाफ वक्फ के लोग दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं लेकिन उन्हें वहां से फटकार मिली।न्यायाधीश ने कहा कि स्वतंत्रता की वीरांगना किसी धर्म या सम्प्रदाय की नहीं बल्कि देश की होती हैं। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया था कि वह रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति का स्थानांतरण की राजनीति कर रही है।

## सड़कों के लंबित कामों को जल्द पूरा किया जायेगा : केजरीवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी( आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके जेल जाने के बाद सड़कों के काम लंबित पड़े हैं उन्हें जल्द पूरा किया जायेगा। श्री केजरीवाल में मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद आज पत्रकारों से कहा, मैं दिल्ली के लोगों से कहना चाहता हूं कि चिंता न करें। मैं आ गया हूं और हम सभी लंबित काम शुरू करेंगे। अभी हम दिल्ली विश्वविद्यालय में खड़े हैं। यहां की सड़क टूटी हुई है। मैंने मुख्यमंत्री आतिशी से बात की है, इसे जल्द ठीक किया जाएगा।

दिल्ली की अन्य सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी। उन्होंने कहा, कुछ दिनों पहले भाजपा के एक नेता से मिला। मैंने उनसे पूछा कि मुझे गिरफ्तार कर आप लोगों को क्या फायदा हुआ? उनके जवाब सुनकर भौचक्का रह गया। उनका मकसद सरकार को अस्थिर करके दिल्ली की जनता के कामों को रोकना था। अब मैं, दिल्ली वालों से कहने आया हूं कि मैं जेल से बाहर आ गया हूं. जनता का कोई काम नहीं रुकने दूंगा. दिल्ली के सभी रुके हुए काम तीव्र गति से पूरे किए जाएंगे।

## एमसीडी सदन में हुआ जोरदार हंगामा

### मेयर ने पांच अक्टूबर तक कार्यवाही की स्थगित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निगम की स्थायी समिति में भाजपा को बहुमत मिलने या फिर भाजपा व आप के सदस्यों की संख्या बराबर रहने के संबंध में बृहस्पतिवार को सदन की बैठक में जोरदार हंगामा हुआ। एमसीडी सदन की बैठक में मेयर फिर पहुंची। जिसके बाद उन्होंने 5 अक्टूबर तक सदन को स्थगित कर दिया है। एमसीडी सदन के बाहर सबसे पहले हंगामा शुरू हुआ। दिल्ली पुलिस पार्षदों को मोबाइल फोन सदन में नहीं ले जाने दे रही है। इसके विरोध में आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी का एक भी पार्षद अंदर नहीं आया है जबकि भाजपा पार्षद और अधिकारी अपनी सीटों पर बैठ चुके थे। मेयर भी सदन में नहीं पहुंची है। जबकि दो बजे साजन की बैठक शुरू होनी चाहिए थी। मेयर ने निगम आयुक्त और निगम सचिव को आदेश दिया कि बाहर खड़े पार्षदों की बिना जांच के सदन के अंदर एंट्री कराई जाए। उन्होंने पार्षदों की जांच करने की प्रक्रिया का विरोध किया। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों की छवि को ठेस पहुंचाने वाला कदम बताया। जिसके बाद सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थापित कर दी गई। निगम आयुक्त ने मेयर के जाने के बाद कहा कि सदन के अंदर मोबाइल फोन लाना अलाउड नहीं है। इस बारे में सभी पार्षदों को पहले अवगत करा दिया गया था। सदन के अंदर चुनाव होना और इसकी गोपनीयता बनाए रखना बहुत जरूरी है। आम आदमी पार्टी के पार्षद सदन में मोबाइल फोन लाने पर अड़े हुए हैं और पुलिस उन्हें मोबाइल फोन अंदर ले जाने नहीं दे रही है। सदन की बैठक में भाजपा के सभी पार्षद बिना फोन पहुंचे। 20 मिनट के बाद एमसीडी सदन की बैठक में मेयर फिर पहुंची। मेयर ने कहा कि सदन की बैठक में मोबाइल लाने पर प्रतिबंध नहीं होना चाहिए।

## नगर निगम स्थायी समिति चुनाव प्रक्रिया से कांग्रेस पार्षद अपने आपको अलग रखेंगे : देवेन्द्र यादव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के एक सदस्य के चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच लगातार जारी सत्ता संघर्ष में पार्षदों की खरीद फरोख्त हो रही है। कांग्रेस पार्षद स्थायी समिति के सदस्य के चुनाव में दोनों दलों से दूरी बनाकर रखी। उन्होंने कहा कि दोनो पार्टियां की जनता के लिए काम करने और उनकी समस्याओं के प्रति जवाबदेही बनती है, जबकि पिछले 19 महीनों में आपस में लड़ाई के अलावा कुछ नही हुआ है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के साथ विचार विमर्श के बाद कांग्रेस पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि सत्ता संघर्ष की लड़ाई में दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के सदस्य की चुनाव प्रक्रिया से कांग्रेस पार्षद अपने आपको अलग रखेंगे। जनता के कल्याण करने की विचारधारा और आदर्शों पर चलने कांग्रेस पार्टी के निगम पार्षद जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने का फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षद क्रास वोटिंग करते है और कांग्रेस पार्षदों को बदनाम करने की कोशिश करते है कि उन्होंने आम आदमी पार्टी अथवा भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के सदस्य के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की स्थिति स्पष्ट करने के लिए प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने संबोधित किया। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व मेयर फरहाद सूरी, निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश, निगम पार्षद मंदीप सिंह, हाजी जरीफ, समीर मंसूरी, शीतल, अरीबा खान, शगुफ्ता चौधरी, सबिला बेगम और नाजिया खातून शामिल थी। संवाददाता सम्मेलन में भी प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और फरहाद सूरी सहित सभी निगम पार्षद मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सत्ता संघर्ष लगातार जारी है और निगम में सदन लोगों की समस्याओं के होता है परंतु इनके बीच घमासान के कारण हर बार सदन स्थगित हो जाता है और दिल्ली की समस्याओं पर कोई हल नही निकल पाया है।

## एक नजर

### बदमाशों ने पुलिस पर की दनादन फायरिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी जिला के पंजाबी बाग इलाके में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चलाने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 8:30 बजे पंजाबी बाग इलाके में स्पेशल स्टाफ की टीम ने संदिग्ध बाइक देखी। इस पर युवक सवार थे। युवकों के नहीं रुकने पर टीम ने उनका पीछा किया। नाला रोड, ख्याला पर पुलिस कर्मचारियों ने संदिग्ध बाइक को ओवरटेक किया और रुकने को कहा। जब वे नहीं रुके तो पुलिस टीम ने उन्हें बाइक से टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों ने हथियार निकाल कर पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें दोनों संदिग्धों को गोली लग गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। शुरूआती जांच में घायलों की पहचान विकास और रमेश के रूप में हुई है। इनके पास से पिस्टल, खंजर और चोरी की बाइक बरामद की है। इनके कई आपराधिक मामलों में शामिल होने की बात सामने आई है।

### धूल मुक्त दिल्ली अभियान शुरू, हजारों टन निकाली गई गाद और मलबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में उपराज्यपाल के निर्देश के बाद धूल मुक्त दिल्ली अभियान शुरू हो गया है। इसके तहत एमसीडी ने 24 और 25 सितंबर को सड़कों से 1653.73 मिट्रिक टन गाद और कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलीशन वेस्ट यानी मलबे को हटाया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 20 सितंबर को दिल्ली में वायु प्रदूषण का जायजा लेने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी।

इसमें उन्होंने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अग्रिम तैयारियों पर जोर दिया था। साथ ही एक सप्ताह में ह्यधूल मुक्त दिल्ली अभियान चलाने को कहा था। उन्होंने अभियान को एक साल तक चलने वाले अभियान में बदलने को भी कहा था। इसको एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, एनडीएमसी आदि एजेंसियों को निर्देश दिए गए थे। इसके बाद एमसीडी ने सभी 12 जोन से गाद औार मलबा को हटाने का काम अपने हाथ में लिया। 24 सितंबर को 404.65 और 25 सितंबर को 1249.08 मिट्रिक टन गाद और मलबा हटाया। इसमें से अधिकतर कचरा शाहदरा दक्षिण जोन से हटाया गया।। दूसरे नंबर पर केशवपुरम जोन रहा। इस मलबे को डंपिग साइट पर जमा किया गया है, जहां जैव उपचार के लिए इसे दोबारा से प्रोसेस किया जाएगा।

### तिहाड़ वसूली कांडः जेल पहुंची सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली की अन्य जेलों में चल रहे कथित जबरन वसूली रैकेट मामले में महाठग सुकेश चंद्रशेखर के बयान दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सीबीआई ने तिहाड़ जेल और दिल्ली की अन्य जेलों से जबरन वसूली रैकेट की प्रारंभिक जांच के सिलसिले में कार्रवाई की।

सीबीआई ने कोर्ट से पूछताछ के लिए इजाजत मांगी थी। बता दें कि चंद्रशेखर ने साल 2022 को अपने वकील के माध्यम से सीबीआई निदेशक के पास तत्कालीन जेल महानिदेशक संदीप गोयल पर जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। साथ ही शिकायत भी दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि दो वरिष्ठ जेल अधिकारियों ने सुरक्षा और सुविधाओं के लिए 12.5 करोड़ रुपये की जबरन वसूली की थी।

### आप विधायक की बढ़ी मुश्किलें, जल बोर्ड कर्मचारी के साथ मारपीट करने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में 'सीवेज पंपिंग स्टेशन' पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के एक कर्मचारी के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि कल्याण विहार सीवेज पंपिंग स्टेशन पर क्षेत्रीय सहायक के रूप में काम करने वाले 59 वर्षीय सतपाल सिंह की शिकायत पर बुधवार को मॉडल टाउन पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के अनुसार, सिंह ने शिकायत की कि वह सीवेज पंपिंग स्टेशन पर काम कर रहे थे, तभी विधायक 20-25 लोगों के साथ वहां पहुंचे और उनसे पूछा कि पंप क्यों नहीं चल रहा है।

जल बोर्ड के कर्मचारी के साथ की बदसलूकी एफआईआर में कहा गया है कि जब सिंह ने जवाब दिया कि पंप पहले से ही चालू है, तो बहस शुरू हो गई। प्राथमिकी के अनुसार, इसी दौरान विधायक ने दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारी को कथित तौर पर थप्पड़ मारा और जूतों से उसकी पिटाई की। सिंह ने पंपिंग स्टेशन के अन्य कर्मचारियों की मदद से घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि विधायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, 132, 121 (1) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जानवरों के शोषण के खिलाफ जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जानवरों के शोषण के खिलाफ मर्सी फॉर एनिमल्स इंडिया ने गुरुवार को जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पशु प्रेमी कार्यकर्ता हाथों में बैनर, पिंजरे में बंद मुर्गी, जेस्टेशन क्रेट्स में बंद सूअर और छोटी रस्सी से बंधी भैंस की वेशभूषा में आए हुए थे। जो खाद्य उद्योग में जानवरों के प्रति क्रूरता को दिखाने का प्रयास कर रहे थे।

वहीं, उन्होंने जानवरों के लिए समानता और न्याय की मांग के लिए बैनर व तख्तियों ली हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भोजन के लिए पाले गए सभी जानवरों के साथ दुर्व्यवहार और शोषण किया जा रहा है। इस दौरान संगठन के आयोजन समन्वयक कुशल समद्दर ने कहा कि उनका लक्ष्य समानता पर संवाद को व्यापक बनाना है, जिसमें वह चाहते हैं कि सभी जानवरों को भी शामिल किया जाए, जिन्हें अक्सर न्याय और अधिकारों की चर्चा में नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि डेयरी और मांस के लिए मवेशियों को जबरन गर्भधारण और उनके बछड़ों से दर्दनाक अलगाव का सामना करना पड़ता है। मादा सूअरों को ऐसे पिंजरे में रखा जाता है जो इतने छोटे होते हैं कि वे मुड़ भी नहीं सकती हैं, जिससे उन्हें गंभीर शारीरिक और मानसिक परेशानी होती है।

### भाजपा विधायकों ने किया मॉक असेम्बली का आयोजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर तानाशाही और मनमाने तरीके से विधानसभा चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप सरकार के शासन में भाजपा विधायकों को जनहित के मुद्दे विधानसभा में उठाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। गुप्ता ने इसे लोकतंत्र की हत्या करने का कुत्सित प्रयास बताया। दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय सत्र आज जैसे ही आरंभ हुआ, भाजपा के पांच विधायकों ने गरीबों को 90 हजार राशन कार्ड जारी न करने, गंदे पानी की आपूर्ति, बिजली के नए कनेक्शन न देने एसडीम ऑफिस को गांधीनगर से विवेक विहार स्थानान्तरित करने जैसे जनहित के मुद्दों पर चर्चा शुरू करने की मांग की। स्पीकर द्वारा इसकी अनुमति न देने पर भाजपा विधायको ने विरोध स्वरूप स्पीकर ऑफिस के बाहर 'मॉक विधानसभा' का आयोजन किया और इसमें वरिष्ठ भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा को स्पीकर मनोनीत कर सभी विधायकों ने 280 के अंतर्गत अपने अपने जनहित के मुद्दों को मॉक असेम्बली में प्रस्तुत किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली के मार्शलों के साथ किया गया धोखा पूरे देश के सामने है।

# विश्व हृदय दिवस: फोर्टिस हॉस्पीटल के हृदय रोग विशेषज्ञों ने जारी की चेतावनी

## युवाओं में बढ़ रहे हैं हृदय रोग, महिलाएं और पुरुष दोनों को है बराबर का खतरा

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** कुछ समय पहले तक ऐसा माना जाता था कि हार्ट अटैक का खतरा केवल बुजुर्गों को रहता है, लेकिन इधर देखने में आ रहा है कि युवाओं में भी, खासतौर से 30 से 40 साल की उम्र के लोगों को भी हृदय रोग प्रभावित कर रहे हैं। बेशक, दुनियाभर में हृदय रोगों का खतरा बढ़ा है लेकिन भारत में पिछले पांच वर्षों के दौरान ये काफी बढ़े हैं। अचानक हार्ट अटैक और अन्य हृदय रोगों के बढ़ने का कारण हमारा तेज रफ्तार जीवन और खराब लाइफस्टाइल है। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा के डॉक्टरों ने आज अस्पताल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस चिंताजनक रुझान की ओर लोगों का ध्यान खींचा है और ऐसे युवा हृदय रोगियों के उदाहरण भी दिए जो अचानक हार्ट अटैक के शिकार बन चुके हैं। डॉ अजय कौल, चेयरमैन, कार्डियाक साइंसेज, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा , हाल के वर्षों में, भारत में युवा आबादी के बीच हृदय रोगों के मामले बढ़ रहे हैं, और खासतौर से 30 से 40 साल की आयुवर्ग के लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। आमतौर पर, हृदय रोगों के बारे में यह धारणा थी कि ये रोग केवल अधिक उम्र के वयस्कों को ही प्रभावित करते हैं। लेकिन हाल के अध्ययनों से यह चिंताजनक तस्वीर उभरी है कि अब अधिक युवा भारतीय हार्ट अटैक तथा अन्य कार्डियोवास्क्युलर रोगों के शिकार बन रहे हैं। इसका कारण काफी हद तक लाइफस्टाइल में बदलाव होना है जो खानपान की खराब आदतों, व्यायाम रहित जीवनशैली, और बढ़ते तनाव का परिणाम है। युवा वयस्कों में बढ़ रहे हृदय रोगों के मद्देनजर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और डिस्लिपीडेमिया (खून में लिपिड की मात्रा असामान्य होना) की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। रूटीन हेल्थ चेकअप के दौरान समय पर रोगों के पकड़ में आने की संभावना बढ़ जाती है और रोगों का बेहतर तरीके से उपचार हो पाता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। डॉ संजीव गेरा, डायरेक्टर एंड एचओडी, कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा , हम हर साल करीब 70 से 80 हृदय संबंधी रोगों के मामले देख रहे हैं। हाल में हमने 30 से 40 साल की उम्र के कुछ युवा मरीजों का उपचार किया, इन सभी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल में भर्ती होने के तुरंत बाद ही, उनकी पूरी जांच की गई और तत्काल उपचार किया गया। इन मरीजों को उपचार से फायदा पहुंचा और अब वे सामान्य जीवन बिता रहे हैं। देखा गया है कि युवाओं में बढ़ते हृदय रोगों के पीछे बढ़ता तनाव और व्यायामरहित जीवनशैली मुख्य रूप से जिम्मेदार है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान वे मरीज भी मौजूद थे जिन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा था और उनका फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा में इलाज किया गया। पहला मामला 37 साल की एक महिल का था जो करीब एक सप्ताह तक छाती में बेचैनी की शिकायत के बाद फोर्टिस नोएडा के आपातकालीन विभाग में भर्ती हुई थीं। मेडिकल जांच से पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और कोरोनरी एंजियोग्राफी में उनकी रक्तवाहिकाओं के ब्लॉक होने का पता चला। अस्पताल में उनका इलाज एक नई टेक्नोलॉजी डीसीबी (ड्रग कोटेल बैलून) से किया गया ताकि उनके शरीर में स्टेंट या किसी प्रकार की धातु न डालनी पड़ी। सर्जरी के बाद मरीज अब रिकवर हो चुकी हैं और उन्हें 3 दिन बाद ही स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।




### गैंगस्टर सहित चार बदमाश गिरफ्तार, अवैध हथियार और मादक पदार्थ बरामद

**नोएडा, एजेंसी।** सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने विभिन्न जगहों से एक गैंगस्टर सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से अवैध हथियार और मादक पदार्थ बरामद किए हैं। सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बुधवार रात को एक सूचना का आधार पर उपनिरीक्षक भारत सिंह ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत वांछित रवि शर्मा को गिरफ्तार किया और उसके पास से एक देसी तमंचा तथा कारतूस बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि शर्मा के खिलाफ ईकोटेक-3 थाने में गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था, जो गिरोह बनाकर लूटपाट करता था। शर्मा के गिरोह में शामिल कोमल, रवि शर्मा, सचिन, ताजुद्दीन, मोहम्मद फारूक, साका, तौफीक के खिलाफ भी एक फरवरी, 2024 को गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने चोरी करने की नीयत से घूम रहे हसन अली को संतोष नगर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर अली के पास से एक चाकू बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि सिंह ने ग्रेटर नोएडा की एक सोसायटी के पास से विष्णु नामक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया जो सोसायटी के लोगों को मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के इरादे से वहां आया था। पुलिस ने उसके पास से 650 ग्राम गांजा जब्त किया।

## एक नजर

### मोबाइल फोन लूटने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-126 पुलिस ने चोरी की बाइक पर सवार होकर राहगीरों से मोबाइल फोन लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटे गए चार मोबाइल फोन और चोरी की बाइक बरामद हुई। एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिम बंगाल निवासी सरजीत पांडेय ने सेक्टर-126 पुलिस को सूचना दी कि वह 23 सितंबर की रात करीब 10 बजे सेक्टर-94 स्थित पोस्टमार्टम हाउस के निकट फोन पर बात कर रहे थे, तभी बाइक सवार दो लुटेरे आए और उनका मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लुटेरों की तलाश में टीम को लगाया।

टीम ने गुरुवार को गोविंदगढ़ राजस्थान निवासी राहुल और पौढ़ी गढ़वाल उत्तराखंड निवासी अशोक को रायपुर तिराहे के पास पुश्ता रोड से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह राह चलते लोगों की रेकी करते हैं और मौका पाकर उनसे मोबाइल फोन छीन लेते हैं। वह अपने पास एक बाइक रखते थे। बाइक से ही लूट की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से बरामद मोबाइल फोन के पीड़ितों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### कार की टक्कर से ऑटो सवार ने दम तोड़ा, दो लोग घायल

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में मोजर बेयर गोल चक्कर के समीप तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो सड़क पर पलट गया और हादसे में ऑटो में सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक मोजर बेयर गोल चक्कर के समीप मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि दो लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आईं। मृतक की पहचान सुमाईल निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई। पिता लईक ने बताया कि उनका बेटा सुमाईल नोएडा फेज-2 स्थित कंपनी में नौकरी करता था। वह परी चौक से ऑटो में सवार होकर कंपनी जा रहा था। इसी बीच रास्ते में सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में पिता लईक ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### लोनी में 20 करोड़ की भूमि को कब्जामुक्त कराया

**लोनी, एजेंसी।** रामपार्क कॉलोनी के पार्क की 20 करोड़ रुपये की भूमि पर कब्जा कर चारदीवारी बना ली गई। गुरुवार को नगर पालिका और राजस्व विभाग की टीम ने उसे ध्वस्त कर दिया। वसुधा एसोसिएट कंपनी ने करीब छह दशक पूर्व रामपार्क कॉलोनी विकसित की थी। कंपनी के पार्टनर सुरेंद्र त्यागी के पुत्र शांतनु त्यागी का आरोप है कि एक पार्टनर के वंशज ने भूमाफिया के साथ मिलकर रामपार्क कॉलोनी की फर्जी पावर अटॉर्नी बना ली। उसके आधार पर कुछ भूमाफिया कॉलोनी के सी ब्लाक में बने पार्क की करीब 20 करोड़ रुपये की चार हजार वर्गगज भूमि पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को भूमाफिया ने जमीन पर चारदीवारी बना ली थी। गुरुवार को नगर पालिका और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से बनाई गई चारदीवारी को ध्वस्त कराकर भूमि को कब्जामुक्त करा लिया। शांतनु त्यागी का आरोप है कि जब तक भूमाफिया के खिलाफ केस दर्ज नहीं होगा, वह भूमि पर कब्जे का प्रयास करते रहेंगे।

### पाली और अजायबपुर गांव के किसानों को आज प्लॉट मिलेंगे

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** जमीन अधिग्रहण से प्रभावित पाली और अजायबपुर गांवों के किसानों का छह फीसदी के विकसित प्लॉट पाने का इंतजार आज यानी शुक्रवार को खत्म हो जाएगा। इन दोनों गांवों के किसानों को ड्रॉ के माध्यम से प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। इसकी सूची तैयार कर ली गई है। डिप्टी कलेक्टर जितेंद्र गौतम ने बताया कि 27 सितंबर को ड्रॉ के माध्यम से पाली और अजायबपुर के किसानों को आबादी प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। अजायबपुर गांव के 18 पात्र किसानों को अलग-अलग साइज के प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। वहीं, पाली गांव के 61 किसानों को उनकी पात्रता के हिसाब से प्लॉट आवंटित किए जाएंगे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की हालत गंभीर

**लोनी, एजेंसी।** मीरपुर हिंदू गांव निवासी टिंकू शर्मा ने बताया कि 20 सितंबर को उसका भाई सनी बाइक से गांव आ रहा था। पुस्ता रोड पर कार सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के ट्रामा सेंट में भर्ती कराया गया है। बीते छह दिन से वह कोमा में हैं। पुलिस ने टिंकू शर्मा की तहरीर पर कार के नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच चल रही है।

### छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप में वैन चालक गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में स्कूल वैन के चालक द्वारा पांचवीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। स्कूल जाने से कतराने पर परिजनों ने पूछा तो उसने चालक की करतूत बताई। पुलिस का कहना है कि छात्रा के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कविनगर थानाक्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति की बेटी नेहरू नगर स्थित एक स्कूल में पांचवीं कक्षा की छात्रा है।

पिता के मुताबिक बेटी को घर से स्कूल लाने-ले जाने के लिए उन्होंने स्कूल की वैन लगाई हुई है। पिछले कुछ दिनों से बेटी स्कूल जाने से कतरा रही थी। उन्होंने शुरूआत में बच्चों की आदत समझकर ध्यान नहीं दिया। हाल ही में बेटी स्कूल वैन में जाने से मना करने लगी। इस पर उन्होंने पत्नी को बेटी से बात करने के लिए कहा। पत्नी के पूछने पर बेटी ने बताया कि स्कूल वैन का चालक उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करता है। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता है। इसके बाद कविनगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी वैन चालक मुरादनगर निवासी अरूण को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### तेज रफ्तार पिकअप और बाइक भिड़ी, एक की मौत

**मुरादनगर, एजेंसी।** रावली-सुराना मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की भिड़त हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गांव सुठारी निवासी तरुण दोस्त के हिमांशु के साथ बाइक से मुरादनगर से गांव सुठारी जा रहा था। रावली-सुराना मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तो सामने से आ रही पिकअप से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। गुरुवार सुबह चार बजे तरुण की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर चालक आमिर निवासी गांव नेकपुर को गिरफ्तार कर लिया । वहीं, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दुहाई के पास ट्रक टायर से 43 वर्षीय चालक रविंद्र निवासी गांव गाजीपुर थाना सिकंदराबाद बुलंदशहर गिट्टी निकाल रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। गंभीर हालात में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# श्रीरामलीला की तैयारियां जोरों से शुरू



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** बजरंग रामलीला संचालिका समिति द्वारा सेक्टर 12 स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय में रामलीला मंचन की तैयारियां तेजी के साथ शुरू हो गई हैं। मंच का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मंचन के स्थान को चारों तरफ से घेरा जा रहा है। इस बार 50 फीट लंबा मंच बनाया जा रहा है। मंच की ऊंचाई 4 फिट होगी और चौड़ाई 35 फीट होगी। बजरंग रामलीला संचालिका समिति के निमार्ता/निर्देशक अशोक कुमार पांडेय और सचिव एवं मीडिया प्रभारी विनय जोशी ने बताया कि इस साल रामलीला का मंचन काफी ज्यादा रोचक और रोमांचक होगा। स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया जाएगा। रामलीला मंचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी ज्यादा पुख्ता रहेगी। लोगों के बैठने की व्यवस्था को भी बढ़ाया गया है। इस बार 2 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। लोगों के खाने-पीने के लिए फूड स्टाल रहेगा और लोगों की सुरक्षआ के लिए प्राइवेट सुरक्षा गार्ड और नोएडा पुलिस की भी व्यवस्था रहेगी। इसके साथ-साथ बजरंग रामलीला संचालिका समिति के लगभग 100 वॉलंटियर लोगों को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य करेंगे। 28 सितम्बर को निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा बजरंग रामलीला संचालिका समिति द्वारा आयोजित रामलीला 3 अक्टूबर से शुरू होकर 13 अक्टूबर तक चलेगी।

28 सितम्बर को बजरंग रामलीला संचालिका समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा शहर के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए सेक्टर 12 स्थित रामलीला मैदान तक पहुंचेगी। 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। बजरंग रामलीला संचालिका समिति द्वारा दशहरा उत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खुले मंच पर दिखाया जाएगा। 13 अक्टूबर को श्रीराम और भरत मिलाप के साथ रामलीला मंचन का समापन होगा।

# दक्षिण भारत के ग्रामीण अंचलों में रणबीर सिंह सोलंकी का भव्य स्वागत



पश्चिमी दिल्ली के पालम विधानसभा तथा दिल्ली गांव देहात की समस्याओं को उजागर करने एवम सरकार तक उनकी आवाज को पहुंचाने वाले रणबीर सिंह सोलंकी को उनके कार्यों को देखते हुए दक्षिण भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने आमंत्रित कर स्वागत स्वागत किया। अपने कई दिन के दक्षिण भारत का दौरा करते हुए कर्नाटक राज्य के बिदर लोकसभा एवम बसावाकल्याण विधानसभा के अंतर्गत किसान भाई बसव राज बिरादर तथा उनकी धर्मपत्नी ललिता बिरादर ने श्री रणबीर सिंह सोलंकी एवम उनकी पत्नी प्रेमवती सोलंकी को महात्मा विश्वगुरु बसवेश्वर जी की प्रतिमा एवम अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इन लोगों के साथ बसाव कल्याण ताल्लुक के बीजेपी तालुका अध्यक्ष शिवपुत्र गोरकर तथा समाज सेवी बसवराज गुरु डे एवम महादेव चिंचाले गजानन भाल के सभी संभ्रांत लोगों ने अपने इस अतिथि रणबीर सिंह के आगमन की सूचना प्राप्त होते ही भव्य एवम गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उद्योगपति शरण रेड्डी, हमनाबाद एवम किसान भाई बसवा राज ने कहा कि भाई रणबीर सिंह सोलंकी अपने क्षेत्र के जाने माने ऐसे समाज सेवी है जिन्होंने हमेशा असहाय एवम निर्बल लोगों के हक की लड़ाइयां लड़ी है। हमे अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिए इनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर युवा अभिषेक बिरादर एवम इनके सहयोगियों भी उनके स्वागत के लिए उपस्थित थे। रणबीर सिंह सोलंकी चेयरमेन (फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट वेलफेयर फोरम) व राष्ट्रीय अध्यक्ष (राष्ट्रीय युवा चेतना मंच भारत) ने बिदर्व वासियों का धन्यवाद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों व प्रतिष्ठित समाजसेवियों ने रणबीर सिंह सोलंकी को किया सम्मानित

**ऋषि तिवारी**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के पालम विधानसभा के निवासी विख्यात समाजसेवी रणबीर सिंह सोलंकी को दक्षिण भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के संगठनों, समाजसेवियों एवम किसानों ने आमंत्रित किया जिसके चलते उन्होंने कई ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा किया साथ ही वहा की संस्कृति, रीति रिवाज एवम कार्यशैली को समझा। अपने कई दिनों के दक्षिण भारत का दौरा करते हुए कर्नाटक राज्य के बिदर लोकसभा के बसवकल्याण तालुका में विश्व विख्यात ब्रह्मकुमारी संस्था की बहनों तथा प्रतिष्ठित समाज सेवी बसवराज मरूड़े ने धर्मपत्नी व सहयोगियों समेत श्री रणबीर सिंह सोलंकी का स्वागत एवम आदर सत्कार कर भगवान लड्डू गोपाल की प्रतिमा साथ अंगवस्त्र तथा उनकी धर्मपत्नी प्रेमवती सोलंकी को साड़ी भेट देकर एवम पुष्पमाला पहना सम्मानित किया। आप भी सोच रहे होंगे की दिल्ली के पालम विधानसभा निवासी को दक्षिण भारत या देश के अन्य राज्यों के लोग कैसे जानते है तो हम आपको बता दे की विख्यात समाजसेवी रणबीर सिंह सोलंकी लगभग 40 वर्षो से अपना जीवन समाज सेवा को समर्पित कर रखा है साथ ही देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के कार्यकर्ता रहते हुए कई महत्वपूर्ण पदों की भूमिका भी



निभाई साथ ही दक्षिण व पश्चिम जिला, दिल्ली के असहाय, निर्बल, बेसहारा आदि समुदाय की सेवा नर सेवा नारायण सेवा समझ करते आ रहे है जिसके बारे में समय समय पर राष्ट्रीय अखबारों, चैनलों व सोशल मीडिया द्वारा पूरे भारतवर्ष वासियों को इनके किए गए कार्यों के बारे में ज्ञात होता रहता है एवम वह उनसे अरसे से जुड़े हुए है जिससे अपने क्षेत्र की समस्या, सुविधाओं के विषय में चर्चा करते रहते है साथ इनसे मार्गदर्शन लेते रहते है। वहा उपस्थित सभी स्थानीय एवम प्रतिष्ठित लोगो के समक्ष श्री रणबीर सिंह सोलंकी का परिचय देते हुए समाजसेवी बसवराज मुरुडे ने कहा की "सोलंकी जी बेसहारा, असहाय व निर्बल समुदाय के लिए एक आशा की किरण है।

# पुलिस ने वांछित बदमाश को किया गिरफ्तार

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** थाना सूरजपुर नाऐडज्ञ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत वांछित बदमाश को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से एक तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद। थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा, लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये थाना




इकोटेक-3 पर गैगंस्टर एक्ट, जिसकी विवेचना थाना सूरजपुर द्वारा की जा रही थी,उक्त अभियोग में वांछित गैंगस्टर रवि शर्मा पुत्र वेदप्रकाश शर्मा को जैतपुर गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये है। अभियुक्त रवि शर्मा के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाकर लूट जैसे जघन्य अपराध कारित किये गये है।

# UPITS 2024 का दूसरे दिन रिकॉर्ड तुटा

## दूसरे दिन 18,000 से अधिक खरीदार और 40,000 से अधिक आगंतुक UPITS 2024 में पहुंचे

**ऋषि तिवारी**

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (वढक्ळर) 2024 के दूसरे दिन में जबरदस्त भीड़ देखी गई, जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित इस इवेंट के दूसरे संस्करण ने उत्तर प्रदेश के व्यापार और व्यवसाय क्षेत्र पर अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। दूसरे दिन के कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए), खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री श्री राकेश सचान, उत्तर प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा और मेरठ की आयुक्त श्रीमती शिलवी कुमारी शामिल थे। श्री राकेश सचान, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए), खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा और वस्त्र मंत्री, ने "मेड इन यूपी" उत्पादों के प्रति भारी भागीदारी और उत्साह को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना और जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग के तहत बढ़ावा दिए गए उत्पाद लाइनों को मिले महत्वपूर्ण प्रदर्शन पर जोर दिया। राज्य सरकार ने खरीदारों और विक्रेताओं के बीच निर्बाध संबंध सुनिश्चित किए हैं, खासकर उन उत्पादों के लिए जिनकी मांग अधिक है। इन व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिए निरंतर ध्यान और प्रचार की आवश्यकता है, जो आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन के अनुरूप है। उत्तर प्रदेश सरकार के खेल, युवा मामले, टरटए, खादी एवं ग्रामोद्योग और हथकरघा और वस्त्र विभाग के प्रमुख सचिव श्री आलोक कुमार ने कहा कि वढक्ळर 2024 उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य के व्यापारिक संभावनाओं को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक की जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ, वढक्ळर 2024 एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में उभर रहा है, जो उत्तर प्रदेश को एक सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में प्रदर्शित कर रहा है और इसे खरीदारों के लिए एक अनिवार्य गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहा है। दिन की एक प्रमुख विशेषता वियतनाम-भारत फोरम और यूपी-वियतनाम पर्यटन सम्मेलन रही, जिसे कार्यक्रम के पार्टनर कंट्री, वियतनाम ने आयोजित किया था। सम्मेलन का उद्देश्य बुद्ध सर्किट के इर्द-गिर्द सांस्कृतिक और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में वियतनाम के भारत में राजदूत, महामहिम गुयेन थान्ह है।

# पुलिस ने 2 मोबाइल चोर को दबोचा

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** सेक्टर 126 नोएडा पुलिस ने 2 लुटेरे को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 4 मोबाइल व में प्रयुक्त 1 मोसा बरामद हुआ है। यब बाइक लुटेरे गुरुवार को मोबाइल छीन कर भाग गए थे। थाना सेक्टर 126 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों लुटेरे राहुल पुत्र समय सिंह और अशोक पत्र राम सिंह को रायपुर तिराहे के पास पुश्ता रोड सेक्टर 126 के पास से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में बताया कि वह राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनते और वे अपने पास एक हीरो स्पेलेन्डर मोसा रखते है। बरामद मोसा पर सवार होकर लूट की घटना को अंजाम देते है।



## संक्षिप्त खबरें

### सुबह 5 बजे से 8 बजे तक निशुल्क खुलेगा इंदिरा पार्क




**बिजनौर** । वन विभाग ने इंदिरा पार्क को अब प्रातः 5:00 बजे से 8:00 बजे तक आम लोगों के लिए निशुल्क खोले रखने का फैसला किया, पहले वन विभाग ने पार्क में प्रवेश के लिए ?10 प्रति व्यक्ति शुल्क लगाया था। भारी विरोध के चलते वन विभाग को यू टर्न लेना पड़ा । उधर वन विभाग ने पार्क के रखरखाव के लिए नगर पालिका परिषद बिजनौर से चार सफाईकर्मी व इतने ही माली उपलब्ध कराने को कहा है । गौरतलब है कि 21 सितंबर से वन विभाग ने एकमात्र इंदिरा पार्क को आम लोगों के लिए प्रतिबंधित कर दिया था, साथ ही पार्क में प्रवेश के लिए ?10 का शुल्क लगा दिया था, सुबह घूमने वाले बुजुर्ग,बच्चों तथा महिलाओं ने इस शुल्क का जमकर विरोध किया था । वन विभाग ने इको विकास समिति के माध्यम से मासिक पास के रूप में बुजुर्गों से दो सौ तथा आम लोगो से तीन सौ रुपये वसूलने शुरू कर दिए थे । अब जब आम लोगों में वन विभाग के क्रियाकलाप का विरोध हुआ तो वन विभाग को अपने आदेश में संशोधन करना पड़ा। वन विभाग द्वारा संचालित इको विकास समिति की विज्ञप्ति में इंदिरा पार्क आम लोगों के लिए प्रातः 5:00 बजे से 8:00 बजे तक खोले रखने का निर्णय लिया गया। वन विभाग के निर्णय की आम लोगों द्वारा सराहना की जा रही है ,वहीं लोगों ने इंदिरा पार्क को पूरी तरह निशुल्क रखे जाने की मांग की है,ताकि आम लोगो स्वच्छ हवा में सांस ले सके

### झोलाछाप के घर में बेहोशी-गर्भपात के इंजेक्शन मिले, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा



**आगरा**। उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप सुमन के सदर के महादेव नगर स्थित आवास पर छापा मारा। एक कमरे में दो पलंग और दूसरे में प्रसव कक्ष बना मिला। साथ ही यहां बेहोशी और प्रसव-गर्भपात कराने के उपयोग किए हुए इंजेक्शन मिले। इनको जब्त कर लिया है। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस और विभाग की टीम आरोपी झोलाछाप सुमन को लेकर उसके घर गई।

वहां ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन, बेहोश और प्रसव-गर्भपात कराने वाले चार इंजेक्शन मिले। कॉटन-गॉज समेत मेडिकल वेस्ट मिला। दरअसल, कहरई निवासी भारती (22) की इसी महिला ने अपने घर इलाज किया था। इसके पति अजीत का आरोप है कि सुमन खुद को नर्स बताती है। घर पर ही इलाज करती है। पत्नी की हालत खून भी चढ़ाया था और चार इंजेक्शन लगा दिए थे। हालत बिगड़ते देख अस्पताल लेकर जाने को कह दिया। पुलिस ने सुमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया है।

### चिराग पासवान बोले : हरियाणा में बनेगी भाजपा की मजबूत सरकार, विपक्ष के लोग जनता को कर रहे गुमराह



**प्रयागराज**। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां से वह मूरतगंज कौशाम्बी के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। विपक्ष के लोग जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जब रिजल्ट आएगा तो सब साफ हो जाएगा। हरियाणा की जनता भाजपा की मजबूत सरकार बनाने जा रही है। कंगना रनौत द्वारा किसान आंदोलन के संबंध में दिए गए बयान के सवाल पर वह अभिनेत्री का बचाव करते नजर आए और गोल मोल जवाब देकर बचने की कोशिश की। प्रयागराज एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से चिराग पासवान मूरतगंज कौशाम्बी के लिए रवाना हो गए। मूरतगंज पहुंचने पर तेज बारिश हो रही थी। झमाझम बारिश के बीच उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया।

### देवदूत बन गए वानर: दुष्कर्म का प्रयास कर रहे दरिंदे के चंगुल से बच्ची को ऐसे बचाया; अब पुलिस ने गिरफ्तार किया

**बागपत** । बागपत जनपद के अमीनगर सराय क्षेत्र के एक गांव में मासूम को हवस का शिकार बनाने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। यूकेजी की छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने में फरार चल रहे दूसरे समुदाय के आरोपी युवक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक अग्रवाल मंडी टटीरी में एक रेस्टोरेंट में काम करता था। आरोपी ने पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छह साल की बच्ची गांव के ही निजी स्कूल में यूकेजी की छात्रा है। जो आठ दिन पूर्व घर के बाहर खेल रही थी। तभी वहां वर्ग विशेष का युवक आया और बच्ची को बहला फुसलाकर गांव के ही मोबाइल टावर में ले गया।

बच्ची को अपने साथ लेजाकर वर्ग विशेष के युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। तभी वहां आये बंदरो के झुंड से डरकर युवक वहां से भाग गया। इसके बाद बच्ची ने घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जांच में आरोपी गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बच्ची को ले जाते हुआ दिखाई दिया। बच्ची के साथ हुई घटना के विरोध में विश्वहिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने पंचायत कर जमकर हंगामा किया। साथ ही आरोपी को गिफ्तारी के लिए पांच दिन का अल्टीमेटम दिया गया।

इसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को बसौद नहर की पटरी के पास से गिरफ्तार कर दिया। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चांद निवासी पिलखवा जनपद हापुड़ का है। जो टटीरी में बांके बिहारी रेस्टोरेंट पर काम करता था। पास के गांव बसा टीकरी में आरोपी युवक की बहन की ससुराल भी है।

# उपचुनाव: मैनपुरी पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, गिनाईं भाजपा की उपलब्धियां




**मैनपुरी** मैनपुरी के करहल में बृहस्पतिवार को ग्राम चौपाल सहित अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सपा पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि जो पार्टी सारे अवगुणों से पूर्ण है वह समाजवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि डरने की बात नहीं है उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जो गुंडा या माफिया जनता को सताएगा उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी सीएम करहल के सिमरऊ गांव में ग्राम चौपाल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी की गुंडागर्दी भाजपा सरकार ने 75 प्रतिशत तक कम कर दी थी। लेकिन लोकसभा चुनाव में सपा ने कुछ ज्यादा सीटें जीत लीं, जिससे उनकी गुंडागर्दी बढ़ गई है। अपराधियों को लगता है कि सपा और अखिलेश यादव की ताकत बढ़ गई है तो उनकी ताकत भी बढ़ गई है। जनता को आश्वस्त करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि इसमें चिंता करने की बात नहीं है। उत्तर प्रदेश में अगर कोई गुंडागर्दी करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने करहल उप चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए भी लोगों से अपील की।

**परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति करती थी सपा : असीम अरुण....**करहल पहुंचे राज्यमंत्री असीम अरुण ने भी सिमरऊ में ग्राम चौपाल को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को भाजपा ने जो सम्मान व हक देने का काम किया है, वह किसी सरकार ने नहीं दिया है। सपा ने हमेशा परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति की। लेकिन भाजपा ने सबका साथ सबका विकास करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में आज गुंडाराज और भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो चुका है। करहल को भी विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए उप चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील उन्होंने की।

## अब खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे जीआईसी के प्रधानाचार्य

**प्रयागराज**। बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) भी अब पदोन्नत होकर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) के प्रधानाचार्य बन सकते हैं। इसके लिए शासन से नियमावली तैयार कर दी गई है। उसे स्वीकृति के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अलावा 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन पिछले एक दशक से यह विवादित है, इसलिए पदोन्नति प्रक्रिया ठप है।

कई प्रवक्ता प्रधानाचार्य बनने का इंतजार करते-करते रिटायर हो गए। इन पदों को 61 प्रतिशत पुरुष और 22 प्रतिशत महिला जीआईसी प्रवक्ता से और 17 प्रतिशत डीआई की पदोन्नति से भरने का नियम है। डीआई का पद खत्म हो चुका है। बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात एसडीआई ही डीआई बनते थे। एसडीआई का पद खत्म करके बीईओ पद बनाया गया।

बीईओ बनने वालों ने डीआई की तरह की पदोन्नति से जीआईसी का प्रिंसिपल बनने की मांग की थी। इसका मामला कई वर्ष से शासन लंबित था। बीईओ को पदोन्नति से प्रधानाचार्य बनाने लिए शासन में कई दौर की बैठक हुई। इसके बाद पदोन्नति के लिए कोटा में बदलाव कर दिया गया है। अब 33 प्रतिशत पुरुष, 33 प्रतिशत महिला प्रवक्ता और 34 प्रतिशत बीईओ पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बन सकेंगे।

अपर निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में महिला प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा 22 से 33 प्रतिशत कर दिया गया है। बीईओ की भी संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा डीआई के स्थान पर 17 से बढ़ाकर 34 फीसदी कर दिया गया है।

## बरेली में नई पेंशन स्कीम के विरोध में प्रदर्शन



**बरेली**। बरेली में ऑल टीचर्स एंड एम्प्लाई वेलफेपर ऐसोसिएसन (अटेवा) पेंशन बचाओ मंच व अन्य संगठनों की ओर से गुरुवार को सेठ दामोदर पार्क स्वरूप पार्क से आक्रोश मार्च निकाला गया। पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी केवल पुरानी पेंशन से ही संतुष्ट होंगे। नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया। देशभर में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन (एनमॉप्स) की ओर से आक्रोश मार्च निकाला जा रहा है। इसमें कर्मचारी से लेकर शिक्षक तक सभी शामिल हुए। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि एनपीएस के स्थान पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम लाकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि एनपीएस की व्यवस्था पूरी तरह से गलत थी।

20 वर्षों तक एनपीएस के कारण अर्थव्यवस्था और कर्मचारी दोनों को ही नुकसान हुआ है। ऐसे ही यह यूनिफाइड पेंशन स्कीम भी कुछ समय के बाद देश और कर्मचारियों के लिए अहितकर साबित होगी। मंडलीय संगठन मंत्री भूपसिंह ने बताया कि कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया।

# खाद संकट: मैनपुरी में डीएपी के लिए सुबह चार बजे से किसान लगा रहे हैं लाइन



**मैनपुरी** मैनपुरी के घिरोर में फोटो में नजर आ रही ये लाइन किसी और काम के लिए बल्कि डीएपी लेने के लिए लगी है। सुबह चार बजे से ही सरकारी और निजी उर्वरक की दुकानों पर ऐसी ही लाइनें लग रही हैं। इसके बाद भी किसानों को डीएपी नहीं मिल पा रही है। वहीं दूसरी तरफ निजी दुकानदार डीएपी के साथ दूसरे उर्वरक खरीदने का भी दबाव बना रहे हैं। आलू की बुवाई के लिए किसानों को डीएपी की जरूरत पड़ने लगी है। खेतों में मेहनत करने के साथ ही डीएपी के लिए अलग से उन्हें मेहनत करनी पड़ रही है। कस्बा घिरोर स्थित कृषक भारती सेवा केंद्र मैनपुरी रोड पर डीएपी के लिए सुबह 4 बजे से किसान लाइन में लग जाते हैं। छह घंटे बाद सुबह 10 बजे वितरण शुरू होता है। नंबर आते-आते खाद खत्म होने से किसान खाली हाथ ही लौटते हैं। बीते दो दिनों से किसानों को ऐसी ही परेशानी झेलनी पड़ रही है। किसान सुनील कुमार बताते हैं कि दोनों दिन वे लाइन में लगे, लेकिन उन्हें डीएपी नहीं मिल सकी। वहीं बृहस्पतिवार को केंद्र बंद रहने से डीएपी का वितरण ही नहीं हुआ। किसानों ने डीएम से डीएपी की व्यवस्था कराने और नियमानुसार वितरण कराने की मांग की है। मांग करने वालों में किसान अंकित शर्मा, अनिल कुमार, प्रवीन कुमार, मोहित, सुरेश चंद्र, विपिन, अनुरुद्ध प्रताप आदि शामिल हैं।

पोटाश, जिंक और जाइम खरीदने का है दबाव

सरकारी केंद्रों पर जहां डीएपी उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो वहीं निजी दुकानदारों के अपने नखरे हैं। दरअसल अधिक कीमत वसूलने पर प्रशासन सख्त है, इससे बचने के लिए दुकानदारों ने नया फंडा अपनाया है। वे किसानों को डीएपी के साथ जिंक, पोटाश या जाइम साथ में लेने के लिए बाध्य कर रहे हैं। ये उर्वरक निम्न स्तरीय होते हैं, लेकिन इसके नाम पर अधिक कीमत वसूल की जाती है। अगर कोई ये नहीं लेता है तो उसे डीएपी भी नहीं दी जाती है।

## घर में पकड़ा सरकारी राशन का 63 बोरी चावल, छत से कूदकर संचालिका भागी



**आगरा** उत्तर प्रदेश के आगरा में आपूर्ति विभाग की टीम ने आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-1 स्थित घर से सरकारी राशन के चावल भरे 63 बोरियां पकड़ी हैं। गेट के बाहर ताला और अंदर से कुंडी लगी थी। ताला तोड़ा गया और टीम के एक सदस्य ने पड़ोस से घर में प्रवेश कर दरवाजा खोला। तब तक संचालिका छत से कूदकर भाग गई। महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया जा रहा है। डीएसओ संजीव सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस के साथ आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-1 के घर पर छापा मारने पहुंचे। गेट पर लगा ताला तोड़ने पर भी नहीं खुला। अंदर से कुंडी लगी थी। काफी खटखटाने के बाद गेट नहीं खुलने पर टीम का एक सदस्य पड़ोसी की मदद से घर के अंदर गया और कुंडी खोली। यहां दो कमरों में सरकारी राशन के चावल की 63 बोरियां भरी थीं। वजन कराने पर 31.5 क्विंटल चावल मिला।

डीएसओ ने बताया कि पता चला छापे के वक्त आरोपी शीतल पड़ोसी की मदद से छत से भाग गई। चावल जब्त कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया जा रहा है। पहली बार राशन की कालाबाजारी में महिला का नाम सामने आया है।

**छह महीने से बना रखा था गोदाम...**डीएसओ ने बताया कि पास ही रहने वाली प्रिया का मकान है। उन्हें बुलाया गया। उन्होंने बताया कि छह महीने पहले शीतल नाम की महिला को चार हजार रुपये प्रति महीने के किराए पर घर दिया है। शीतल ने कहा था कि वह बच्चे के साथ अकेली रहेगी।

**फेरी वालों से करती थी स्टॉक...**डीएसओ ने बताया कि आरोपी महिला फेरी वालों से 30 रुपये किलो के भाव से चावल खरीदती थी। फेरी वाले कार्डधारकों से 24-25 रुपये प्रति किलो के भाव से खरीदते थे।

यहां रोजाना फेरी वाले आकर चावल बेचते थे। इकट्ठा होने पर ये दूसरे राशन माफिया तक पहुंचाती थी। सख्ती होने के कारण ये राशन को ठिकाने नहीं लगा पाई। इसके तार दूसरे राज्यों के राशन माफिया से भी हैं, जो आटा चक्की, ढाबा-रेस्तरां समेत अन्य को कालाबाजारी करती थी। इसकी पुलिस जांच कर रही है।

## मऊ में अवैध अस्पताल पर एक्शन: वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पहुंची टीम



**मऊ**। मऊ शहर कोतवाली क्षेत्र के भीटी के पास एक अस्पताल पर गुरुवार को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान वहां कोई चिकित्सक नहीं पाया गया। सीटी मजिस्ट्रेट ने मकान मालिक को नोटिस जारी किया। सीएमओ को पत्र लिखकर अस्पताल के पंजीकरण की जांच के लिए आदेश दिया।

**यह है मामला...**सीटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र कुमार ने बताया कि बीते दिनों नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के निषाद नगर निवासी एक महिला पूजा को प्रसव पीड़ा होने के बाद महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने जांच के दौरान प्रसव के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। गर्भवती के घर पहुंचने के दौरान उसी बीच एक महिला उसके घर पहुंच गई।

गर्भवती की जांच कर बताया कि उसकी हालत गंभीर है। उसे जल्द से जल्द अस्पताल में भर्ती कर ऑपरेशन कराना होगा। जच्चा और बच्चा दोनों को खतरा है। परिजनों ने परेशान होकर गर्भवती को भीटी के एपेक्स अस्पताल में भर्ती कर उसी दिन ऑपरेशन करा दिया। इसकी जानकारी होने पर महिला अस्पताल ले जाने वाली शीला और गर्भवती को घर से अस्पताल लाने वाली सीमा के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो का संज्ञान में लेकर गुरुवार को सीटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र कुमार, शहर कोतवाल अनिल कुमार सिंह और एसीएमओ डॉ. आरएन सिंह के साथ अस्पताल पहुंचे। जांच के दौरान अस्पताल का संचालन किराये के भवन में पाया गया। मौके पर अस्पताल का चिकित्सक नहीं पाया गया। बिना नक्शे के अस्पताल का संचालन पाया गया। जिसके बाद मकान मालिक को नोटिस दिया गया।

**क्या बोले अधिकारी...**जांच के दौरान अस्पताल का चिकित्सक नहीं पाया गया है। अस्पताल का संचालन बिना नक्शे के ही हो रहा था। मकान मालिक को नोटिस जारी कर दिया गया है। सीएमओ को पत्राचार के माध्यम से अस्पताल के पंजीकरण की जांच करने को कहा गया है।

- बृजेंद्र कुमार, सीटी मजिस्ट्रेट

## हो जाएं सावधान: दुकानों पर दो कूड़ेदान रखना हुआ अनिवार्य




**अलीगढ़**। अलीगढ़ शहर में दुकानों पर दो कूड़ादान रखना अनिवार्य कर दिया गया है। महापौर प्रशांत सिंघल ने 90 वार्डों से पार्षदों का बीट प्लान मांगा है। 26 सितंबर की सुबह और दोपहर महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त विनोद कुमार ने जमालपुर, जमालपुर फ्लाई ओवर, महेशपुर फ्लाई ओवर, महेशपुर जीवनगढ़, क्वार्सी बाईपास क्षेत्रों का निरीक्षण किया। महापौर ने जमालपुर ट्रांसफार्मर स्टेशन को 24 घंटे में शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य सड़कों के आसपास निर्माण सामग्री रखने पर नाराजगी जताई। ऐसे लोगों के विरुद्ध जुमार्ना लगाने के साथ कानूनी कार्रवाई होगी। शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए 10 दिन की कार्ययोजना पर काम करने के लिए अधीनस्थों को जिम्मेदारी दी गई।

दुकान, चाय कैंटीन, ढाबा, धकेल व वेंडिंग जोन में दो कूड़ेदान अनिवार्य रखना अनिवार्य कर दिया गया है। कूड़ादान न रखने पर रोजाना चालान होगा। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सीटीओ अशोक सिंह, अधिशासी अभियंता अजय राम आदि मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में ढेर जाहिद का 38 मिनट तक पोस्टमार्टम RPF के दो सिपाहियों को बर्बरता से मारा था



**गाजीपुर**। आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या के मुख्य आरोपी के शव का मंगलवार को करीब 38 मिनट में पोस्टमार्टम हुआ। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इसको वीडियो रिकॉर्डिंग भी हुई। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बिहार के फुलवारी शरीफ क्षेत्र के मंसूर गली पेढ़िया बाजार निवासी मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू ने गिरोह के मिलकर आरपीएफ सदस्यों के साथ के सिपाही जावेद खान और प्रमोद की 19 अगस्त की रात हत्या कर दी थी। अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह से जुड़े इन बदमाशों ने बर्बरता से पिटाई करने के बाद दोनों सिपाहियों को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया था। बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन में शराब को तस्करी रोकने पर दोनों सिपाहियों के साथ यह घटना हुई थी। इस हत्याकांड में 13 के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें आठ नामजद किए गए थे। यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट जीआरपी और जिला पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी और एक लाख रुपये के इनामी मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू को सोमवार की रात मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। शहर के आरटीआई मैदान स्थित पोस्टमार्टम हाउस में जाहिद के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

**नामजद आठ: छह सलाखों के पीछे, एक ढेर तो एक की तलाश...**आरपीएफ के दो जवानों को निर्ममता से हत्या करने वाले शराब तस्करों को एक- एक कर गिरफ्तार अथवा ढेर करने में जुटी यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी और जिला पुलिस एक्शन मोड में हैं।

वारदात के मुश्किल से 35 दिन में नामजद आठ आरोपियों में छह सलाखों के पीछे चले गए तो एक बदमाश को टीम ने ढेर कर दिया। जबकि एक की तलाश में बिहार तक संभावित ठिकानों पर दबिश जारी है। बिहार के मोकामा ट्रेनिंग के लिए जा रहे आरपीएफ जवान जावेद खान और प्रमोद का शव गहमर कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक किनारे जिस स्थिति में मिली थी, देखकर हर किसी का रूह कांप उठा था। इस पूरे घटना क्रम को लेकर जनपद पुलिस ने एक- एक तार जोड़ना शुरू किया। यहीं नहीं गुवाहाटी तक टीम जाकर वारदात की गुत्थी को सुलझाने में जुटी रही।

आखिरकर गुत्थी सुलझाने में सफल पुलिस टीम ने वारदात के ठीक आठ दिन बाद ही मुठभेड़ में आरोपी प्रेमचंद चमां को बीते 28 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। जबकि बीते 27 अगस्त को आरोपी विनय, पंकज, विलेंद्र पासी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। इसके बाद 30 अगस्त को आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम ने 21 सितंबर को मुठभेड़ में एक और रवि को धर दबोचा।

# अशोक चौधरी बने जेडीयू राष्ट्रीय महासचिव, सीएम नीतीश ने अपने 'मानस पुत्र' का बढ़ाया रुतबा

संवाददाता।

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल युनाइटेड (जेडीयू) ने राज्य सरकार के मंत्री अशोक चौधरी का रुतबा पार्टी में बढ़ा दिया है। अशोक चौधरी को जेडीर्यू का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। इससे पहले हाल में आरजेडी से अलग होकर जेडीयू में आए दलित नेता श्याम रजक को भी पार्टी का महासचिव बनाया गया था। पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी ओर से किए गए एक पोस्ट को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बढ़ती उम्र से जोड़कर देखा गया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि जेडीयू उनके खिलाफ कोई कदम जरूर उठाएगी। लेकिन इन आशंकाओं को दरकिनार



करते हुए मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अशोक चौधरी की जिम्मेदारी में बढ़ोत्तरी कर दी है। यहां बता दें कि अशोक चौधरी नीतीश कुमार को अपना मानस पिता कहकर संबोधित करते हैं। बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कथित तौर पर की गई टिप्पणी के बाद सियासी तूफान खड़ा कर दिया था। चौधरी ने सोशल मीडिया पर 'छोड़ दीजिए' थीम पर एक पोस्ट लिखी थी, जिसे लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि यह नीतीश कुमार पर तंज है। हालांकि, बाद में चौधरी ने सफाई देते हुए नीतीश कुमार के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और कहा कि सुनी-सुनाई बातों पर ध्यान न दें।

चौधरी ने अपनी पोस्ट में लिखा था, 'बढ़ती उम्र में इन्हें छोड़ दीजिए। एक दो बार समझाने से अगर कोई नहीं समझ रहा है तो सामने वाले को समझाना, ह्यछोड़ दीजिएह्न। बच्चे बड़े होने पर वो खुद के निर्णय लेने लगे तो उनके पीछे लगना, छोड़ दीजिए। गिने-चुने लोगों से अपने विचार मिलते हैं, अगर एक दो से नहीं मिलते तो उन्हें, छोड़ दीजिए।'

उन्होंने आगे लिखा, 'एक उम्र के बाद कोई आपको न पूछे या कोई पीठ पीछे आपके बारे में गलत कह रहा है तो दिल पर लेना, छोड़ दीजिए। अपने हाथ कुछ नहीं, ये अनुभव आने पर भविष्य की चिंता करना, छोड़ दीजिए। अगर इच्छा और क्षमता में बहुत फर्क पड़ रहा है तो खुद से अपेक्षा करना, छोड़ दीजिए।'

चौधरी ने आगे लिखा, 'हर किसी का पद, कद, मद, सब अलग है इसलिए तुलना करना, छोड़ दीजिए। बढ़ती उम्र में जीवन का आनंद लीजिए, रोज जमा खर्च की चिंता करना, छोड़ दीजिए। उम्मीदें होंगी तो सदमे भी बहुत होंगे, यदि सुकून से रहना है तो उम्मीदें करना, छोड़ दीजिए।' इस पोस्ट के बाद चौधरी ने नीतीश कुमार के साथ मुलाकात की और एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना।' चौधरी की इस पोस्ट पर जदयू और राजग नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

# सुपौल : एनएच-27 के किनारे बनेगा मिडवे सर्विस प्लाजा, मिलेंगी कई अत्याधुनिक सुविधाएं

संवाददाता।

**सुपौल।** सुपौल जिला अंतर्गत कोसी महासेतु से सटे आसनपुर कुपहा में नेशनल हाइवे-27 के किनारे मिडवे सर्विस प्लाजा का निर्माण किया जाएगा। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग ने इसके लिए 29.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह जानकारी सूबे के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दी है। बता दें कि सोशल मीडिया पोस्ट में पर्यटन मंत्री ने मिडवे सर्विस प्लाजा के प्रस्तावित भवन और परिसर का थ्रीडी वीडियो भी जारी किया है। बताया जा रहा है कि प्लाजा का निर्माण अगले 24 महीने में पूरा किया जाएगा। जहां कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। प्लाजा के निर्माण की जिम्मेदारी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को सौंपी गई है।

पर्यटन मंत्री के अनुसार, ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर (पोरबंदर से सिलचर) एनएच- 27 पर सुपौल में अवस्थित कोसी महासेतु के समीप आसनपुर कुपहा में मिडवे सर्विस प्लाजा का निर्माण होगा। आने वाले समय में इस बहुउद्देशीय भवन में फुड कोर्ट, क्विक सर्विस रेस्टोरेंट, इनडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, रिटेल स्टोर, ई-चार्जिंग पॉइंट्स, फ्यूल आउटलेट, जन सुविधा और



पार्किंग सहित यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस योजना के अन्तर्गत मुख्य भवन का निर्माण किया जाना है।

इस भवन के अंतर्गत उपरोक्त सुविधाओं के अतिरिक्त इंटरटेनमेंट जोन, एडवरटाइजिंग फसाड (विज्ञापन आवरण) आदि का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। मंत्री ने कहा है कि एनएच-27 अति व्यस्त राजमार्ग है और इन सुविधाओं के विकास से निश्चित ही इस मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों को एक सुखद अनुभव प्राप्त होगा। इसके निर्माण से पर्यटकों के साथ जनसामान्य को भी उच्चस्तरीय पर्यटकीय सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# नगर निगम के जन जन तक पहुंचाएं 'स्वच्छता ही सेवा का अभियान: गरिमा

बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** नगर विकास एवम आवास विभाग के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई मित्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। नगर निगम कार्यालय परिसर के सम्राट अशोक भवन में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम महापौर ने किया।सफाई मित्रों के उन्मुखीकरण कार्यशाला में गरीब कल्याणकारी तमाम सरकारी योजनाओं की संबंधित संभाग के प्रभारी पदाधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।



- **स्वच्छता मित्रों के उन्मुखीकरण कार्यशाला में दी गई सरकारी सामाजिक कल्याण के योजनाओं की जानकारी।**
- **कार्यक्रम में बोलीं महापौर - प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला तथा जन धन जैसी योजनाओं का उठाएं लाभ।**

इससे पूर्व आयोजन का उद्घाटन करने के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि केंद्र और हमारी राज्य सरकार के द्वारा गरीब परिवारों के लिए सामाजिक कल्याण की अनेक उपयोगी योजनाएं संचालित हैं। जिनमें से अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आज आपको विभिन्न योजनाओं के नोडल पदाधिकारी के द्वारा दी जाएगी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि आप सब में से अर्हता प्राप्त परिवार के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पांच लाख तक मुफ्त इलाज वाली आयुष्मान भारत योजना, मुफ्त एलपीजी गैस सिलेंडर वाली उज्ज्वला तथा जन धन जैसी लाभकारी योजनाओं का अवश्य ही लाभ उठाना चाहिए।

वही नगर आयुक्त शंभू कुमार ने कहा कि आप सभी सफाई कर्मी भाई बहनों के स्वास्थ्य सुरक्षा की भी नगर निगम प्रशासन को काफी चिंता है। आप और आप सबके परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए हैं। आगे भी दो अक्तूबर तक हम विभागीय निर्देश के आलोक में ऐसे कार्यक्रमों का लगातार आयोजन करते रहेंगे।

निगम के कई कर्मचारियों को कबीर अंत्येष्टि योजना का लाभ भी दिया गया। मौके पर नगर आयुक्त शंभू कुमार, उप नगर आयुक्त गोपाल कुमार, उद्योग विभाग के पदाधिकारी, एलडीएम इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीतामढ़ी: दो सगी बहनों को एक ही लड़के से हुआ प्यार,अब पिता पीट रहा माथा

संवाददाता।

**सीतामढ़ी।** समाज जैसे-जैसे शिक्षित होता जा रहा है, वैसे-वैसे नैतिकता और संस्कार का ह्रास भी हो रहा है। भले ही इस बात को अधिकतर लोग स्वीकार न करें, लेकिन बात में सच्चाई से इंकार भी नही किया जा सकता। सीतामढ़ी जिले के जाने-माने हास्य कवि गीतेश कहते है कि बच्चों को सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार युक्त शिक्षा दिलाने की जरूरत है। वास्तव में गीतेश की बातों में पूरा दम है। संस्कार युक्त शिक्षा मिली रहती तो शायद दो सगी बहनें एक ही प्रेमी संग नहीं भागती। ये बात सुनकर और पढ़कर अधिकांश लोगों को कुछ अजीब और अविश्वसनीय लग रहा होगा, मगर सच है।

सभ्य समाज को झकझोर देने को मजबूर करने वाली यह खबर सीतामढ़ी के डुमरा थाना क्षेत्र की है। दो सगी नाबालिग बहनों का प्रेमी संग भाग जाने के बाद माता-पिता पर क्या बीत रही होगी, सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इधर, काफी खोजबीन के बाद भी दोनों पुत्रियों का कोई पता नहीं चलने पर



मजबूर और हताश पिता पुलिस की शरण में पहुंचा है। पिता ने पुलिस के पास पहुंचकर अपनी बेटियों को खोजने की गुहार लगाई है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने में जुटी है। पिता ने पुलिस को बताया है कि उनकी एक पुत्री 22 वर्ष की है, जो ननिहाल डुमरा थाना क्षेत्र के ही एक गांव में रह रही थी। पांच सितंबर 24 को वह सूरज कुमार नामक युवक के साथ चली गई। युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। सूरज कुमार गाढ़ा थाना क्षेत्र के मानिक चौक गांव विश्वनाथ साह का पुत्र है। पुत्री के दिल्ली में होने की खबर मिलने पर माता-पिता 13 सितंबर को वहां गए। तब तक सूरज डेरा खाली कर वहां से फरार हो चुका था। दिल्ली में पुत्री के नहीं मिलने पर दंपति चार दिनों बाद घर लौट आए। यहां पहुंचने पर घर का हाल देख दोनों के सर पर मानो "पहाड़" टूट पड़ा। घर में देखा कि बक्से का ताला टूटा हुआ है।

सोने के जेवर, बड़ा मोबाइल, स्कूल/कॉलेज के प्रमाण-पत्र के साथ दूसरी पुत्री (18) गायब है। पिता ने पुलिस को बताया है कि दूसरी पुत्री को भगाने में भी सूरज का ही हाथ है। पिता ने दूसरी पुत्री की जिस मोबाइल नंबर पर बात होती है, वह नंबर पुलिस से शेयर किया है। उन्हें आशंका है कि सूरज उनकी दोनों पुत्री को कहीं गलत जगह बेच देगा। उन्होंने पुलिस से दोनों पुत्रियों को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# शेखपुरा : बाप ने सात साल के बेटे की हत्या कर नदी में फेंका

## पांच दिन बाद शव बरामद





संवाददाता।

**शेखपुरा।** शेखपुरा जिले में एक बाप द्वारा अपने ही सात साल के बेटे की हत्या कर नदी में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह आरोप बच्चे की मां ने ही लगाया है, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, घटना के पांच दिन बाद शव को नदी से बरामद किया गया है। यह घटना शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के मियनबीघा गांव की है। आरोपी पिता चेवाड़ा थाना क्षेत्र के एकाढ़ा गांव का रहने वाला मृगेन्द्र कुमार है। बच्चे की मां वीणा कुमारी ने बताया कि मेरी शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। शादी के तीन-चार साल बाद से हम मायके में रह रहे हैं। 20 सितंबर को मृगेंद्र कुमार ससुराल आया था तथा बड़े बेटे हरेराम को दादा-दादी के पास ले जाने की बात कहकर निकला। 21 सितंबर को मृगेन्द्र कुमार ने हरेराम को किऊल नदी में फेंक दिया। इसके बाद फोन कर कहा कि बेटा नदी में गिरकर डूब गया। इस मामले में थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को आरोपी पिता मृगेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार की है। हालांकि, किस वजह से पिता ने पुत्र की हत्या कर नदी में फेंक दिया है, यह अभी भी सस्पेंस बना हुआ है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन होगा सुलभ।

बिट्टू कुमार

- **स्वरोजगार को बढ़ावा देगी मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना।**
- **28 अगस्त से ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया है प्रारम्भ।**
- **27 सितंबर तक आवेदन की है अंतिम तिथि।**

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री परिवहन को सुलभ बनाने के साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देगा। इसके लिए गत 28 अगस्त से ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है, जो 27 सितंबर तक चलेगी। यह लाभ प्रत्येक पंचायत में रिक्ति के अनुरूप अधिकतम सात लाभुकों को दिया जाना है। कैटगरी के अन्तर्गत मिलने वाले लाभ के तहत एससी-एसटी वर्ग के चार एवं ईबीसी वर्ग के तीन लाभुक पंचायतवार लाभ के हकदार होंगे। इस बावत जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद के नेतृत्व में प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया गया है।

चार से दस सीटर वाहन पर मिलेगा अनुदानः इस योजना के अन्तर्गत पात्र लाभुकों को चार से लेकर दस सीटर वाहन अथवा एम्बुलेंस की खरीद पर अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इस बार संचालित योजना की खासियत यह है कि इसमें ई-रिक्शा (टोटो) की खरीद को भी शामिल किया गया है। इसके तहत वाहनों की खरीद पर अधिकतम एक लाख रुपए अनुदान दिए जाएंगे। जबकि एम्बुलेंस की खरीद पर अधिकतम दो लाख तथा ई-रिक्शा की खरीद पर अधिकतम सत्तर हजार रुपए बतौर अनुदानित राशि लाभुकों को लाभ प्रदान करने की योजना है।

यह दीगर है कि प्रत्येक प्रखंड में चयनित दो, जिसमें एक एससी-एसटी तथा एक ईबीसी कैटगरी के लाभुकों को एम्बुलेंस खरीद पर लाभ दिया जाना है। अर्हता एवं कागजातों की आवश्यकता : मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना का लाभ ऐसे लाभुक को दिया जाना है, जो पूर्व से सरकारी नियोजित सेवा में नहीं है तथा जिसके पास पहले से व्यवसायिक वाहन नहीं होगा। साथ ही जिस पंचायत से वह आवेदन करेगा, वहां का उसे निवासी होना होगा। आवेदन करने के लिए आवेदन के साथ लाभुकों का जाति, शैक्षणिक योग्यता तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। आवेदन करने तक आवेदक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष की होना अनिवार्य है।

रिक्ति. जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि पंचायतवार रिक्ति का प्रकाशन जिला के वेबसाइट www.westchamparan.nic.in पर किया गया है, जहां से कोई भी व्यक्ति संबंधित पंचायत की रिक्ति देख सकता है। बात दें कि प्रखंडों में पंचायतवार ई०बी०सी० कटेगरी में 316 और अनुसूचित जाति/जनजाति के कटेगरी में 413, कुल 729 रिक्तियां हैं।

# छपरा: तीन साल की मासूम से स्कूल में दुष्कर्म

संवाददाता।




**छपरा।** छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट स्कूल में तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। इस दरिंदगी को किसी और ने नहीं बल्कि उसके शिक्षक ने अंजाम दिया है। परिजन जब पुलिस से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे तो प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इससे आक्रोशित होकर लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। देर रात सारण एसपी डॉ. कुमार आशीष के घर घेराव करने पहंच गए। पुलिस ने बल प्रयोग किया तो लोग आक्रोशित हो गए और थाने को घेर लिया। इसके बाद वरीय अधिकारियों ने लोगों को आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

इस संबंध में सदर एसडीपीओ राज किशोर सिंह ने बताया कि आरोपित की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्ची का मेडिकल जांच कराया जा रहा है और फॉरेंसिक लैब की टीम भी इसकी जांच कर रही है। फिलहाल स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस लगी हुई है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी भी कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे सीडीपीओ राजकिशोर सिंह ने बताया कि विद्यालय में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है और बच्ची के निशानदेही पर आरोपी शिक्षक के गिरफ्तारी के लिए टीम को लगा दिया गया है शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी होगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग एक सप्ताह पहले निजी स्कूल में पढ़ने वाली तीन साल की बच्ची के साथ वहां के शिक्षक द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इसको लेकर बच्ची जब अपने घर पहुंची तो लोकलाज की डर से परिवारवाले किसी को कुछ बताने से परहेज कर रहे थे। लेकिन जब बच्ची के प्राइवेट पार्ट में जख्म होने कारण ब्लीडिंग नहीं रुक रही थी। तब जाकर परिवार के लोग अंततः पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने जब केस लेने से इनकार किया तो लोगों ने जमकर हंगामा किया।

# मुजफ्फरपुर: विश्व गर्भ निरोधक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर/बन्दरा।** समुदाय में परिवार नियोजन के गर्भ निरोधक के साधनों के प्रति जागरूकता लाने के लिए गुरुवार को (26 सितंबर को) विश्व गर्भ निरोधक दिवस मनाया गया। बन्दरा सीएचसी एवं क्षेत्र के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही परिवार नियोजन के गर्भ निरोधक साधनों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नौशाद अहमद ने की ।




- **बन्दरा सीएचसी में कार्यक्रम**
- **चिकित्सा पदाधिकारी ने किया शुरूआत**

# पूसा : बारिश में भींगकर निकाला जुलूस 16 सूत्री मांगो को पूरा करने की मांग

संवाददाता।

**पूसा(समस्तीपुर)।** सुबह से लगातार वर्षा के बावजूद भाकपा-माले के बैनर तले पूसा प्रखंड मुख्यालय पर गुरूवार को सैकड़ों गरीब- महिलाओं का हुजूम लग गया। सभी पूसा प्रखंड मुख्यालय एवं मनरेगा कार्यालय पर अपना हक- अधिकार मांगने पहुँचें थे। मानस मंदिर से जुलूस निकालकर भींगते हुए बैंक-चौक,थाना होते हुए मार्च निकालकर पहले मनरेगा कार्यालय फिर इसके बाद प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने मनरेगा पीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसका नेतृत्व भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया।




मौके पर प्रखंड कमेटी सदस्य जितेन्द्र राय,भाग्यनारायण राय, अजय कुमार,रानी कुमारी, ज्योति कुमारी, सरस्वती कुमारी, सिद्दी कुमारी, आरोही कुमारी, आरती देवी, अमृता देवी, सुनिति देवी, गंगिया देवी, रूपवती देवी, अनिता देवी, गुड़िया देवी, पिंकी देवी आदि भी थे।

# मुजफ्फरपुर: दोस्त के बुलावे पर गया कारोबारी का बेटा रहस्यमयी ढंग से गायब

संवाददाता। मुजफ्फरपुर। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के कारोबारी गोपाल सिंह का बेटा नमन कुमार लापता हो गया है, जिसे लेकर परिजनों ने पुलिस पर एफआईआर न दर्ज करने का आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि उनका बेटा अपने एक दोस्त के बुलाने पर बेगूसराय गया और फिर वहां से मुंगेर गया और फिर नहीं लौटा। उसके बाद परिजनों में इसको लेकर आक्रोश व्याप्त है। वहीं, परिजन पुलिस पर भी मामले को गंभीरता से नहीं देखने का आरोप को लगाया है। मामला जिले के सदर थाना क्षेत्र के भिखनपुरा का बताया गया है।




दरअसल, मुजफ्फरपुर के भीखनपुर गांव निवासी और बड़े कारोबारी गोपाल सिंह का बेटा नमन सिंह (23) पिछले चार दिन दिनों पहले अपने दोस्त के बुलावे पर चला गया और फिर अब तक नहीं लौटा, जिसको लेकर परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं, मां और पिता की रो-रो कर हालत खराब हुई जा रही है।

मामले को लेकर परिजनों ने सदर थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने और वहीं पर भी बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। वहीं, इसके साथ परिजनों ने कहा कि जब बेटे का कोई शव बरामद ही नहीं हुआ है तो फिर पुलिस इस मामले में पल्ला क्यों झाड़ रही है, जिसको लेकर गुरुवार को गायब लड़के नमन कुमार के परिजन न्याय की गुहार लगाने के लिए एसएसपी राकेश कुमार के यहां सैकड़ों की संख्या में पहुंचे।

वहीं, नमन के परिजनों का कहना है कि जब उनका लड़का नमन कुमार तीन दिन पहले दोस्त के बुलाने की बात बोलकर गया तो फिर क्यों नहीं लौटा। हमें आशंका है कि हमारा लड़का नमन को दोस्त और उसके लोगों के द्वारा हत्या कर दी गई है या फिर गायब कर दिया गया है। इसमें नमन का दोस्त विशाल वैभव शामिल है, जो को बेगूसराय जिले का रहने वाला है। जब वो अपने घर से निकला उसके बाद वापस नहीं आया।

हम लोग उसको काफी खोजबीन बेगूसराय से लेकर मुंगेर तक किए। कुछ लोगों ने कहा कि वह पानी में डूब गया है, जिसके बाद हम गोताखोर की मदद से लेकर खोजबीन किए। लेकिन उसका कोई भी पता नहीं चल पाया है। मुंगेर जिले के सुल्तान बाबू घाट पर नमन की गाड़ी बरामद होने की जानकारी मिली। लेकिन उनका बेटा अभी तक नहीं मिला है।

इसके बाद भी इस मामले में पुलिस अब तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं कर पल्ला झाड़ रही है। इस पूरे मामले में सदर थाना के एसएचओ अश्मित कुमार ने बताया है कि गायब युवक के मामले में परिजनों के बयान पर जीरो एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर प्राप्त चार दावा/आपति का निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों से करायी गयी है जाँच

बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** अर्हत्ता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधि अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में माननीय सांसदगण/विधायकगण एवं सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक के क्रम में मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 07.09.2024 को किया गया था, उस निमित दिनांक 07.09.2024 से 17.09.2024 तक माननीय सांसदगण/विधायकगण एवं सभी राजनैतिक दलों से प्रारूप प्रकाशन पर प्राप्त दावा/आपतियों के निष्पादन





- **जाँचोपरान्त सभी दावा/आपतियों का नियमानुसार कराया गया है निष्पादान। मतदाता सूची के अनुमोदन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय को 30 सितंबर तक कर दिया जाएगा प्रेषित।**
- **जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में माननीय सांसदगण/विधायकगण एवं सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न।**

से संबंधित एक-एक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान राजनैतिक दलों के कई प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव भी दिए, जिसमें सभी मतदान केंद्रों पर शामियाना, पंडाल, पेयजल आदि की व्यवस्था शामिल है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने निर्वाचन शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण सहित निर्वाचन से संबंधित किये जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाय। बैठक से संबंधित प्रोसिडिंग की कॉपी भी उपलब्ध कराई जाय।

मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण से संबंधित मतदान केंद्रों का प्रारूप प्रकाशन पर कुल चार (4) दावा/आपति प्राप्त हुए थे। प्राप्त दावा आतियों की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों से जाँच करायी गयी। जाँचोपरान्त सभी दावा आपतियों का निष्पादन नियमानुसार किया गया। उक्त दावा/आपतियो के निष्पादनोपरान्त मतदाता सूची के अनुमोदन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय को दिनांक 30.09.2024 तक प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, भागीरथी देवी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे, जेडीयू के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा, सुनील राव, फरहान राजा, सुमित सिंह तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र, नगर आयुक्त शंभू कुमार, भूमि सुधार उप



चरण सिंह

विचार

## हुड्डा और शैलजा को मिलाकर राहुल गांधी ने बना दिया कांग्रेस का खेल!

कुछ भी हो कांग्रेस पर आज भी कांग्रेस परिवार का होल्ड है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे हों पर कांग्रेस में नेता राहुल गांधी ही हैं। कांग्रेस के लिए हरियाणा विधानसभा भी राहुल गांधी के जाने पर ही बना है। प्रचार से दूर चल रही जो कुमारी शैलजा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से नाराज चल रही थीं, राहुल गांधी की पहली रैली में ही वह न केवल मंच पर दिखाई दीं बल्कि उन्होंने जमकर राहुल गांधी की भी तारीफ की ।

दरअसल राहुल गांधी ने हरियाणा में पहुंचकर शैलजा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जो मिलाया है उससे विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस की पकड़ और मजबूत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कांग्रेस को दलितों और किसानों का विरोधी करार दिया। राहुल गांधी ने हरियाणा जाते ही कंगना राणावत का किसान आंदोलन के दबाव में पीएम मोदी द्वारा वापस लिये गये तीन नये कृषि कानूनों को वापस लाने का बयान गर्मा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के होते हुए किसी भी हालत में उन काले कानूनों को वापस नहीं लाने दिया जाएगा। पहलवानों के सेक्सुअल हरासमेंट के मुद्दे को उठाकर उन्होंने दिल्ली जंतर-मंतर पर पहलवानों के साथ की गई बदसलूकी को याद करा दिया। विनेश फोगाट के साथ दिल्ली जंतर-मंतर और ओलंपिक में जो हुआ उससे लोगों को अवगत करा दिया। दरअसल पहलवानों का मामला हरियाणा के लोगों के दिलों से जुड़ा है।

दरअसल बीजेपी की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली हरियाणा में हो चुकी है। बीजेपी ने कुमारी शैलजा की नाराजगी और राहुल गांधी के आरक्षण को लेकर दिये गये बयान को लेकर यह माहौल बनाने का प्रयास किया कि हरियाणा का दलित बीजेपी को वोट करने जा रहा है। पर न केवल हरियाणा बल्कि दूसरे प्रदेशों के दलितों के अंदर भी बीजेपी के ४०० के पार जाने पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की नीयत की बात नहीं निकली है।

दरअसल इस समय हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा जाटों के सर्वमान्य नेता हैं। चौधरी देवीलाल, बंसीलाल, ओमप्रकाश चौटाला के बाद दुष्यंत चौटाला थोड़ा उभरकर सामने आये थे पर खट्टर सरकार में शामिल होने तथा किसान आंदोलन में किसानों के पक्ष में न खड़ा होने की वजह से हरियाणा में दुष्यंत चौटाला की छवि खराब हुई है। ऐसे में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना रखा है। साथ ही पहलवानों के बृजभूषण सिंह पर लगाए गए यौन शोषण के आरोप, जंतर मंतर पर पहलवानों का उत्पीड़न भी हरियाणा में बड़ा मुद्दा है। क्योंकि हरियाणा में जाट चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा की स्थिति वहां पर मजबूत मानी जा रही है। देखने की बात यह है कि गत विधानसभा चुनाव में सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला और भूपेंद्र सिंह हुड्डा में वर्चस्व की लड़ाई के चलते अंत समय में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनाव की कमान मिली थी फिर भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस को ३० सीटें दिलवा दी थी।

## डिजिटल इंडिया पर भारी साइबर ठगी

-अनुज आचार्य-

भारत में अब डिजिटलाइजेशन के चलते फल-सब्जी, दूध-राशन इत्यादि खरीदने से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग तक सब कुछ कैश पेमेंट के बिना आसानी से खरीदा-बेचा जा रहा है। डिजिटलाइजेशन ने जिंदगी को इतना आसान बना दिया है कि अब बैंक की लंबी लाइन में लगे बिना बिजली-पानी-बीमा का भुगतान घर बैठे हो रहा है और एक रुपए से लेकर लाखों तक का डिजिटल ट्रांजैक्शन महज एक क्लिक पर हो रहा है। लेकिन वहीं साइबर अपराधों में हो रही बढ़ोत्तरी ने लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाना भी शुरू कर दी है। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के पालमपुर की एक महिला से 20 लाख 38 हजार रुपए की ठगी का मामला साइबर थाना धर्मशाला में दर्ज हुआ है, जबकि हिमाचल में पिछले साढ़े सात महीनों में 44 करोड़ रुपए के फाइनांशियल फ्रॉड के मामले दर्ज हुए हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अनुसार अप्रैल 2024 तक 740957 से ज्यादा साइबर फ्रॉड की शिकायतें पूरे भारतवर्ष में दर्ज की गई हैं, जबकि जनवरी से अप्रैल के बीच 1750 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की गई।

पिछले आठ महीनों में हिमाचल के साइबर थानों में करीब 110 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिसमें लोगों ने अपने आप रुपयों को दोगुना करने के चक्कर में या फिर अज्ञानतावश अपनी धनराशि गंवा दी है। साइबर सैल द्वारा पिछले साढ़े सात माह के मामलों की जांच में पाया गया कि इनमें सबसे अधिक 40 फीसदी मामले इन्वैस्टमैंट फ्रॉड के हैं, 30 फीसदी फ्रॉड स्टॉक मार्किट से जुड़े हुए थे, 15 से 20 फीसदी मामले ब्लॉक चेन के सामने आए हैं, जबकि 10 प्रतिशत मामले ठगी के होते हैं, जिसमें बच्चे को पकड? सहित कई अन्य बातें कहकर पैसे ऐंठे जाते हैं। 5 फीसदी मामले रंगदारी के भी सामने आए हैं। हिमाचल प्रदेश के शास्त्री प्रदीप कुमार ने अपने फेसबुक अकॉउंट में सूचित किया है कि किसी ने उनके बैंक अकॉउंट से 14800 रुपए निकाल लिए हैं। फेसबुक अकाऊंट हैक कर परिचितों से रुपए मांगने के मामले तो आम ही हो चुके हैं। साइबर ठगों द्वारा ठगी के यह मामले कोई नए नहीं हैं, बल्कि इस तरह के मामले पूरे भारत से आए दिन सामने आते रहते हैं। केंद्र सरकार ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए एक राष्ट्रीय रजिस्ट्री बनाने का फैसला किया है। साथ ही विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय के लिए सीएफएमसी बनाया गया है। इसी तरह से समन्वय प्लेटफार्म साइबर अपराध के आंकड़े संग्रहित करने, साइबर अपराध का मानचित्र बनाने, उनका विश्लेषण करने के साथ ही साइबर अपराध के विरुद्ध काम करने वाली एजेंसियों के लिए वन स्टाप पोर्टल के रूप में काम करेगा। साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए साइबर कमांडो तैनात किए जाएंगे। विशेष रूप से प्रशिक्षित साइबर कमांडो साइबर धोखाखड़ी करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर सकेंगे। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने साइबर कमांडो के साथ-साथ साइबर फ्राड मिटिगेशन सेंटर (सीएफएमसी), साइबर क्राइम की जांच में जुटी एजेंसियों के लिए समन्वय प्लेटफार्म और संदिग्ध साइबर अपराधियों की राष्ट्रीय रजिस्ट्री बनाने की नई योजनाओं को लांच किया है। हिमाचल में यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार हो चुका है तो वह तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम पुलिस थाना मंडी के लैंडलाइन नंबर 01905-226900 या संबंधित ईमेल पर संपर्क करें और अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। भारतीय कानून के तहत, साइबर अपराधों से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 (आईटी अधिनियम) के तहत निपटा जाता है। आईटी अधिनियम के तहत साइबर अपराध करने के लिए दंड का भी प्रावधान है। जैसे हैकिंग के लिए आईटी अधिनियम की धारा 66 के तहत हैकिंग की सजा तीन साल तक की कैद या पांच लाख रुपए तक का जुमार्ना या दोनों है। पहचान की चोरी आईटी अधिनियम की धारा 66 सी के तहत एक अपराध है। आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत अश्लील सामग्री का प्रकाशन या प्रसारण अपराध है। साइबर स्टाकिंग भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354-डी और आईटी अधिनियम की धारा 66-ई के तहत एक अपराध है। यद्यपि इंटरनेट के आगमन ने हमारे जीवन में नवीनतम सुविधाओं का संसार तो खोल दिया है, लेकिन ऑनलाइन धोखाधड़ी के द्वार भी खोल दिए हैं, जो आज की डिजिटल दुनिया में एक गंभीर चिंता का विषय है।



-प्रियंका सौरभ-

यह पवित्रता ही है जो समाचार को समाज में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। लेकिन फर्जी खबरों की परिघटना समाचार के मूल मूल्यों को निशाना बनाती है, जो असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों या उन उच्च और शक्तिशाली लोगों के निजी हितों को पोषित करती है, जो समाचार की आड़ में अपना निजी एजेंडा आगे बढ़ाते हैं। और जब फर्जी खबरों को डिजिटल पंख लग जाते हैं, तो यह वायरल पत्रकारिता में बदल जाती है। यदि इसका दुरुपयोग किया जाता है, तो यह हिंसा और घृणा फैला सकती है, तबाही मचा सकती है और नागरिक समाज के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है।

# डिजिटल युग में फर्जी खबरें

डिजिटल युग में फर्जी खबरें (फेक न्यूज) एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं, जिसमें जनता को गुमराह करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित करने की क्षमता है। हालाँकि, गलत सूचना को संबोधित करने में, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(˙) के तहत गारंटीकृत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को संतुलित करना आवश्यक है। चुनौती नागरिकों के असहमति व्यक्त करने या राय व्यक्त करने के अधिकार का उल्लंघन किए बिना गलत सूचना का मुकाबला करने में है अर्थात यह सुनिश्चित करने में है कि नियामक उपाय वैध भाषण का दमन न करें। यह पवित्रता ही है जो समाचार को समाज में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। लेकिन फर्जी खबरों की परिघटना समाचार के मूल मूल्यों को निशाना बनाती है, जो असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों या उन उच्च और शक्तिशाली लोगों के निजी हितों को पोषित करती है, जो समाचार की आड़ में अपना निजी एजेंडा आगे बढ़ाते हैं। और जब फर्जी खबरों को डिजिटल पंख लग जाते हैं, तो यह वायरल पत्रकारिता में बदल जाती है। यदि इसका दुरुपयोग किया जाता है, तो यह हिंसा और घृणा फैला सकती है, तबाही मचा सकती है और नागरिक समाज के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है।

आजकल फर्जी खबरें समाचार उद्योग के साथ-साथ समाज के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। इंटरनेट क्रांति ने फर्जी खबरों को फैलाने के लिए एक नरम आधार प्रदान किया है और यह गलत सूचना, समाचार में अशुद्धि, भ्रामक समाचारों, अर्धसत्य और कभी-कभी अत्यधिक सनसनीखेज रिपोर्टिंग का प्राथमिक कारण बन गया है, जो जनता का ध्यान खींचने और उन्हें गुमराह करने के लिए किया जाता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर सूचना इतनी तेज गति से फैलती है कि विकृत, गलत या झूठी सूचना वास्तविक दुनिया में कुछ ही मिनटों में लाखों उपयोगकताओं के लिए प्रभाव पैदा करने की जबरदस्त क्षमता रखती है। फेसबुक और ट्विटर जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स और व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप फर्जी खबरें फैलाने के लिए उपजाऊ प्लेटफॉर्म बन गए हैं। इस पृष्ठभूमि में यह पेपर फर्जी खबरों की चुनौतियों, समाज पर इसके प्रभाव, फर्जी खबरों को फैलाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म को विनियमित करने में सरकार की भूमिका, सोशल मीडिया के स्व-नियमन और सबसे बढ़कर नागरिकों और युवाओं की ज़िम्मेदारी का मूल्यांकन करने का इरादा रखता है, जो देश का भविष्य हैं।

गलत सूचना की समस्या का मुकाबला करने और वाक स्वतंत्रता की सुरक्षा के बीच संतुलन हासिल करने में कई दिक्कतें हैं। 'फर्जी समाचार' या 'भ्रामक सूचना' जैसे शब्दों के लिए स्पष्ट परिभाषाओं का अभाव कानूनी अस्पष्टता उत्पन्न करता है, जिससे वाक स्वतंत्रता संबंधी अधिकारों का उल्लंघन किए बिना सामग्री को विनियमित करना मुश्किल हो जाता है। गलत सूचना से निपटने के उद्देश्य से किए गए विनियामक उपाय अक्सर सरकारी अतिक्रमण का कारण बन जाते हैं, जहाँ अधिकारी फर्जी खबरों (फेक न्यूज) पर अंकुश लगाने के परिप्रेक्ष्य में असहमति की मुद्दों को दबा सकते हैं। अस्पष्ट विनियमन और कानूनी कार्रवाई के डर से व्यक्तियों में स्व-सेंसरशिप की प्रवृत्ति उत्पन्न हो सकती है विशेष रूप से मीडिया, राजनीतिक व्यंग्य या सक्रियता में, जिससे रचनात्मकता और खुले विचार-विमर्श पर असर पड़ता है। उदाहरण के लिएः व्यंग्यकार और हास्य कलाकार अस्पष्ट कानूनों के तहत नतीजों के डर से सरकारी नीतियों पर टिप्पणी करने से बच सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कानूनी समस्याओं से बचने के लिए पहले से ही सामग्री हटाने का दबाव हो सकता है भले ही सामग्री किसी कानून का उल्लंघन न करती हो, जिससे ऑनलाइन उपलब्ध राय की विविधता प्रभावित हो सकती है। ट्विटर और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म अपनी 'सेफ हॉर्बर' सुरक्षा खो सकते हैं , जो उन्हें उपयोगकर्ता-जनित सामग्री के प्रति उत्तरदायित्व से बचाती है।

वाक? स्वतंत्रता ,व्यक्तियों को राय व्यक्त करने की अनुमति प्रदान करती है जो सदैव सत्यापित तथ्यों के साथ संरेखित नहीं हो सकता है, जिससे गलत सूचना और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। गलत सूचना पर नियामक नियंत्रण ,अनजाने में खोजी पत्रकारिता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है जिसमें अक्सर शक्तिशाली संस्थाओं के संबंध में असुविधाजनक सच्चाइयों को उजागर करना शामिल होता है। हालाँकि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों को रोकने के लिए फर्जी खबरों (फेक न्यूज) पर अंकुश लगाना आवश्यक है परंतु अति उत्साही दृष्टिकोण वाक स्वतंत्रता सहित नागरिक स्वतंत्रता को कमजोर कर सकता है। कानून में स्पष्ट और विशिष्ट परिभाषाएँ होनी चाहिए कि फर्जी खबरें क्या होती हैं जो जानबूझकर फैलाई गई गलत सूचना और वैध राय के बीच अंतर स्पष्ट करना। उदाहरण के लिएः भारत यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम के समान एक रूपरेखा अपना सकता है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किये बिना स्पष्ट रूप से अवैध सामग्री को रेखांकित करता है। सामग्री की तथ्य-जाँच के लिए स्वतंत्र, गैर-सरकारी निकायों की स्थापना से सरकारी पूर्वाग्रह का जोखिम कम हो सकता है और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकती है।

आनुपातिक विनियमनः विनियामक कार्रवाई आनुपातिक होनी चाहिए और इसका परिणाम व्यापक प्रतिबंध या सामग्री को हटाना नहीं होना चाहिए।

जवाबदेही और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सामग्री हटाने के अनुरोधों के लिए न्यायिक निगरानी सुनिश्चित करने से मनमाने निर्णयों को रोकने में मदद मिलती है और व्यक्तियों के स्वतंत्र अभिव्यक्ति के अधिकारों की रक्षा होती है। गलत सूचना का दीर्घकालिक समाधान मीडिया साक्षरता में सुधार करने में निहित है, जिससे जनता को स्वतंत्र रूप से समाचार स्त्रोतों और सूचना का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने में सक्षम बनाया जा सके। डिजिटल इंडिया जैसे सरकारी कार्यक्रमों को मीडिया साक्षरता अभियान में शामिल किया जा सकता है, जिससे नागरिकों को फर्जी खबरों (फेक न्यूज) की पहचान करने और उनसे बचने का तरीका सिखाया जा सके। प्लेटफार्मों और नियामक निकायों को इस संदर्भ में पारदर्शी होना चाहिए कि सामग्री को क्यों चिह्नित या हटाया गया है, तथा जनता का विश्वास बनाने के लिए स्पष्ट कारण बताए जाने चाहिए। कानून को हानिकारक गलत सूचना (जैसे, फर्जी चिकित्सा सलाह) पर अंकुश लगाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जबकि हानिरहित झूठ या राय को वाक स्वतंत्रता के तहत संरक्षित रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। फर्जी खबरों (फेक न्यूज) के खिलाफ लड़ाई में, गलत सूचना की समस्या का मुकाबला करना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की रक्षा के बीच संतुलन हासिल करना, लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित करने के लिए आवश्यक है। पारदर्शी तथा सुपरिभाषित नियम जो सरकारी अतिक्रमण का कारण न बनें, मीडिया साक्षरता और न्यायिक निगरानी के साथ मिलकर राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता दोनों की रक्षा कर सकते हैं । यह संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि गलत सूचना की समस्या का मुकाबला करने के साथ-साथ भारत के डिजिटल युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी बनी रहे।

-ललित गर्ग-

# योग एवं योग-निद्रा के चमत्कारी प्रभाव से वैज्ञानिक सहमत

विश्व में भारतीय योग की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, योग के चमत्कारी प्रभावों को अब विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। उनके प्रयत्नों से भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है।

आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव एवं अनिद्रा महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। नये शोध से तथ्य सामने आया है कि नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस नये वैज्ञानिक शोध में ऐसे कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया।

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी भीतरी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। इसी के मध्यनजर तरह-तरह के शोध एवं अनुंसधान योग को लेकर हो रहे हैं, अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में यह बात सामने आयी है कि योग से आराम के गहरे अहसास होते हैं। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा आराम देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। इस आधार पर तो हम यही कह सकते हैं कि हम अपने मस्तिष्क का सही और पूरा उपयोग करना नहीं जानते। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था।

बहुत सारी शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं अज्ञान के कारण पैदा होती हैं। शरीर और उसके विभिन्न अवयवों के बारे में जानकारी के अभाव में आदमी के सामने अनेक शारीरिक कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है। शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक शांति एवं स्वस्थ्यता के लिये योग की एकमात्र रास्ता है। लेकिन भोगवादी युग में योग का इतिहास समय की अनंत गहराइयों में छुप गया है।

-राकेश अचल-

# सुप्रीम कोर्ट ने देश को दिया सुरमा

आज की पीढ़ी सूरमा के बारे में तो जानती होगी लेकिन उसे सुरमा के बारे में ज्यादा पता नहीं होगा। सुरमा का इतिहास बड़ा पुराना है। अक्सर पुराने जमाने में महिलाएं (पुरुष भी) सुरमा का इस्तेमाल अपनी आँखें आंजने यानि उन्हें खूबसूरत बनाने और निरोगी बनाने के लिए करते थे। सुरमा एके तरह का रसायन है। इसे आंजना भी एक कला है। संयोग से सुरमा को मुस्लिम समाज में बहुत तवज्जो दी गयी। अब तो बहुत कम लोग सुरमा लगते हैं, क्योंकि एक तो ये हिन्दू-मुसलमान में बंट गया, दूसरे आधुनिक विज्ञान ने इसकी फजीहत कर दी।

गोया कि हम उस जमाने के लोग हैं जब सुरमा लगाने वाली स्त्रियों को बड़े सम्मान से देखा जाता था। लोगों के पास बाकायदा एक खूबसूरत डिबिया होती थी जिसे सुरमेदानी कहा जाता था। सुरमा लगाने के लिए धातु या कांच की सलाई हुआ करती थी। सुरमे की याद मुझे अचानक तब आई जब मुझे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गयी एक टिप्पणी पढ़ने को मिली, जिसमें कहा गया है कि-कोई भी व्यक्ति (जज भी) भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकता है. यह देश की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। माननीय अदालत को ऐसी तल्ख टिप्पणी अपने ही एक अधीनस्थ न्यायालय के माननीय जज द्वारा की गयी टिप्पणी पर करना पड़ी।

आपने शायद गौर न किया हो लेकिन आपको बताये देता हूँ कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के जज की टिप्पणी को संज्ञान में लिया है और फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी क्षेत्र को पाकिस्तान नहीं कह सकता है। दरअसल, हाल ही में एक सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के जज जस्टिस वेदव्यासाचार्य श्रीशानंद ने बेंगलुरु के एक इलाके को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी। जस्टिस श्रीशानंद ने सुनवाई के दौरान एक महिला वकील पर असंवेदनशील और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 20 सितंबर कोसुप्रीम कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मांगी थी।

हाल ही में जस्टिस श्रीशानंद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक क्लिप में जज को मकान मालिक-किराएदारों के विवाद की सुनवाई के दौरान एक महिला वकील से यह कहते हुए देखा गया कि वो विरोधी पक्ष के बारे में बहुत कुछ जानती हैं। वो उनके अंडरगारमेंट्स का कलर भी आइडेंटिफाई कर सकती हैं। एक अन्य क्लिप में जज को बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहते हुए सुना गया।

आजाद भारत में ऐसी घ्रणित और लज्जास्पद टिप्पणियां करने वाले वेदव्यासाचार्य अकेले नहीं हैं। वेदव्यासाचार्य कि टिप्पणियां दरअसल उस समाज का प्रतिनिधित्व करतीं हैं जो आजादी के बाद भी देश में रह गए अल्पसंख्यकों को अपना मानने के लिए किसी भी सूरत में राजी नहीं हैं। ऐसी विचारधारा को राजनीतिक दलों ने हवा दी है। समाज में उन्होंने ही जहर घोला है और इतना ज्यादा घोल दिया है कि अब ये जहर देश की तमाम शिराओं से होता हुआ हमारी न्याय पालिका में भी प्रवेश कर गया है। जस्टिस वेदव्यासाचार्य तो एक उदाहरण भर है। वैसे भी केवल नाम वेदव्यास रखने से कोई वेदव्यास हो नहीं जाता। वो कुछ भी हो सकता है, लेकिन वेदव्यास नहीं।

बहरहाल मुझे और आप सभी को देश कि शीर्ष अदालत का आभार मानना चाहिए कि उसने आपने अधीनस्थ न्यायालय के न्यायाधीश की टिप्पणी पर संज्ञान लिया। जस्टिस वेदव्यास यदि माननीय हाईकोर्ट के न्यायाधीश न होते तो मुमकिन हैकि उन्हें उनकी टिप्पणी के लिए निलंबित कर दिया जात। कारण बताओ नोटिस दिया जाता और बाकायदा कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती, लेकिन माननीय अदालतों कि एक मयार्दा होती है। उसकी लक्ष्मण रेखाएं होतीं हैं, उन्हें आसानी से लांघा नहीं जा सकता।

खुशी की बात ये है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जस्टिस वेदव्यास के जरिये पूरे देश को ये संदेश दे दिया कि हर किसी को अपनी जबान काबू में रखना चाहिए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय का ये निर्देश उन नेताओं के लिए ज्यादा लागू हो सकता है जो बात-बात में अपने ही नागरिकों को ही नहीं बल्कि प्रतिपक्ष के नेताओं तक को बात -बात में पाकिस्तान जाने कि नसीहत देने से नहीं चूकते। हमारे देश के नेता ही नहीं बल्कि सरकारके मंत्री तक किसी को भी देश का आतंकी नंबर वन कह सकते है। कह चुके हैं, लेकिन दुर्भाग्य न सुनने वालों ने संज्ञान लिया और न किसी अदालत ने। अदालत भी आखिर किस-किसका संज्ञान ले? यहां तो पूरे कुएं में भांग घुल चुकी है। लेकिन मुझे फिर भी यकीन है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय डरा दिया गया निर्देश संकीर्ण लोगों कि आँखों में पड़े जाले को काटने में सुरमे का काम करेगा।

बहुत कम लोगों को पता है कि काजल और सुरमा दो अलग-अलग चीजें है। दोनों आँखों को आंजती हैं। खूब सूरत और निरोगी बनाती है। सुरमा लगी आँखें जिसने देखी होंगीं वो उनकी खूबसूरती को समझ सकता है। सुरमा लगी आँखों कि खूबसूरती लफ्जों में बयां नहीं कि जा सकती। मैंने बचपन में अपने आसपास रहने वाली तमाम बूढी और जवान महिलाओं को अपनी आँखों में सुरमा आँजते देखा है।

सुरमा पड़ते ही आँखे एकदम सुर्ख रू हो जातीं है। कुछ देर के लिए डबडबाती भी हैं लेकिन अश्कों को सलीके से दुपट्टे से पोंछ भी लिया जाता है और फिर आँखों में जो धार आती है उसके आगे तलवार की धार भी मौथरी पड़ जाये। गीतकारों ने हालाँकि सुरमा लगी आँखों को सुरमयी अँखियाँ कहने कि कोशिश की है। लेकिन इसके दो अर्थ निकलते हैं। पहला सुरमा लगी आँखें और दूसरा नशीली आँखें।

कमाल की बात ये है कि हमारी शीर्ष अदालत मौके-बेमौके समाज कि आँखों में सुरमा लगाता रहता है। शीर्ष अदालत के पास कानून की सुरमेदानी है। उसमें तरह-तरह का सुरमा होता है। कभी इसका असर होता है और कभी नहीं होता। लेकिन सुरमा का इस्तेमाल न समाज ने बंद किया है और न न्यायपालिका ने। आज यदि देश में बहुत कुछ खूबसूरत बचा है तो इसी सुरमे की वजह से ही, अन्यथा एक पूरी जमात सब कुछ गुड़-गोबर करने पर आमादा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**

समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# जड़ें जमाने की जद्दोजहद में जुटी आप, पंजाब और दिल्ली से लगती सीटों पर फोकस, मुफ्त की तीन गारंटियां

**चंडीगढ़।** दिल्ली व पंजाब में फल-फूल चुकी आम आदमी पार्टी (आप) को हरियाणा की जमीन पर जड़ें जमाने में वक्त लग सकता है। पिछली बार 46 उम्मीदवार उतारकर लगभग हर सीट पर जमानत जब्त करवाने वाली आप इस बार अकेली ऐसी पार्टी है जिसने सभी 90 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं।

कांग्रेस व भाजपा ने एक-एक सीट दूसरे दलों को दी है। आप को उम्मीदवार तो मिल गए पर अब उनकी जीत सुनिश्चित करने का कड़ा इम्तिहान है। हरियाणा में आप नेतृत्व के संकट से जूझती आई है। पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की जेल से 177 दिन बाद हुई रिहाई से उसकी जान में जान आ गई है।

दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल तीन दिन से प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का उनका प्रयास है। केजरीवाल हरियाणा के ही भिवानी जिले के सिवानी के हैं, पर उनकी सियासी कर्मभूमि दिल्ली रही है। हरियाणा का बेटा होने की बात कहकर वह यहां पकड़ बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

केजरीवाल कहते हैं कि इस बार आप हरियाणा में किंगमेकर होगी, क्योंकि किसी एक को बहुमत नहीं मिलने वाला है। आप की उपलब्धि यही होगी कि वह मुकाबले को त्रिकोणीय बना दे। उसके पास पांच-छह से ज्यादा अनुभवी उम्मीदवार नहीं हैं। संगठन खड़ा करने के दावे प्रदेश के नेता करते रहे हैं। अब उन दावों की परीक्षा होनी है, जो आसान नहीं है। 2019 के विधानसभा चुनाव में उसे केवल 0.48 प्रतिशत वोट मिले थे, जो नोटा से भी कम थे। ज्यादातर उम्मीदवारों को एक हजार से भी कम वोट मिले व जमानत जब्त हो गई। 2019 में आप ने तीन सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ा और वोट फीसद 0.36 रहा था।

2024 में उसने कांग्रेस संग गठबंधन में एक सीट कुरुक्षेत्र से चुनाव लड़ा, पर हार गई। यह जरूर है कि इस लोकसभा सीट के नौ में से चार विधानसभा क्षेत्रों में उसे लीड मिली और वोट 3.96 फीसदी हो गए। इसकी एक वजह यह थी कि कांग्रेस के मत भी उसकेे हिस्से आए। इसलिए आप की जड़ें कितनी जमीन पकड़ पाई हैं, इसका सही अंदाजा इसी चुनाव में होगा।

राजनीतिक विश्लेषक व पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. गुरमीत सिंह मानते हैं कि दस सीटें मांग रही आप अगर कांग्रेस के पांच सीटों के ऑफर को ही मान लेती तो भी उसे फायदा होता। कांग्रेस के सहयोग से वह इन सीटों पर जीत की स्थिति में होती। अब उसका मुकाबला भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी होगा। दोनों की अपेक्षा आप का काडर कमजोर है।



## केजरीवाल पर ही टिका प्रचार का पूरा दारोमदार

दिल्ली की गद्दी आतिशी को सौंपने के तुरंत बाद केजरीवाल हरियाणा का रुख कर गए हैं। पहले उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ही प्रचार की कमान संभाले हुए थे। मान का पंजाब से लगती सीटों पर प्रभाव है।
अब केजरीवाल के आने से एकदम प्रचार में तेजी आई है। उनके रोड शो मे पीले झंडे लिए भीड़ दिखने लगी है। लेकिन यह भीड़ वोटों में कितनी बदल पाएगी, यह आठ अक्तूबर को नतीजे आने पर ही पता चलेगा।

## मुफ्त की तीन गारंटियां

आप मुफ्त बिजली, मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज की तीन गारंटियों के अलावा महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये व युवाओं को रोजगार के वादे के साथ मैदान में है। इसके लिए वह दिल्ली व पंजाब मॉडल का जिक्र कर रही है।

## आप हुई मजबूत तो कांग्रेस को नुकसान

हरियाणा में भाजपा के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी है और यह माना जा रहा है कि इसका लाभ कांग्रेस को होगा, पर अगर आप का वोट शेयर बढ़ता है तो वह कांग्रेस को जाने वाले वोट से ही बंटेगा। ऐसी स्थिति में आप राष्ट्रीय स्तर पर अपने इंडिया गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाएगी। हालांकि कांग्रेस नेता मानते हैं कि बहुत कम सीटों पर ऐसी स्थिति हो सकती है। गुजरात व गोवा में भी आप ने भाजपा से ज्यादा कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाया था। वैसे आप नेता कांग्रेस पर प्रहार से बच रहे हैं। उनका निशाना भाजपा ही है।

## पंजाब व दिल्ली से लगती सीटों पर फोकस

इन दोनों राज्यों में अपनी सरकार होने की वजह से आप का ज्यादा फोकस इनसे लगती सीटों पर है। अरविंद केजरीवाल ने पंजाबी बहुल इलाकों में ही ज्यादातर रैलियां की हैं। सिरसा, डबवाली, फतेहाबाद, यमुनानगर, पिहोवा जैसी सीटों पर आप ने ज्यादा जोर लगाया है। दिल्ली से लगती सोनीपत, फरीदबाद, गुरुग्राम की सीटों पर भी उसकी नजरें हैं। वैसे पार्टी की कोशिश लगभग सभी बेल्टों में केजरीवाल की रैलियां व रोड शो करवाने की है।

# आसान नहीं पानीपत की लड़ाई, असंतुष्ट खड़ी कर रहे बाधाएं; निर्दलीय भी निर्णायक भूमिका में

**पानीपत।** एक नवंबर 1991 को करनाल से अलग होकर बने पानीपत में चुनावी माहौल पल-पल बदल रहा है। वर्ष 2019 में पानीपत शहरी और ग्रामीण सीट भाजपा, जबकि समालखा व इसराना कांग्रेस के खाते में गई थीं।

इस बार चारों सीटों पर प्रतिद्वंद्वी कड़े मुकाबले में फंसे हैं। हालांकि दो सीटों पर भाजपा व दो पर कांग्रेस खुद को ज्यादा मजबूत मान रही है। पानीपत ग्रामीण और समालखा में निर्दलीय भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

2009 में हुए परिसीमन के बाद टेक्सटाइल के लिए विख्यात इस जिले में केवल चार सीटें ही बचीं। चारों सीटों पर भाजपा ने मजबूत चेहरों को उतारा है। पानीपत शहर में प्रमोद विज ने तो कमर कस रखी है पर ग्रामीण में महिपाल ढांडा को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रमोद विज के सामने कांग्रेस ने वरिंदर सिंह बुल्लेशाह पर दांव खेला है। प्रमोद पांच बार विधायक रह चुके अपने पिता फतेहचंद विज की विरासत को बचाने में जुटे हैं, जबकि बुल्लेशाह नया चेहरा हैं।

वह पूर्व परिवहन मंत्री बलबीर पाल के भाई हैं और उनके पिता भी यहां से विधायक रह चुके हैं। इन दोनों की लड़ाई में निर्णायक की भूमिका पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी निभा रही हैं। वह 2014 में भाजपा विधायक रह चुकी हैं। इस बार लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गईं और टिकट नहीं मिलने पर आजाद लड़ रही हैं।



पानीपत ग्रामीण हलके में भी निर्दलीय विजय जैन खेल बिगाड़ रहे हैं। भाजपा के पार्षद रहे विजय जैन को टिकट नहीं मिला तो वे कांग्रेस में चले गए और वहां भी अनदेखी होने पर वे निर्दलीय उतरे हैं। यहां भाजपा के महिपाल ढांडा के सामने जैन के अलावा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू दीवार बनकर खड़े हैं। कुंडू भूपेंद्र हुड्डा के नजदीकी हैं। वह लोकसभा चुनाव के बाद से ही इलाके में सक्रिय हो गए थे।

**समालखा में भी कांटे की टक्कर...** समालखा में भी कांग्रेस प्रत्याशी धर्म सिंह छौक्कर हुड्डा के करीबी हैं। उनको सबसे बड़ा सहारा अपने नाम व हुड्डा का है। वे हलके में लंबे समय से सक्रिय भी हैं। दूसरी ओर भाजपा के पूर्व सहकारिता मंत्री करतार सिंह भड़ाना के बेटे मनमोहन भड़ाना हाईकमान के साथ व अपनी मेहनत के बलबूते बराबरी पर आ गए हैं और मजबूत स्थिति पेश कर रहे हैं। यहां निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र मच्छरौली केवल वोट काटू की स्थिति में ही नजर आ रहे हैं।

भाजपा को अपनों से ही खतरा

इसराना (आरक्षित) सीट पर कांग्रेस के विधायक बलबीर वाल्मीकि के सामने भाजपा के कृष्णलाल पंवार मैदान में हैं। यहां भाजपा को अपने ही पूर्व प्रदेश सचिव सत्यवान शेरा से सबसे ज्यादा खतरा है। टिकट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय मैदान में उतर आए हैं और भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगा सकते हैं।

हालांकि पंवार पिछली हार का बदला लेने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए हैं। 2009 और 2014 में विधायक रहे पंवार को 2019 में हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने उनको राज्यसभा सदस्य बनाया है।

# राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निशाने पर राहुल गांधी, बोलीं- कांग्रेस का काम बांटना

**कैथल।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वीरवार को हरियाणा के कैथल में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। दिया कुमारी ने अपने दो दिवसीय चुनावी दौरे के शुरूआत में कैथल के जिला सैनी भवन में भाजपा उम्मीदवार लीला राम के पक्ष में एक महिला सम्मेलन में शिरकत की।

अपने संबोधन में दिया कुमारी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में राजस्थान के लोगों ने भी परेशानियां झेली, इसलिए वहां भाजपा सरकार है। भाजपा सरकार बनने के बाद सबसे पहले सड़कों का जाल बिछाने का काम किया। वहीं, ऐसी सड़कें किसी भी प्रदेश में नहीं बनी, जैसी हरियाणा में 10 साल में बनी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए भी राहुल गांधी ने विदेश में जाकर समाज को बांटने के लिए गलत बयानबाजी की, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। यह कांग्रेस की नीति की है। दिया कुमारी ने आम आदमी पार्टी पर भी सवाल उठाए और कहा कि आप के मंत्री और मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त हैं।




दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की आधी आबादी रखने वाले महिला वर्ग के उत्थान के लिए किए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रसवकालीन अवकाश, सेना में अवसर, लखपति दीदी, आंगनबाड़ी अपग्रेडेशन जैसे कई निर्णय केंद्र सरकार ने लिए। प्रधानमंत्री के सभी फ्लैगशिप योजनाओं को सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को मिला है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और सेना सशक्त हुई है। हमारे खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक ने शानदार प्रदर्शन किया है। ये देश के मजबूत नेतृत्व का ही नतीजा है कि युवाओं को नए मौके मिल रहे हैं और पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन हुआ है।

**देश में भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेसः भजनलाल शर्मा...** वहीं, पानीपत में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते हुए जमकर जुबानी हमला बोला। पानीपत में आयोजित रैली राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि अगर कांग्रेस के पिछले 3-4 घोषणापत्रों को देखेंगे, तो आप पाएंगे कि उन्होंने झूठ और लूट के अलावा कुछ नहीं किया है। जब चुनाव आते हैं, तो कांग्रेस जनता से झूठे वादे करती है। देश में भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस है। अगर देश और प्रदेश को भ्रष्टाचार की तरफ किसी ने धकेला है तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस ने बहुत पहले देश से गरीबी खत्म करने का नारा दिया था। गरीबी खत्म करने का नारा इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह और अब सोनिया गांधी और राहुल बाबा दे रहे हैं। लेकिन क्या इन्होंने आजतक गरीबी खत्म की, नहीं। कांग्रेस ने केवल भ्रष्टाचार किया है और आगे भी यही करती रहेगी।

# राहुल गांधी के बयान से सुर्खियों में आया 'डंकी रूट', पंजाब में कैसे सजा इसका बाजार

**जालंधर।** कनाडा में वीजा की सख्ती के बाद धंधेबाजरों ने अवैध मानव तस्करी के बाजार को फिर से गर्म कर दिया है। धंधेबाज 50-50 लाख रुपये लेकर डंकी वीजा से युवाओं को अमेरिका में अवैध रूप से दाखिला करवा रहे हैं। पंजाब खासकर जालंधर में बाजार में माफिया पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है और युवाओं को जाल में फंसाकर अवैध मानव तस्करी तेज कर दी गई है।

**क्या होता है डंकी रूट...** ट्रैवल एजेंट भारतीयों को दिल्ली से सर्बिया के लिए सीधी उड़ान भरते थे और बेलग्रेड में उतरते थे। इसके बाद उन्हें हंगरी और हंगरी से ऑस्ट्रिया ले जाते थे। ऑस्ट्रिया की सीमा इटली, स्विट्जरलैंड और जर्मनी के साथ लगती है। भारतीय अवैध तौर पर वहां पहुंच जाते थे और इसी यात्रा को डंकी रूट कहा जाता है। यहां से मैक्सिको की सीमा क्रॉस कर अमेरिका में दाखिल किया जाता है।




दूसरा रास्ता सर्बिया से निकलता है। अवैध यात्रा को देखते हुए ही सर्बिया ने एक जनवरी 2023 से भारतीयों के लिए वीजा मुक्त यात्रा बंद कर दी। पिछले साल दिसंबर तक भारतीय बिना वीजा के सर्बिया जा सकते थे और वहां 30 दिन तक रह सकते थे। सर्बिया के रास्ते भारतीय अवैध तौर पर यूरोपीय देश में चले जाते थे। डंकी रूट के जरिए भारत से अमेरिका तक पहुंचाने का सारा काम अवैध और गैरकानूनी होता है। इस तरीके से अमेरिका पहुंचने में दिन नहीं, बल्कि कई हफ्ते या महीने लग जाते हैं। ऐसे तरीके से अमेरिका पहुंचाने में मदद करने वाले तस्कर भी मोटी रकम वसूलते हैं। इसमें एक तरह से पूरा कार्टल या नेटवर्क काम करता है।

इसमें लोग भारत से अमेरिका सीधे नहीं पहुंचते हैं। बल्कि, कई देशों से होते हुए पहुंचते हैं।पहले मिडिल ईस्ट या यूरोप के किसी देश में ले जाया जाता है। फिर यहां से अगला पड़ाव अफ्रीका या साउथ अमेरिका होता है। उसके बाद यहां से साउथ मेक्सिको। फिर साउथ मेक्सिको से नॉर्थ मेक्सिको। और आखिर में मेक्सिको बॉर्डर से अमेरिका तक। इसके लिए पूरा खर्च 50 लाख रुपये लिया जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक 2023 से जुलाई 2024 तक 17 हजार 774 भारतीय अमेरिका सीमा में क्रॉस करते धरे गए हैं।

**पंजाब हरियाणा में फैला नेटवर्क...** जालंधर में बस स्टैंड के सामने एक लंबे कद का कपूरथला के बेगोवाल इलाके का रहने वाला किंगपिन है। जिसने पूरे पंजाब व हरियाणा में अपने सब एजेंटों को छोड़ रखा है। सारा धंधा जालंधर से चलने लगा है और एक एक युवक से 50-50 लाख लिए जा रहे हैं। जालंधर से लेकर चंडीगढ़ तक के पुलिस अधिकारी इस अवैध मानव तस्करी के धंधे में आंके मूंदकर बैठे हैं।

**पंजाबी से अवैध मानव तस्करी...** 35 साल के सुखजिंदर भी अपने जैसे लाखों नौजवानों की तरह अमेरिका जाकर बेहतर जिंदगी जीने का ख़्वाब देखते थे, लेकिन अब कोई अमेरिका का नाम भी ले तो वे सिहर उठते हैं। तरनतारन के रहने वाले सुखजिंदर का परिचय एक रिश्तेदार ने बाली में रहने वाले सनी कुमार नाम के युवक स करवाया।

# कीरतपुर साहिब पुलिस थाने को राष्ट्रीय स्तर पर आठवां स्थान, पंजाब में अव्वल, गृह मंत्रालय ने की तारीफ

**चंडीगढ़।** पंजाब में अमन-कानून की व्यवस्था को कायम रखने के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने पंजाब पुलिस की सराहना की है। राज्य के कीरतपुर साहिब पुलिस थाने ने साल 2023 की सालाना रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर 8वां और पंजाब में से पहला स्थान प्राप्त किया है।

पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि पुलिस थानों की यह सालाना रैंकिंग गृह मंत्रालय (एमएचए) की तरफ से निर्धारित मापदंडों के आधार पर की जाती है। इस प्राप्ति के अंतर्गत पुलिस थाने को केंद्रीय गृहमंत्री और केंद्रीय गृह सचिव की तरफ से साझे तौर पर हस्ताक्षर किए दो सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजीपी) हेडक्वार्टर डॉ. सुखचैन सिंह गिल के साथ एसएसपी रूपनगर गुलनीत सिंह खुराना को दोनों सर्टिफिकेट सौंपे और उनको और एसएचओ कीरतपुर साहिब को बधाई दी। गृह मंत्रालय की तरफ से पूर्व- प्रभाषित मापदंडों जैसे जांच का निपटारा, शिकायतों का निपटारा, प्रभावी ढंग के साथ शिकायत निपटारे, रिकॉर्ड की संभाल, कंवीक्शन रेट आदि के आधार पर पुलिस थानों की सालाना दजार्बंदी की जाती है। डीजीपी ने बताया कि कीरतपुर साहिब पुलिस थाने ने कुशल और सुयोग्य पुलिसिंग के प्रति अपनी वचनबद्धता का सबूत देते हुए इन क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। यह प्राप्ति कीरतपुर साहिब पुलिस की तरफ से अपनाई गई प्रभावशाली पुलिस रणनीतियों और जन हितैषी पहुंच को दशार्ती है।



डीजीपी ने पुलिस की सेवाओं को मान्यता देने के लिए गृह मंत्रालय का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह मान्यता पुलिस कर्मियों के लिए बेमिसाल सेवाएं प्रदान करते रहने के लिए प्रेरणा और पंजाब पुलिस की उत्तमता के प्रति वचनबद्धता और लोगों के लिए अधिक से अधिक सुरक्षित माहौल सृजन करने के प्रयासों को दशार्ती है।

# कंगना के बयान से मुश्किल में भाजपाः कांग्रेस ने लपका मामला, किसान संगठनों को भी मिला मुद्दा

**चंडीगढ़** तीन कृषि कानूनों को लेकर मंडी की सांसद कंगना रणौत के बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी घिरती हुई नजर आ रही है। खासकर हरियाणा भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई हैं क्योंकि यहां पर अभी विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। हालांकि, कंगना ने बयान वापस ले लिया है, लेकिन कांग्रेस ने इस मामले को लपक लिया है। कांग्रेस के नेता कंगना पर हमलावर हो गए हैं। वहीं, हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन और संगठन सतर्क हो गए हैं। लोकसभा चुनावों के बाद विधानसभा चुनावों में चुप बैठे किसानों को एक बार फिर से बड़ा मुद्दा मिल गया है। किसान नेताओं ने भी भाजपा नेता कंगना और भाजपा की घेराबंदी शुरू कर दी है।

तीन कानूनों के खिलाफ चले किसान आंदोलन का असर हरियाणा में हुए लोकसभा चुनाव में पूरा असर देखा गया था। किसानों के विरोध के चलते भाजपा को यहां दस में से पांच सीटें गंवानी पड़ी हैं। किसान आंदोलन का समर्थन करने वाली कांग्रेस को यहां पांच सीटें मिल गई। लोकसभा चुनावों में किसानों ने भाजपा और जजपा नेताओं का विरोध किया था। हालांकि, विधानसभा चुनाव में किसान संगठन चुप बैठे थे और किसी का खुलकर विरोध नहीं कर रहे थे। हाल ही में कलायत में हुई भाकियू की रैली में भाजपा को वोट नहीं देने का ऐलान जरूर किया गया था। कंगना ने तीन कृषि कानूनों का जिक्र करके एक बार फिर इस मुद्दे को हवा दे दी है।



**भाजपा की साजिश, दोबारा माहौल बनाने की कोशिश : मान..** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान का कहना है कि यह भाजपा की साजिश है। तीन कृषि कानून सही नहीं थे, इसलिए ही पीएम ने वापस लिए थे, लेकिन भाजपा अब कंगना रणौत के माध्यम से दोबारा इनके लिए माहौल बनाने की साजिश है। किसान कानूनों के खिलाफ पहले भी थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। एआईसीसी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा किसानों के प्रति किस प्रकार का रवैया रखती है, कंगना के बयान ने इसे पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत करते हुए सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा इस बयान को कंगना की निजी राय बता कर बच नहीं सकती, क्योंकि कंगना पार्टी की कोई ब्लॉक स्तर की कार्यकर्ता नहीं है बल्कि पार्टी के टिकट पर चुनी हुई सांसद हैं।

# राहुल गांधी पर भड़के नायब सैनी, कहा-'अपना घर भरेंगे'

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज असंध से हरियाणा में चुनाव प्रचार शुरू कर रहे हैं। राहुल की रैली से पहले कार्यवाहक सीएम नायब सैनी ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है।

सैनी ने कहा कि अभी मुझे मीडिया से जानकारी मिली कि आरक्षण विरोधी सोच रखने वाले नेता राहुल गांधी हरियाणा में अपनी चुनावी सभा की शुरूआत असंध से कर रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी ने चुनाव रैली की शुरूआत उसी कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में की है, जिसने दो दिन पहले खुलेआम हरियाणा को लूटने का ऐलान करते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो "अपना घर भरेंगे" और "अपनों का घर भरेंगे।

सैनी ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि असंध के कांग्रेस प्रत्याशी से उनकी क्या सांठ-गांठ है। वो हरियाणा में कहीं और से भी तो रैली शुरू कर सकते थे लेकिन, उन्होंने असंध को ही क्यों चुना? क्या ये अपनों का घर भरना दिल्ली दरबार का खजाना भरने का कोई प्लान तो नहीं है, राहुल गांधी इसका जवाब दें।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की चैंपियन है। राहुल गांधी खुद भ्रष्टाचार के केस में जमानत पर हैं। कांग्रेस ने हरियाणा को भी खूब लूटा है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि असंध के उम्मीदवार के समर्थन में अपनी रैली की शुरूआत करके क्या वे अपना घर भरने का एजेंडा लेकर आए हैं।

सैनी ने कहा कि राहुल गांधी ने असंध से सभा की शुरूआत कर-के कांग्रेस के लूट और भ्रष्टाचार की गारंटी दी है। हरियाणा का जन-जन बोल रहा है अगर गलती से भी आ गया हाथ तो जनता के खजाने का बिगड़ेगा हालात।

# चंडीगढ़ निगम की बैठक में हंगामाः खराब वित्तीय स्थिति और काम न होने पर बवाल



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सेक्टर-17 स्थित नगर निगम कार्यालय में वीरवार को सदन की बैठक में हंगामा हो गया। हंगामा नगर निगम की खराब वित्तीय स्थिति और नहीं हो रहे काम को लेकर हो रहा है।

नेता प्रतिपक्ष कंवरजीत राणा ने कहा कि अगर मेयर लोगों के काम नहीं कर पा रहे हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। इस पर आम आदमी पार्टी की पार्षद प्रेमलता ने विरोध जताया और कहा कि सबसे पहले इस्तीफा भाजपा के पूर्व मेयर अनूप गुप्ता से लेना चाहिए, क्योंकि उनके कार्यकाल के दौरान भी काम नहीं हुए हैं। वहीं भाजपा के पार्षद ताला लेकर सदन में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब नगर निगम के पास पैसे नहीं है और लोगों के काम ही नहीं हो रहे हैं, तो ताला लगा देना ही ठीक है।

# झज्जर में सुशील गुप्ता, बोले- किसानों से नफरत करती है BJP, कंगना और मनोहर लाल पर साधा निशाना

**झज्जर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में सभी दलों ने ताकत झौंक दी है। वीरवार को पूरे प्रदेश में अलग-अलग राजनीतिक दलों के स्टार कैंपेनर चुनावी जनसभाओं को सबोंधित कर रहे हैं।

इसी सिलसिले में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने झज्जर और बादली विधानसभा के उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियां की। झज्जर में जनसभा को संबोधित करते हुए सुशील गुप्ता के निशाने पर भाजपा रही।

सुशील गुप्ता ने कहा कि जब तीन काले कृषि कानून बने तो केंद्र सरकार ने दिल्ली के स्टेडियम को जेल बनाने के लिए मांगा तो अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये देश के अन्नदाता हैं। इनके लिए जेल बनाने के लिए दिल्ली की एक इंच जमीन नहीं दूंगा, लेकिन बीजेपी की मानसिकता देखिए कि बीजेपी की सांसद कंगना रनौत फिर कह रही है कि कृषि कानून बनने चाहिए। ये बीजेपी की मंशा को उजागर करती है। जो कंगना रनौत, अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी की करीबी हैं। जिन्होंने पहले भी देश के किसानों के खिलाफ बयान दिए थे और किसानों को किराये की भीड़ बताया था। आज फिर कंगना रनौत तीनों कृषि कानूनों की मांग कर रही है।



सुशील गुप्ता ने कहा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सड़क से लेकर संसद तक पूरी ताकत लगा देंगे, लेकिन इन कानूनों को दोबारा नहीं आने देंगे। सुशील गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने अपने बयान में कहा है कि शंभू बॉर्डर पर किसान नहीं मुखौटे बैठे हैं। इससे साबित होता है कि बीजेपी देश और प्रदेश के किसानों से नफरत करती है।

मैं बीजेपी को बताना चाहता हूं कि अरविंद केजरीवाल के सिपाही किसानों के साथ हैं। यदि किसानों के लिए ये भाषा बोलोगे तो किसान आपको भगाने का काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने देश की राजनीति को नई दिशा दी।

अरविंद केजरीवाल ने दुनिया को बताया कि यदि देश का विकसित करना है तो बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार को लेकर ईमानदार राजनीति करनी पड़ेगी।

# ट्रंप के बाद ओबामा की सुरक्षा में चूक, हथियारबंद शख्स पूर्व राष्ट्रपति की कार के पास पहुंचा



**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हाल ही में जानलेवा हमला हुआ था, तब अमेरिका की सीक्रेट सर्विस पर सवाल खड़े हो गए थे। अब एक बार फिर संघीय एजेंसी सवालों के घेरे में हैं। बताया जा रहा इस बार पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की सुरक्षा में लापरवाही हुई है। दरअसल, एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि डेमोक्रेट नेता से कथित तौर पर लॉस एंजिल्स में एक 'हथियारबंद' व्यक्ति ने संपर्क किया था। हालांकि, एजेंसी ने स्पष्ट किया कि ये दावे गलत हैं और पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर कोई डर नहीं है।

**ओबामा अपनी कार में बैठे थे...**रिपोर्ट के अनुसार, ओबामा लॉस एंजिल्स में अपने पसंदीदा रेस्तरां मदर वुल्फ के बाहर अपनी कार एसयूवी में बैठे थे, तभी एक व्यक्ति उनकी गाड़ी के पास पहुंचा। उस समय पूर्व राष्ट्रपति अपने लैपटॉप पर काम कर रहे थे। इस पर सीक्रेट सर्विस ने सफाई देते हुए इन दावों को गलत बताया।

**यह रही सीक्रेट सर्विस की सफाई...**सीक्रेट सर्विस के एक प्रतिनिधि ने कहा, 'सीक्रेट सर्विस हमारे सुरक्षा के साधनों और तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दे सकती, लेकिन हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि जब व्यक्ति गली से नीचे जा रहा था, उस समय कोई भी सीक्रेट सर्विस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति वाहन में मौजूद नहीं था। ये दावे गलत हैं। विवादित फोटो वहां से निकलने के समय की है, कथित घटना के दौरान की नहीं।'

**क्या कहा प्रत्यक्षदर्शियों ने?...**हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से इसके उलट बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है, एक सशस्त्र सुरक्षा गार्ड ओबामा से कुछ इंच की दूरी पर था। उसने देखा कि पूर्व राष्ट्रपति अपनी एसयूवी की पिछली सीट पर बैठे लैपटॉप का इस्तेमाल कर रहे हैं। तभी गार्ड घबरा गया क्योंकि उसे एहसास हुआ कि उसके पास हथियार है और कार के अंदर बैठा शख्स सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा में हैं। इसके बाद वह तुरंत कार से दूर चला गया।

**सीक्रेट सर्विस सुरक्षा चूक के आरोप पर प्रारंभिक रिपोर्ट में क्या कुछ?...**एक सशस्त्र सुरक्षा गार्ड का दावा है कि वह शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से कुछ फीट की दूरी पर आ गया था, जिसे उसने सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा चूक बताई। सुरक्षा गार्ड ने अपनी पहचान उजागर नहीं करते हुए बताया कि पूर्व राष्ट्रपति की गाड़ी शनिवार शाम साढ़े सात बजे हॉलीवुड की एक गली में स्थित मदर वुल्फ रेस्तरां के बाहर खड़ी थी। किसी ने उसे बताया था कि संघीय एजेंट बाहर तैनात हैं, जिसके बाद वह नीचे चला गया था। उसने गली में दो सीक्रेट सर्विस एजेंट देखे। दूसरी तरफ, उसने होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्लेट वाली एक काली एसयूवी देखी।

मीडिया आउटलेट ने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें एसयूवी में बैठे बराक ओबामा दिखाई दे रहे हैं। सुरक्षा गार्ड ने दावा किया कि उसे नहीं पता था कि कार में बराक ओबामा हैं। वह जब पास पहुंचा तब उसे पता चला। वह ओबामा को देखते ही घबरा गया और उसे एहसास हुआ कि अगर सीक्रेट सर्विस ने उसकी बंदूक देख ली तो उसे गोली मारी जा सकती है। उसने दावा किया कि वह जल्दी से पीछे हट गए और सीक्रेट सर्विस एजेंटों को हेलो कहकर वहां से चले गए।

सुरक्षा गार्ड ने दावा किया, 'एजेंट भी मुझे वहां देखकर चौंक गए थे। करीब आधा घंटा बाद एजेंटों ने मेरे बॉस से संपर्क किया और बंदूक और परिचय पत्र सौंपने को कहा।'

**13 जुलाई को ट्रंप की रैली के दौरान गोलीबारी....**बता दें, इससे पहले बंदूकधारी ने ट्रंप की रैली के दौरान बगल की इमारत की छत से अफ-15 सेमीऑटोमैटिक राइफल से आठ राउंड फायर किए थे। इस दौरान एक गोली ट्रंप के कान को छूते हुए निकल गई थी, जबकि रैली में एक व्यक्ति की मौत हो गई और इस गोलीबारी में तीन अन्य घायल हुए थे। हालांकि, मौके पर सीक्रेट सर्विस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावर को मार गिराया था।

# गिरिराज का ममता बनर्जी पर सीधा अटैक

## 'पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या और बांग्लादेशी के लिए रेड कार्पेट और बिहार के छात्रों से मारपीट'

संवाददाता।

**बेगूसराय।** पश्चिम बंगाल में सरकारी नौकरी के लिए फिजिकल टेस्ट देने गए बिहार के छात्रों के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कड़े शब्दों में नाराजगी जाहिर की है। गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार है। जहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी, घुसपैठिए और मुसलमानों के लिए रेड कार्पेट बिछाया जाता है। उसी पश्चिम बंगाल में जब अपने ही देश के बच्चे, बिहार के अभ्यर्थी एग्जाम देने जा रहे हैं तो उनके साथ गुंडई की जा रही है। उन्हें मार रहे हैं, पीट रहे हैं, भगा रहे हैं। यह तस्वीर बिहार के तेजस्वी यादव भी देखें, राहुल गांधी भी देखें। ये लोग बताएं कि पश्चिम बंगाल अलग राष्ट्र है या भारत का एक अंग है।





इससे पहले बिहार बीजेपी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बिहार से पश्चिम बंगाल में एग्जाम देने गए छात्रों के साथ मारपीट की गई। उनके सर्टिफिकेट छीन लिया गया। उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। यह पूरी तरह से टीएमसी के गुंडई को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इशारे पर टीएमसी के कार्यकर्ता बिहार के लोगों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहे हैं। मारपीट कर रहे हैं। इन तमाम बातों पर तेजस्वी यादव और लालू यादव बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। एसी कमरे में बैठकर ट्वीट करने वाले तेजस्वी यादव को पश्चिम बंगाल में बिहार के छात्रों के साथ हुआ बर्ताव क्या नहीं दिख रहा है। क्या लोग केवल रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोगों का ही सपोर्ट करना जानते हैं।

बता दें कि पिछले 24 घंटे से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें पश्चिम बंगाल में सरकारी नौकरी के लिए फिजिकल देने गए छात्र किसी होटल के कमरे में आराम करते दिख रहे हैं। तभी वहां कुछ लोग आते हैं और उनके साथ मारपीट करने लगते हैं। वे लोग उन अभ्यर्थियों की सर्टिफिकेट भी जबरदस्ती मांगकर उसे नष्ट करने की कोशिश करते हैं। इस घटना के वीडियो पर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है।

# रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मनाया 63वां वार्षिक साधारण सभा

अनूप जोशी

**रानीगंज** रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में 63वें वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष रोहित खेतान ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के लिए गर्व का विषय है कि संस्था ने इतने वर्षों का सफर सफलतापूर्वक तय किया है।









उन्होंने जानकारी दी कि इस सभा में पिछले वर्ष के ऑडिटेड खातों को पास किया गया, एक नए ऑडिटर की नियुक्ति की गई और पिछले साल के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर 200 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

रोहित खेतान ने कहा कि चेंबर न सिर्फ एक व्यावसायिक संस्था है, बल्कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी करती है। व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रशासन और व्यापारियों के बीच सेतु का काम करना चेंबर का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में व्यापारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सरकार की नीतियां और ऑनलाइन व्यापार की बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं। इसके बावजूद,रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों को बदलते परिवेश में ढालने के लिए जागरूक करने का कार्य करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि रानीगंज और अन्य पुराने नगरों में जनसंख्या बढ़ने के बावजूद नागरिक सुविधाओं में सुधार नहीं हुआ है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके बावजूद,चेंबर व्यापारियों से आग्रह करता है कि वे अपने व्यापार को इस तरह से संचालित करें जिससे नागरिकों को कोई कठिनाई न हो।

इसके अलावा,चेंबर की महिला शाखा में 132 महिलाएं शामिल हो चुकी हैं, जो यह दशार्ता है कि आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। इस अवसर पर चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अरुण भरतीया,सचिव अरुणोमोई कुंडू, मनोज केसरी,महिला शाखा की वाइस प्रेसिडेंट रूबी गढ़वाल और वर्किंग वाइस प्रेसिडेंट बानी खेतान सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# रानीगंज सिटीजंस फोरम का सड़कों की मरम्मत को लेकर प्रदर्शन, बोरो चेयरमैन ने दिया अस्थाई समाधान का आश्वासन

अनूप जोशी

**रानीगंज :** गुरुवार को रानीगंज सिटीजंस फोरम ने बोरो दो कार्यालय के सामने सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक धरना प्रदर्शन किया।





इस दौरान रानीगंज सिटीजन फोरम के सदस्यों ने बोरो चैयरमेन को ज्ञापन सौपा गया। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य शहर की जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग थी। प्रदर्शन में फोरम के सभी प्रमुख समेत रानीगंज के सामाजिक संस्था सदस्यगण शामिल थे, जिन्होंने दुर्गा पूजा से पहले सड़कों की मरम्मत न होने से व्यापार और लोगों के आवागमन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को लेकर चिंता जताई।

रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रोहित खैतान ने कहा कि वर्तमान में शहर की सड़कों की हालत इतनी खराब हो गई है कि गाड़ियों का चलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने नगर निगम से आपातकालीन स्थिति में सड़कों की तुरंत मरम्मत की मांग की। सिटीजन फोरम के जनरल सेक्रेटरी प्रदीप कुमार नंदी ने बताया कि बोरो चेयरमैन मुजम्मिल शहजादा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और यह आश्वासन दिया कि बारिश और दुर्गा पूजा के करीब होने के कारण फिलहाल स्थाई मरम्मत संभव नहीं है, लेकिन अस्थाई रूप से सड़कों को ठीक कर दिया जाएगा।

दुर्गा पूजा के बाद सभी सड़कों की स्थाई मरम्मत की जाएगी।बोरो चेयरमैन मुजम्मिल शहजादा अंसारी ने यह भी कहा कि नगर निगम अस्थाई रूप से सड़कों को सुधारने का काम करेगा ताकि दुर्गा पूजा के दौरान लोगों को कोई समस्या न हो। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया कि वे ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए लोडिंग-अनलोडिंग का काम समयानुसार करें और फुटपाथ पर अवैध दुकानों को न लगवाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दुर्गा पूजा के बाद सड़कों की स्थाई मरम्मत की जाएगी और रानीगंज की सभी प्रमुख समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# मोतिहारी : छह करोड़ रुपये की चरस के साथ तीन अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता।

**मोतिहारी।** मोतिहारी के सुगौली रेल पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए छह करोड़ की चरस के साथ तीन अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए रेल पुलिस उपाधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तस्करों के द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थ ले जाया जाने वाला है। सूचना पर रेल पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के विनय तिवारी ने तत्काल एक विशेष छपेमारी टीम का गठन किया।



रेल पुलिस अधीक्षक के द्वारा गठित टीम का नेतृत्व करते हुए रेल पुलिस उपाधीक्षक उमेश कुमार, रेल पुलिस इंस्पेक्टर संतोष कुमार और रेल प्रभारी थानाध्यक्ष सुगौली नंदनी कुमारी सहित पुलिस बल की टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर संघन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस टीम को देख दो संदिग्ध लोग भागना चाहे पर चौकन्ना पुलिस टीम ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया। टीम के द्वारा जांच करने पर दोनों के बैग से आना-आधा किलो का बारह पैकेट चरस बरामद किया गया, जिसमें छह किलो एक सौ दस ग्राम चरस पाया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में छह करोड़ रुपये कीमत आंकी गई है।

डीएसपी कुमार ने बताया कि पकड़ाए लोगों में जिले के रामगढ़वा थाना के रघुनाथपुर वार्ड-8 ग्राम बेलहिया के शकुर मिया का पुत्र असलम आलम (30) और जैनूल अंसारी का पुत्र मुमताज अंसारी (35) है। इनके निशानदेही पर मुख्य सप्लायर रामगढ़वा थाना के चाडवां निवासी सिजाउद्दीन अंसारी का पुत्र नेमुल्लाह अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों के अनुसार, चरस को नेपाल के अफजल नाम के व्यक्ति से खरीदी गई है।

इस चरस को दिल्ली और हरियाणा भेजा जाना था। जहां बुआ जी नाम की महिला को सप्लाई देना था। उन्होंने बताया कि तीनों पर एनडीपीएस का केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने चित्तरंजन के व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

अनूप जोशी

**आसनसोल** - आसनसोल रेल शहर चित्तरंजन के अमलदही बाजार में स्थित अवैध दुकानों को हटाने के फैसले को लेकर चित्तरंजन रेल प्रशासन द्वारा की गई योजना पर चिंता जताते हुए,आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पॉल ने 25 सितंबर, 2024 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। उन्होंने इस पत्र में आग्रह किया है कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए इस उच्छेद कार्रवाई को फिलहाल स्थगित किया जाए।



अग्निमित्रा पॉल ने अपने पत्र में लिखा कि अचानक दुकानों को हटाने से दुकानदारों में डर और अनिश्चितता फैल गई है, क्योंकि उनकी आजीविका मुख्य रूप से त्योहारी सीजन में होने वाली बिक्री पर निर्भर करती है। उन्होंने रेल मंत्रालय से अनुरोध किया कि दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस कार्रवाई को त्योहारों के बाद तक के लिए टाला जाए, ताकि उनकी आय पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और त्यौहार की खुशी बरकरार रहे।

इसके साथ ही, अग्निमित्रा पॉल ने चित्तरंजन रेल इंजन कारखाने (उछह) द्वारा बाजार की दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता और उचित प्रक्रिया अपनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दशकों से इन दुकानों को चला रहे दूसरी पीढ़ी के व्यापारियों को नए किराएदारों के आने से पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अग्निमित्रा पॉल ने इस मुद्दे के राजनीतिक प्रभाव पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि उछह के इस फैसले से स्थानीय चुनावों पर असर पड़ सकता है, जो सरकार के प्रयासों को कमजोर कर सकता है। आखिर में, अग्निमित्रा पॉल ने रेल मंत्रालय से निवेदन किया कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करे और व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार करे।

लोगों के दुख-सुख में हमेशा साथ खड़ी रहने वाली अग्निमित्रा पॉल ने इस मुश्किल समय में भी व्यापारियों की आवाज को बुलंद करते हुए रेल मंत्री से उनकी समस्याओं पर चर्चा की।

# मुंगेर : खेत में गई लड़की से रेप



संवाददाता।

**मुंगेर।** मुंगेर जिला के तारापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच करने खेत गई 12 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुंगेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सैयद इमरान मसूद ने बताया कि घटना बुधवार को हुई। उन्होंने कहा कि तारापुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि मामले में त्वरित कार्रवाई कर फरार अपराधी को गिरफ्तार किया जाए, साथ ही पीड़िता की चिकित्सकीय जांच कराकर और उसका बयान दर्ज कराया जाए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता को उसके परिजन इलाज के लिए तारापुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए मुंगेर जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

# सीवान: बारात से लौट रही स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर,बच्चे की मौत

संवाददाता।

**सिवान।** सीवान जिले में बारात से लौट रही स्कॉर्पियो और ट्रक में भीषण टक्कर हुई, जिसके बाद उसमें सवार कुल नौ लोग जख्मी हो गए और एक सात साल के बच्चे की मौत हो गई । घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार रात मछगरा गांव से भगवानपुर गांव के दर्जी टोला में बारात आई थी। सभी बाराती गुरुवार को अपनी-अपनी गाड़ी से वापस लौट रहे थे। उसी में एक बाराती की स्कॉर्पियो, जिसमें कुल 10 लोग सवार थे, से वह भी सीवान वापस लौट रहे थे। अभी बाराती की गाड़ी भगवानपुर थाना



क्षेत्र के सारई पट्टी गांव के पास हाइवे पर पहुंची ही थी कि पहले से ही सड़क किनारे ट्रक खड़ी थी, जिसमें स्कार्पियो चालक का बैलेंस बिगड़ गया और उसने ट्रक में जाकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा काफी डैमेज हो गया है और उसमें सवार कुल 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और एक बच्चे की मौत हुई है। घटना के बाद पीछे से आ रही अन्य बारातियों की गाड़ी ने देखा कि ये अपनी ही बारात की गाड़ी है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को पास के पीएचसी में भर्ती कराया गया, जिसमें डॉक्टरों की टीम ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया है। बाकी अन्य घायलों को बेहतर इलाज हेतु सीवान के सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां सदर अस्पताल में प्रथम उपचार के बाद सभी घायलों को डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक बच्चे की पहचान शहबाज अली (7) के रूप में हुई है,जो जलाउद्दीन मिया का बेटा था। वहीं, अन्य घायलों की पहचान अशरफ अली, लियाकत अली, फारूक मियां, साहिल खान, अफरोज अली,शाहिद खान एवं एक अन्य व्यक्ति है, जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। ड्राइवर पिंटू साह है, जो मौका देख कर गाड़ी छोड़कर फरार है। आपको बता दें कि अशरफ अली एव फारूक मियां की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। सीवान-भगवानपुर में सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत एवं नौ लोग घायल होने के पूरे मामले पर थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हुई है। आवेदन के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

# मधेपुरा: फंदे से झूलती मिली बीपीएससी शिक्षिका की लाश

## नौकरी लगने के बाद आई थी अयोध्या से

संवाददाता।

**मधेपुरा।** मधेपुरा में उत्तरप्रदेश की रहने वाली एक बीपीएससी शिक्षिका की फंदे से झूलती हुई लाश मिली है। उसकी पहचान उत्तरप्रदेश के अयोध्या जनपद के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत मबूसराय देहात के शिवनगर कॉलोनी निवासी रामखेलावन सिंह चौहान की बेटी अदिति सिंह चौहान (31) के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, अदिति सिंह चौहान मधेपुरा के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय टोका में सहायक शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। वह एक अन्य शिक्षिका के साथ टोका गांव में ही किराए के घर में अलग-अलग कमरे में रहती थी।



बुधवार को छुट्टी रहने के कारण किसी काम से उसकी रूममेट शिक्षिका मधेपुरा गई हुई थी। जब वह शाम में करीब पांच बजे वापस गई तो फ्लैट का गेट अंदर से बंद था। बाहर से काफी आवाज देने के बाद भी गेट नहीं खुला। खिड़की से झांक कर देखने पर पता चला कि अंदर अदिति फंदे से लटकी हुई थी। इसकी जानकारी गम्हरिया थाने की पुलिस और अदिति के परिजनों को दी गई। अदिति के परिजन गुरुवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर अदिति के शव को नीचे उतारा गया।

शशिकांत चौहान ने बताया कि बुधवार की शाम में उनको फोन से घटना की जानकारी मिली। आज सुबह लगभग 6.30 बजे वे लोग यहां पहुंचे। उनकी बहन ने सुसाइड क्यों किया इसकी जानकारी नहीं है। परिवार में किसी तरह का कोई विवाद नहीं था। हम लोग उसको यहां भेजना नहीं चाहते थे, परंतु वो कहती थी कि हमें ऐसे बच्चों को पढ़ना है, जहां शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है। वह एक होनहार लड़की थी।

मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि गम्हरिया थाना क्षेत्र के टोका गांव में एक शिक्षिका के सुसाइड की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कमरे से कोई सुसाइड नोट आदि बरामद नहीं हुआ है। घटनास्थल पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर से लेकर गंवई संपर्क सड़कों पर चला सघन जांच अभियान।

बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** बेतिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला के सभी थानाध्यक्ष ने मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के उलंघन (जैसे बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, नो पार्किंग, सीट बेल्ट, चार चक्का मे काला शीशा, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, इन्सुरेंस अन्य )के विरुद्ध वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया गया जिसमें दो सौ ग्यारह मोटर वाहन से दो लाख पांच हजार पांच सौ रुपए का ई चालान काटा गया है। इस अभियान का उदेश्य है यातायात नियमों का पालन कराना एवं वाहन दुर्घटना को रोकना है। यह अभियान पर्व त्यौहार को देखते हुए प्रतिदिन चलाया जाएगा।



# मुजफ्फरपुर: हत्था चौक से हटाया गया अतिक्रमण

संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बन्दरा अंचल क्षेत्र के हत्था चौक एरिया में अतिक्रमण वाद के मामले में की गई कार्रवाई एवं जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई की गई। इस दौरान संबंधित भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया।अतिक्रमित स्थलों से संबंधित दुकान एवं मकान हटाए गए। बन्दरा सीओ अंकुर राय ने बताया कि साल 2017 से यहां अतिक्रमण वाद का मामला चल रहा था। कई बार नोटिस जारी किए जा चुके थे। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। हत्था चौक पर अतिक्रमित भूमि से दुकान एवं मकान आदि हटाए गए। अतिक्रमण हटाने को लेकर पूर्व से तय कार्यक्रम के अनुसार पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। हत्था थाना के अध्यक्ष सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे। वरीय अधिकारी के निर्देश के आलोक में दंडाधिकारी की भी तैनाती की गई थी। सीओ ने बताया कि 54 अतिक्रमण कारियों को नोटिश जारी किया गया था।



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व आरबीआई गवर्नर ने आधारभूत संरचना पर केंद्र के काम को सराहा, बोले- अब भी बहुत काम बाकी

**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने पिछले 10 वर्षों में आधारभूत संरचरना के क्षेत्र में भारत की ओर से किए गए काम की तारीफ की है। हालांकि, उन्होंने कहा है कि घरेलू स्तर पर विनिर्माण बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में और बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में राजन ने कहा कि सरकार की ओर से उत्पादन पर जोर दिया जाना, चाहे वह वस्तुएं हो या सेवाएं- अच्छी चीज है, पर यह भी जरूरी है कि इसे सही तरीके से किया जाए। मोदी सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया से जुड़े एक सवाल पर बोलते हुए पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा, "मैं कहूंगा कि इरादा नेक है। मेरा मानना है कि कुछ क्षेत्रों में, हमने बहुत बहुत कुछ किया है, जैसे कि मैंने कहा है कि आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हमने बहुत कुछ किया है, जो बहुत उपयोगी रहा है।" केंद्र सरकार ने 10 वर्ष पहले 25, सितंबर 2014 को अपनी प्रमुख 'मेक इन इंडिया' की शुरूआत की थी। राजन ने कहा, "पर हमें दूसरे क्षेत्रों का निरीक्षण करने की जरूरत है। ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप आलोचकों से पूछें, आप कैसा सोचते हैं? जो हुआ है? क्या वह उस तरीके से हुआ है, जैसा आप चाहते हैं? क्या हमें और करना चाहिए? आप फीडबैक लीजिए और फिर आप काम करिए।

### एफएंडओ की एक्सपायरी के दिन बाजार में नया हाई; सेंसेक्स 666 अंक चढ़ा, निफ्टी 26200 पार



**नई दिल्ली।** भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार छठे सत्र में रिकॉर्ड स्तरों पर बंद हुए। वायदा व विकल्प कारोबार की एक्सपायरी के दिन बाजार में ऑटो और मेटल सेक्टर के शेयरों से मजबूती आई। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स पहली बार 86,000 की दहलीज पर पहुंचा और महज 164 अंक नीचे बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी पहली बार 26,200 के पार पहुंचने में सफल रहा।

सेंसेक्स-निफ्टी लगातार छठे सत्र में रिकॉर्ड स्तरों पर

भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार छठे सत्र में रिकॉर्ड स्तरों पर पहुंचकर बंद हुए। वायदा व विकल्प कारोबार की एक्सपायरी के दिन बाजार में ऑटो और मेटल सेक्टर के शेयरों से मजबूती आई। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स पहली बार 86,000 की दहलीज पर पहुंचा और महज 164 अंक नीचे बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी पहली बार 26,200 के पार पहुंचने में सफल रहा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 666 अंक, या 0.78% की बढ़त के साथ 85,836 के स्तर पर बंद होने में सफल रहा। वहीं, निफ्टी 212 अंकों, यानी 0.81% की बढ़त के साथ पहली बार 26,216 पर बंद हुआ।

बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 476.97 लाख करोड़ रुपये हुआ

गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई सेंसेक्स पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.72 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 476.97 लाख करोड़ रुपये हो गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर सेंसेक्स में सबसे ज्यादा योगदान करने वाले शेयर रहे। वहीं दूसरी ओर, केवल एलएंटी और एनटीपीसी के शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

निफ्टी ऑटो सूचकांक में 2.5% की बढ़त

निफ्टी ऑटो सूचकांक में गुरुवार को 2.3% की बढ़त आई। यह वृद्धि कर्नाटक सरकार की ओर से घरेलू ऑटो निमार्ताओं के लिए एक राहत भरी घोषणा के बाद आई। राज्य सरकार ने एलान किया है कि वह हाइब्रिड कारों के निर्माण पर करों में छूट देगी। इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक कार बनाने पर प्रोत्साहन राशि देने की भी पेशकश की गई है।

### कॉक्स एंड किंग्स के प्रमोटरों-निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज, ?525 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

**नई दिल्ली** सीबीआई ने यस बैंक की शिकायत पर ट्रैवल कंपनी कॉक्स एंड किंग्स के प्रवर्तकों और निदेशकों के खिलाफ 525 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने मुंबई पुलिस से जांच का जिम्मा अपने हाथ में ले लिया है। मुंबई पुलिस ट्रैवल कंपनी, उसके प्रमोटरों/निदेशकों अजय अजीत पीटर केरकर और उषा केरकर, सीएफओ अनिल खंडेलवाल और निदेशकों महालिंगा नारायणन और पेसी पटेल के खिलाफ मामले की जांच कर रही थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने केंद्र के माध्यम से महाराष्ट्र सरकार से निर्देश मिलने पर सभी व्यक्तियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अलावा धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक कदाचार से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार आरोप है कि कंपनी ने यस बैंक से ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी की।

### मनोरंजन कारोबार के दिन भारी, खर्च में कटौती के लिए इन दो बड़ी कंपनियों ने किया छंटनी का एलान

**नई दिल्ली** वॉल्ट डिज्नी में छंटनी की खबर सामने आ रही है। कंपनी की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए चल रही रणनीति के तहत कॉरपोरेट स्तर पर फैसला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार चुनौतीपूर्ण बाजार माहौल के बीच परिचालन को सुव्यवस्थित करने और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिशों के तहत डिज्नी छंटनी का सहारा ले रही है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने बुधवार को ईमेल के जरिए बयान जारी कर कहा, "अनुकूलन कार्य के एक हिस्से के रूप में, हम अपने कॉरपोरेट स्तर के कार्यों के लिए लागत संरचना की समीक्षा कर रहे हैं और यह यह किया गया है कि इस दिशा में अधिक कुशलता से संचालन किया जा सकता है। डेडलाइन वेबसाइट के अनुसार, लगभग 300 कानूनी, मानव संसाधन, वित्त और संचार विभाग की नौकरियां प्रभावित हुई हैं। साथ ही, एरढठ और थीम पार्क जैसे विभाग छंटनी के इस नवीनतम दौर में शामिल नहीं रहे।

डिज्नी ने पिछले साल खर्च में कटौती के उपाय शुरू किए थे, जिसके बाद करीब 8,000 लोगों की नौकरी गई थी। अपने प्रतिद्वंद्वियों पैरामाउंट ग्लोबल और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की तरह, कंपनी को पारंपरिक टेलीविजन दर्शकों की संख्या में गिरावट के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। दर्शक तेजी से स्ट्रीमिंग सेवाओं की ओर रुख कर रहे हैं।

दूसरी ओर, पैरामाउंट ग्लोबल ने भी मंगलवार को घोषणा की है कि चुनौतीपूर्ण समय में मनोरंजन फर्म कई कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना बना रही है। यह निर्णय इसके पोर्टफोलियो के कई डिवीजनों को प्रभावित करेगा, जिसमें सीबीएस, कॉमेडी सेंट्रल और एमटीवी जैसे प्रमुख नेटवर्क शामिल हैं।

# दशहरा-दिवाली पर सोना खरीदना चाहते हैं...भारत में तेजी से बढ़ रहा ट्रेंड

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबार करने वालों का साल 12 नहीं 14 महीने का होता है। 12 सामान्य महीने। एक महीना दीपावली या फेस्टिव सीजन का और एक महीना लग्न-सरा का। फेस्टिव सीजन और शादियों के सीजन में 2 महीनों के बराबर अतिरिक्त कारोबार हो जाता है। यह एक सामान्य अनुमान है। इन दोनों सीजन में भारत के लोगों को सोना बहुत प्रिय है और इसलिए सोने की खपत यहां इन महीनों में ज्यादा होती है। वैश्विक बाजार में भी सोने की मांग बढ़ती जा रही है। भारत में, सोने की खपत न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि उद्योगों में भी बढ़ रही है, जैसे आभूषण निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिकित्सा उपकरणों में सोने का उपयोग।

**सोना एक सुरक्षित और तरल संपत्ति...**सोने का आयात अधिक होने का एक कारण यह भी है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार को विविधीकृत करने के लिए सोने की खरीदारी को प्राथमिकता दी है। सोना एक सुरक्षित और तरल संपत्ति मानी जाती है, जो वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की सोने की खरीदारी का एक मुख्य उद्देश्य डॉलर पर निर्भरता को कम करना भी है। जब वैश्विक बाजार में डॉलर की ताकत बढ़ती है, तो सोना एक सुरक्षित विकल्प बन जाता है।



### देश का निर्यात कम होना बनता जा रहा चिंता का सबब

निर्यात में भारत को बांग्लादेश, चीन, वियतनाम आदि देशों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि ये देश बहुत ही कम लागत पर दुनिया भर को माल सप्लाई कर रहे हैं, जबकि भारत में उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। यहां श्रम और कच्चे माल की कीमतें बढ़ रही हैं।

जिससे भारत के लिए उन देशों को टक्कर देना आसान नहीं है। वैश्विक बाजारों में भारतीय माल को पहुंचाने में कई व्यापारिक बाधाएं हैं और व्यवस्थागत समस्याएं भी हैं। रुपये की विनिमय दर में उतार-चढ़ाव ने भी निर्यात की लागत को प्रभावित किया है।सोने के भारी इम्पोर्ट से हमारी अर्थव्यवस्था को उतना बड़ा खतरा नहीं है, जितना इस बात से है कि हमारा निर्यात लगभग सभी क्षेत्रों में कम हो रहा है।

हमारे देश में बनाये गए जेवरों को निर्यात में उतना प्रतिसाद नहीं मिल रहा है, जितना मिलना चाहिए। आयात बढ़ने से ज्यादा चिंता की बात निर्यात घटना है, क्योंकि भारत का व्यापार घाटा धीरे धीरे खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है।

### भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा

भारतीय में सोने का उपयोग सदियों से होता आ रहा है। यह न केवल एक मूल्यवान धातु है बल्कि भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। प्राचीन काल से ही सोने का उपयोग शाही परिवारों, मंदिरों और साधुओं द्वारा किया जाता रहा है। शादी, जन्म, और अन्य महत्वपूर्ण समारोहों पर सोने के आभूषणों का विशेष महत्व होता है। भारतीय समाज में सोने के आभूषण पहनना केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति की सामाजिक स्थिति और प्रतिष्ठा को भी दशार्ता है। कई परिवारों में, विशेष रूप से महिलाओं के लिए, सोने के आभूषणों का होना एक मानक होता है। यह न केवल उनके सौंदर्य को बढ़ाता है, बल्कि उनकी सामाजिक स्थिति को भी दशार्ता है।

### हाल के वर्षों में सोने की खरीदारी को लेकर बदला ट्रेंड

हाल ही में स्वर्णकारों के एक सम्मेलन में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई थी कि जिन भारतीय परिवारों में पहले नियमित रूप से त्योहारों और जन्मदिन अथवा शादी की सालगिरह पर उपहार देने के लिए सोने के जेवरों की खरीददारी की जाती थी, उसमें कमी आई है। इसका कारण यह पता चला कि महानगरों में अब पर्सनल गिफ्ट के रूप में महंगे गैजट्स और विदेश यात्राओं के कूपन देने ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

### अब गोल्ड ETF समेत सोने में निवेश के आधुनिक तरीके भी अमल में

उच्च और उच्च मध्यवर्ग की अधिकतर कामकाजी महिलाएं अब सोने महंगे जेवरों की जगह महंगे मोबाइल फोन, आधुनिक ट्रेंडी कार और वैभवपूर्ण विदेश यात्रा को ज्यादा महत्त्व देने लगी हैं। अब सोने के जेवरों से ज्यादा उनका स्टेटस महंगे गैजट्स और एसयूवी में आकर अटक गया है। आजकल कई लोग गोल्ड एळऋ(एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) और अन्य आधुनिक निवेश उपकरणों के माध्यम से सोने में निवेश कर रहे हैं। ये विकल्प सोने की खरीदारी को और अधिक सुविधाजनक और लाभदायक बनाते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सोने की खरीदारी ने इसे और भी सुलभ बना दिया है।

### दीपावली, दशहरा और मकर संक्रांति के दौरान सोने के आभूषण खरीदने की परंपरा

भारतीय धर्मों में सोने का विशेष स्थान है। हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध धर्म में देवी-देवताओं की मूर्तियों पर सोने का श्रृंगार करना एक सामान्य प्रथा है। मंदिरों और पूजा स्थलों पर सोने की सजावट हमारे धार्मिक अभिमान का प्रतीक है। धार्मिक त्योहारों जैसे दीपावली, दशहरा और मकर संक्रांति के दौरान सोने के आभूषण खरीदने की परंपरा होती है। सोने को धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। लोग मानते हैं कि सोने का उपयोग करने से देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है।

### संकट में काम आने वाला इमरजेंसी फंड भी है सोना

भारतीयों के लिए सोना एक स्थायी संपत्ति है। सोना हमारे वैभव का प्रतीक तो है ही, संकट में काम आने वाला इमरजेंसी फंड भी है। सोना हमारे आत्मविश्वास का जरिया है। चाहे आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, सोना अपनी वैल्यू बनाए रखता है। आर्थिक संकट के समय, लोग सोने को एक सुरक्षित विकल्प मानते हैं, क्योंकि यह मुद्रास्फीति के मुकाबले अधिक स्थिर रहता है। इसलिए निवेश के दूसरे आकर्षक अवसर रहते हुए भी भारतीय परिवार अक्सर अपनी बचत को सोने में निवेश करते हैं। यह न केवल एक सुरक्षित निवेश है, बल्कि इसके जरिए वे अपने भविष्य को भी सुरक्षित करते हैं। सोने में निवेश करने से परिवारों को आर्थिक संकट के समय मदद मिलती है। इसके अलावा, सोने की वैश्विक मांग और कीमतों में वृद्धि के चलते, यह निवेश का एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

## सुप्रीम कोर्ट : एनसीएलएटी के आदेश के खिलाफ फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली** उच्चतम न्यायालय ने शैक्षणिक प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही रोकने के एनसीएलएटी के आदेश के विरुद्ध अमेरिकी कंपनी की याचिका पर फैसला गुरुवार को सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिवाला समाधान पेशेवर (आईआरपी) को मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।


न्यायालय ने अमेरिकी कंपनी ग्लास ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की याचिका पर विचार किया और आईआरपी से कहा कि वह बायजू मामले से निपटने के लिए ऋणदाताओं की समिति की बैठक के साथ आगे न बढ़े। शीर्ष अदालत ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के फैसले पर सवाल उठाया था, जिसमें बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को रद्द कर दिया गया था और बीसीसीआई के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को मंजूरी दे दी गई थी। पीठ ने पाया कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने शैक्षणिक प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही बंद करते समय अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया।न्यायालय ने इस बात का संकेत दिया कि वह विवाद को नए सिरे से निर्णय के लिए वापस भेज सकता है। एनसीएलएटी ने दो अगस्त को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया निपटान को मंजूरी देने के बाद बायजू के खिलाफ दीवाला कार्यवाही को बंद करने का आदेश दिया था।

यह फैसला बायजू के लिए बड़ी राहत लेकर आया, क्योंकि इसने प्रभावी रूप से इसके संस्थापक बायजू रवींद्रन को फिर से नियंत्रक स्थिति में ला दिया। हालांकि, यह राहत थोड़े समय की रही बायजू को झटका देते हुए शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को एनसीएलएटी के फैसले पर रोक लगा दी थी।

## मेक इन इंडिया: 10 साल में 7500 फीसदी बढ़ा मोबाइल फोन निर्यात : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की ओर से 10 साल पहले शुरू की गई ?मेक इन इंडिया पहल का विनिर्माण और निर्यात से लेकर अर्थव्यवस्था से जुड़े हर क्षेत्र में जबरदस्त असर देखने को मिला है।?इस पहल की सफलता का ही नजीता है कि भारत इन 10 वर्षों में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निमार्ता बनने में कामयाब हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मेक इन इंडिया की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर सोशल मीडिया पर ब्लॉग लिखकर बताया, 2014 में जब इस पहल की शुरूआत हुई थी, तब देश में मोबाइल फोन बनाने वाली सिर्फ दो फैक्टरियां थीं। अब इनकी संख्या 200 से ज्यादा हो गई ?हैं।?इन 10 वर्षों में देश से होने वाले मोबाइल फोन निर्यात में 7,500 फीसदी की शानदार तेजी दर्ज की गई है। 10 साल पहले यानी 2014 में भारत 1,556 करोड़ रुपये का मोबाइल फोन निर्यात करता था, जो बढ़कर अब 1.2 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।?आज देश में इस्तेमाल होने वाले 99 फीसदी मोबाइल फोन मेड इन इंडिया हैं यानी देश में ही बने हैं।?देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 25 सितंबर, 2014 में मेक इन इंडिया की शुरूआत हुई थी।




**हर घंटे लॉन्च हुआ एक स्टार्टअप...**देश में पिछले 10 वर्षों में हर घंटे एक स्टार्टअप लॉन्च हुआ। इससे स्टार्टअप की संख्या 2014 के 350 से बढ़कर 1.48 लाख हो गई है। खास बात है कि 45 फीसदी स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों में हैं। 2014 के बाद से अब तक एक करोड़ से अधिक पेटेंट दिए गए हैं।

**एमएसएमईः 21.17 करोड़ लोगों को मिला रोजगार...**मेक इन इंडिया पहल का एमएसएमई क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में बड़ा योगदान है। उद्यम पोर्टल पर 4.91 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हैं। इनमें से 1.85 करोड़ इकाइयां महिलाएं चलाती हैं। खास बात है कि एमएसएमई ने 21.17 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है।

**इन क्षेत्रों में भी दिखा क्रांतिकारी परिवर्तन सेमीकंडक्टरः** घरेलू सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र ने 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश आकर्षित किया है। देश में पांच प्लांट लगाने की मंजूरी दी गई है, जो संयुक्त रूप से हर दिन 7 करोड़ से ज्यादा चिप बनाएंगे।

**नवीकरणीय ऊर्जाः** भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक है। इसकी उत्पादन क्षमता 400 फीसदी बढ़ गई है।

**खिलौना निर्यातः** 2014-15 के 9.62 करोड़ डॉलर से 239% बढ़कर 2023-24 में 32.57 करोड़ डॉलर पहुंचा।

**पीएलआईः** 1.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। 8.5 लाख से अधिक नौकरियां मिलीं।

**विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत तेजी जीवीए 220% बढ़ाः वेम्पति...**अर्थशास्त्री संदीप वेम्पति ने कहा, पीएम मोदी के मेक इन इंडिया पर ध्यान देने से विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत तेजी आई है। इसका जीवीए 220 फीसदी से अधिक बढ़कर 38.19 लाख करोड़ पहुंच गया। क्षेत्र में रोजगार 5.49 करोड़ से बढ़कर 6.31 करोड़ पहुंच गया।

**मेक इन इंडिया 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का है प्रतीक...**मेक इन इंडिया पहल के 10 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों को बधाई। यह 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। यह देश को विनिर्माण और नवाचार केंद्र बनाने का संकल्प है। मैं उन सभी की सराहना करता हूं, जो एक दशक से इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। निर्यात बढ़ा है। क्षमताएं निर्मित हुई हैं और हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। सरकार मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने के लिए हर प्रयास कर रही है। हम मिलकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत का निर्माण करेंगे। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

# चालू वित्त वर्ष में सात फीसदी रहेगी वृद्धि दर, एयरटेल एआई से फर्जी कॉल-संदेश पर लगाएगी रोक

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि दर अनुमान को 7 फीसदी पर बरकरार रखा। एडीबी ने बुधवार को कहा, बेहतर कृषि उत्पादन और उच्च सरकारी खर्च से आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष में निर्यात अधिक रहेगा।

**एयरटेल एआई से फर्जी कॉल-संदेश पर लगाएगी रोक...**भारती एयरटेल फर्जी कॉल व संदेशों पर लगाम लगाने के लिए अपने नेटवर्क पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रौद्योगिकी लागू करेगी।?कंपनी के एमडी-सीईओ गोपाल विट्ठल ने बुधवार को बताया, इस प्रौद्योगिकी की शुरूआत 26 सितंबर की मध्यरात्रि से की जाएगी। विट्ठल ने कहा, यह स्पैम डिटेक्शन दो मिलीसेकंड में कॉल का विश्लेषण कर डायलर पर उपयोगकताओं को सचेत करता है। सुविधा एयरटेल के सभी यूजर्स के लिए निशुल्क होगी। ब्यूरो

**देश में कुछ ?वर्षों में आएगा सालाना 100 अरब डॉलर का एफडीआईः सचिव...**भारत में हर साल 70-80 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है।?आने वाले वर्षों में इसके 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने बुधवार को कहा, विभाग एफडीआई आवेदनों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं को भी सुव्यवस्थित कर रहा है। सचिव ने कहा, सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए कई क्षेत्रों में मानदंडों को आसान बनाया है।?विभाग की अतिरिक्त सचिव हिमानी पांडेय ने कहा, जून तिमाही में देश में 22.49 अरब डॉलर का एफडीआई आया।?

**ह्युंडई ?लाएगी सबसे बड़ा आईपीओ, स्विगी के इश्यू को भी मिली मंजूरी...**वाहन विनिमार्ता ह्युंडई मोटर इंडिया और ऑनलाइन डिलीवरी मंच स्विगी को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। ह्युंडई आईपीओ के जरिये करीब 25,000 करोड़ जुटाने की



योजना बना रही है। आईपीओ अगर सफल हो जाता है तो यह देश का सबसे बड़ा इश्यू होगा। इससे पहले भारतीय जीवन बीमा निगम 21,000 करोड़ का सबसे बड़ा आईपीओ लाया था। स्विगी 10,414 करोड़ का इश्यू ला सकती है।

**विदेशी बाजार में 3,200 डॉलर के पार पहुंच सकती है सोने की कीमत...**अंतरराष्ट्रीय बाजारों के अनुरूप घरेलू सराफा बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी जारी है।?आने वाले समय में विदेशी बाजारों में सोना महंगा होकर 3,200 डॉलर प्रति ?औंस के स्तर पर पहुंच सकता है, जो अभी 2,681.10 डॉलर प्रति औंस है। ब्लिंकएक्स व जेएम फाइनेंशियल के शोध उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, कमजोर डॉलर, वैश्विक केंद्रीय बैंकों से ब्याज दरों में और अधिक कटौती की उम्मीद, सुरक्षित निवेश मांग व ईटीएफ कोष के प्रवाह से सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। वहीं, सराफा कारोबारियों का कहना है कि आभूषण विक्रेताओं की लगातार खरीदारी व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख से सोने में तेजी आई। कॉमेक्स पर सोना 0.15 फीसदी चढ़कर 2,681.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। एक समय यह 2,694.89 की नई ऊंचाई ?पर पहुंच गया था।

**ओटीटी एप के लिए अलग से नियमन पर होगी चर्चा...**भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन आरसी लाहोटी बुधवार को कहा, नियामक वॉट्सएप, टेलीग्राम और गूगल मीट जैसे ओवर-द-टॉप (ओटीटी) एप के नियमन का मुद्दा उठाने से पहले सैटेलाइट स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया में तेजी लाएगा। मूल्य निर्धारण पर कुछ दिनों में परामर्श पत्र जारी करेंगे।?

**पीयूष गोयल ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बारे में दी ये जानकारी...**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर ऑस्ट्रेलिया की बहुत ही उपयोगी से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा कई प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करेगी और सहयोग के नए क्षेत्र खोलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "यात्रा के दौरान, यह जानकर खुशी हुई कि कार्य और अवकाश वीजा जो भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के तहत एक प्रमुख प्रतिबद्धता है, 1 अक्टूबर 2024 से चालू हो जाएगी। गतिशीलता की सुविधा प्रदान करेगी और लोगों के जुड़ाव को गहरा करेगी।

**वित्त मंत्री उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मिलीं...**केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल समरकंद में एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक के अवसर पर उज्बेकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने एलायंस फॉर इंडस्ट्री डीकार्बोनाइजेशन (अऋकऊ) में शामिल हो गया है। यह पेरिस समझौते के तहत जीरो संक्रमण को गति देने के लिए प्रयासरत कंपनियों का एक वैश्विक गठबंधन है। अपनी हरित ऊर्जा प्रतिबद्धता के तहत, इसने 1ॠ क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में 100 बिलियन रुपये का निवेश करने और अपशिष्ट ताप पुनर्प्राप्ति प्रणाली (हऌफ) से 376 मेगावाट ऊर्जा प्राप्त करने की योजना की घोषणा की है।



# कम नींद लेने पर डायबिटीज मरीजों को हो सकती हैं ये दिक्कत

**अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो आपको कम सेक कम 8 घंटे की नींद लेना चाहिए, नहीं तो आपकी सेहत को भारी नुकसान हो सकता है।**

पर्याप्त नींद सेहत की कुंजी होती है। नींद खराब यानी आपकी सेहत खराब। नींद की कमी के कारण हम कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। खासकर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो आपको पर्याप्त नींद लेना काफी जरूरी होता है,नहीं तो इससे आपकी स्थिति और भी बदतर हो सकती है। आइए जानते हैं कम नींद लेने पर डायबिटीज के मरीजों को क्या-क्या दिक्कत हो सकती है।

डायबिटीज एक ऐसी समस्या है जिसका कोई इलाज नहीं है,यह एक बार हो जाता है तो यह आपके जीवन भर का साथी बन जाता है। इसमें पैंक्रियाज सही मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पाते हैं या सेल्स इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं,इसके कारण ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है।

## हो सकती हैं ये दिक्कत

एक्सपर्ट के मुताबिक नींद की कमी आपके ब्लड शुगर को प्रभावित कर सकती है। जो लोग 6 घंटे से कम नींद लेते हैं उनके शरीर में हार्मोन की गड़बड़ी होने लगती है,इसका सीधा असर आपके ब्लड शुगर पर पड़ सकता है। स्लीप साइकिल छोटी होने पर ब्लड वेसल को नुकसान पहुंच सकता है। देर से सोने से आपका इंसुलिन प्रतिरोध खराब हो सकता है। इसके कारण दूसरे अंगों को भी नुकसान पहुंच सकता है। अगर आप प्री-डायबिटिक हैं और कम नींद लेते हैं तो आप डायबिटीज के शिकार हो सकते हैं।

## डायबिटीज के मरीज ऐसे रखें अपना ख्याल

एक्सरसाइज करें
8 घंटे की पर्याप्त नींद लें।
सोने का सही पैटर्न सेट करें
हेल्दी डाइट लें।
तंबाकू और शराब से दूरी बनाएं।






**साइलेंट डिहाइड्रेशन की समस्या बहुत आम है। इसके लक्षण लंबे समय तक नजर नहीं आते हैं जिसकी वजह से कई बार इसे पहचानना मुश्किल हो जाता है।**

# क्या है साइलेंट डिहाइड्रेशन? समय रहते पहचानना है बेहद जरूरी

यूं तो डिहाइड्रेशन की समस्या किसी भी मौसम में हो सकती है । हमारे शरीर को हेल्दी रहने और सही तरह से फंक्शन करने के लिए पानी की बहुत जरूरत होती है। शरीर से टॉक्सिन्स, यूरिन और पसीने के जरिए पानी बाहर निकलता है। जितनी मात्रा में पानी हमारे शरीर से बाहर जा रहा है उसके अनुपात में जब हम पानी नहीं पीते हैं तो डिहाइड्रेशन के लक्षण नजर आने लगते हैं।
डिहाइड्रेशन होने पर चक्कर आना, त्वचा से जुड़ी समस्याएं, किडनी या लिवर का ठीक तरह से काम न करना और भी कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। कई बार डिहाइड्रेशन के लक्षण नजर न आने पर भी आप डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। इसे डिहाइड्रेशन कहा जाता है। इसके लक्षण बहुत बाद में सामने आते हैं जिसके चलते कई हेल्थ प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इस बारे में हमने पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट,डाइटीशियन, स्वाति बथवाल से बातचीत की। आइए जानते हैं साइलेंट डिहाइड्रेशन क्या होता है और कैसे इससे बचा जा सकता है।

## साइलेंट डिहाइड्रेशन क्या होता है?

डिहाइड्रेशन की समस्या बहुत आम है। इस समस्या के कई लक्षण शरीर में दिखाई देते हैं जिनमें कमजोरी लगना, प्यास लगना, मुंह सूखना या फिर चक्कर आना शामिल हैं। अगर आपको इनमें से कोई लक्षण महसूस नहीं हो रहे हैं तो इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आपको डिहाइड्रेशन ही समस्या नहीं है। कई बार डिहाइड्रेशन के लक्षण नजर नहीं आते हैं, इसे साइलेंट डिहाइड्रेशन कहा जाता है। यह डिहाइड्रेशन से अधिक खतरनाक होता है क्योंकि इस स्थिति में आप पहचान ही नहीं पाते हैं कि आपका शरीर डिहाइड्रेशन से जूझ रहा है।

## क्या होती है वजहें?

डिहाइड्रेशन के पीछे और भी कई कारण हो सकते हैं। जिनमें डायरिया, अधिक पसीना आना, उल्टी होना या फिर पानी कम पीना शामिल हैं।
डिहाइड्रेशन के दौरान हमारे शरीर में जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे कि क्लोराइड, पोटेशियम और सोडियम की भी कमी हो जाती है। इस कमी को तुरंत पूरा किया जाना बहुत जरूरी है। ये सभी इलेक्ट्रोलाइट्स हमारी सेल्स के सही तरह से काम करने के लिए बहुत जरूरी है और अगर तुरंत इनकी कमी को पूरा नहीं किया गया तो इसके परिणाम घातक हो सकते हैं।

## कितना पानी है सही?

एक्सपर्ट की मानें तो दिन भर में आपको 35ml/kgBW/day पानी पीना चाहिए। इसे आसान भाषा में समझते हैं। अगर आपका वजन 50 किलो है तो आपको एक दिन में लगभग 35x 50 = 1.5 लीटर पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही गर्मियों में पसीने के जरिए शरीर से जो पानी निकलता है उसकी कमी भी पूरी होनी चाहिए।





## क्या करें?

हाइड्रेट रहने के लिए सिप करते हुए पानी पिएं। दिन भर में 1-2 गिलास पानी/शरबत/नींबू पानी चुटकी भर नमक डालकर पिएं।
कई बार काम के बीच हम पानी पीना भूल जाते हैं या प्यास लगने पर भी इग्नोर कर देते हैं। ऐसा बिल्कुल भी न करें।
तरबूज, खरबूज, खीरा( खीरे के जूस के फायदे) और ककड़ी जिन चीजों में पानी की मात्रा अधिक होती है, उनका सेवन करें।
एक्सरसाइज करने से पहले और बाद में अपना वजन चेक करें। अगर आपके वजन में 1 किलो का अंतर है तो अपनी डाइट में 1.5 लीटर पानी को शामिल करें। हाइड्रेशन सिर्फ पानी से नहीं आता है बल्कि शरबत, शिकंजी और चिया सीड्स भी हाइड्रेशन के लिए अच्छे माने जाते हैं।
इसके साथ ही हाइड्रेटिंग फ्रूट्स जैसे तरबूज, ककड़ी, खीरा, कोकम शर्बत और बेल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। इससे आपको हाइड्रेशन भी मिलता है और शरीर को ठंडक भी मिलती है। ये सब शरीर के तापमान को कम करने में भी मदद करते हैं।
अगर आप कॉफी, सोडा, कैफीन वाली ड्रिंक्स या एल्कोहल पीते हैं तो भी आप डिहाइड्रेटेड हो सकते हैं इसलिए एक कप कॉफी से कुछ देर बाद एक गिलास पानी पिएं।
पानी की मात्रा भी शरीर में जरूरत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ज्यादा पानी पीने से शरीर में सोडियम लेवल कम हो सकता है जो जानलेवा भी हो सकता है।



# डिहाइड्रेशन के कारण बिगड़ सकती है चेहरे की रंगत

**अक्सर लोगों को लगता है कि डिहाइड्रेशन सिर्फ गर्मियों में ही होता है। लेकिन, ऐसा नहीं है। डिहाइड्रेशन का असर, हमारी स्किन पर भी होता है। इसके कारण चेहरे की रंगत भी फीकी पड़ सकती है।**

शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन हो सकता है। शरीर के सही तरह से फंक्शन करने के लिए, पानी की सही मात्रा बहुत जरूरी है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो इसका असर बॉडी फंक्शन्स पर होता है। गर्मियों के मौसम में तापमान बढ़ने पर डिहाइड्रेशन के मामले ज्यादा सामने आने लगते हैं। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि डिहाइड्रेशन सिर्फ गर्मियों में होता है। हालांकि, गर्मियों में इसका खतरा ज्यादा रहता है क्योंकि शरीर से जिस अनुपात में यूरिन और पसीने के जरिए, पानी बाहर जाता है, जब हम उसके अनुपात में पानी नहीं पीते हैं, तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है। डिहाइड्रेशन का असर शरीर के काम पर तो होता ही है। लेकिन, साथ ही इसके कुछ संकेत स्किन पर भी नजर आने लगते हैं। इसके कारण चेहरे की रंगत भी फीकी पड़ सकती है। डिहाइड्रेशन किस तरह हमारे चेहरे की रंगत को फीका कर सकता है, एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप कम मात्रा में पानी पीते हैं, तो इसका असर आपकी स्किन पर भी हो सकता है।

स्किन को हेल्दी रखने में पानी की अहम भूमिका है और यही कारण है कि जब आप कम पानी पीती हैं, तो इससे स्किन की रंगत खोने लगती है।
डिहाइड्रेशन के कारण, स्किन रूखी और बेजान लगने लगती है।
जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो ऑयल प्रोडक्शन बढ़ जाता है और इसके कारण, एक्ने होने लगते हैं।
पानी की कमी के कारण, स्किन पर कालापन भी नजर आ सकता है।
इसके कारण समय से पहले स्किन पर एजिंग के साइन्स दिखाई देते हैं और त्वचा की कसावट और लचीलापन कम होने लगता है।
डिहाइड्रेशन की वजह से स्किन पर रैशेज भी हो सकते हैं।
आपकी स्किन किसी भी टाइप की हो, पानी की कमी होने पर, यह अपनी चमक खोने लगती है।
इसके कारण आंखों के नीचे स्वेलिंग या काले घेरे भी हो सकते हैं।
स्किन हेल्थ के लिए, 8 से 10 गिलास पानी पीना बहुत जरूरी है।

सेहतमंद रहने के लिए, सही मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। इन्हें एक्सपर्ट के बताए तरीके से इस्तेमाल करें। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



# ऐसे करें डिहाइड्रेशन टेस्ट और जानें शरीर को कितने पानी की है जरूरत

शरीर में पानी की जरूरत कितनी होती है और डिहाइड्रेटेड होने पर क्या-क्या हो सकता है इसके बारे में तो आप जानते ही होंगे। दरअसल, शरीर की असली ताकत सभी विटामिन-मिनरल्स के साथ-साथ सही हाइड्रेशन पर भी निर्भर रहती है और अगर आपने इसपर ध्यान नहीं दिया तो ये भी हो सकता है कि आपके साथ कई तरह की समस्याएं हो जाएं जैसे स्किन प्रॉब्लम्स, हीट स्ट्रोक, किडनी या लिवर का ठीक तरह से फंक्शन न करना, वॉटर रिटेंशन की समस्या आदि। ऐसे में कई लोगों के साथ ये समस्या होती है कि उन्हें इसके बारे में जानकारी ही नहीं होती कि कब वो डिहाइड्रेट हो रहे हैं और कैसे वो इसे सुधारें। सबसे पहले हमें ये जानना जरूरी है कि हम खुद से ही अपना डिहाइड्रेशन टेस्ट कैसे करें। इसके लिए सेलेब न्यूट्रिशनिस्ट पूजा मखीजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये बताया है कि हम खुद ही स्किन के जरिए अपना डिहाइड्रेशन टेस्ट कैसे कर सकते हैं। हमारी स्किन हमें बता सकती है कि शरीर को पानी की जरूरत है या फिर नहीं है।

## कैसे करें डिहाइड्रेशन टेस्ट?

स्किन के डिहाइड्रेट होने से ये पता लगाया जा सकता है कि हमारा शरीर कितना डिहाइड्रेटेड है। पूजा मखीजा का कहना है कि अगर आप ट्रैवल कर रहे हैं या फिर आप बहुत देर से कोई काम कर रहे हैं तो ये टेस्ट जरूर कर लेना चाहिए। इसके लिए आप स्किन को बेस बना सकते हैं।
क्या करें-
उंगलियों के नकल्स (उंगलियों के जोड़ों की स्किन) को पिंच करके उठाएं।
अगर वो एकदम से नीचे चली जाती है तो शरीर डिहाइड्रेटेड नहीं है।
अगर ये नीचे जाने में थोड़ा समय लेती है तो आपका शरीर डिहाइड्रेटेड है।
ये टेस्ट आप नॉर्मल स्किन पर भी कर सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छे नतीजे नकल्स की स्किन पर ही होते हैं।
डिहाइड्रेशन को दूर करने के लिए सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप धीरे-धीरे सिप-सिप कर पानी पिएं। एकदम से प्यास लगने पर पूरा 1 ग्लास पानी पी जाना हमें अच्छा तो लगता है, लेकिन यकीन मानिए ये डिहाइड्रेशन पर कोई खास असर नहीं करता है। आपको इसके लिए ठीक तरह से पानी पीना होगा। अगर पूरे दिन में आप थोड़ी-थोड़ी देर में सिप-सिप कर पानी पीते हैं तो शरीर ज्यादा बेहतर तरीके से हाइड्रेट रह सकेगा।
किन तरीकों से कम किया जा सकता है डिहाइड्रेशन-

अगर आपको लग रहा है कि शरीर डिहाइड्रेटेड है तो आप उसे ठीक करने के लिए ये तरीके अपना सकते हैं-
अगर शरीर डिहाइड्रेट हो रहा है तो बल्ड शुगर लेवल भी कम होता है ऐसे में ग्लूकोज का पानी लेना सही हो सकता है।
अगर आपको बार-बार वीकनेस फील हो रही है तो आप नारियल पानी पी सकते हैं।
अगर कहीं ट्रैवल कर रहे हैं तो हमेशा अपने साथ पानी की बोतल रखें।
आप खीरा आदि खाकर भी डिहाइड्रेशन को कम कर सकते हैं।
अगर आपको लग रहा है कि गर्मी और धूप के कारण चक्कर आ रहा है तो छांव में जाकर शरीर को ठंडा करने की कोशिश करें और फिर थोड़ा सा पानी पिएं। एकदम से पानी पीना सही नहीं होगा।
अगर डिहाइड्रेशन के कारण उल्टी-दस्त शुरू हो गए हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# बांग्लादेश पर दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

**कानपुर, एजेंसी।** कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद कर रहा भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश पर अपना दबदबा कायम रखते हुए दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा।




भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन के ऑलराउंड खेल, शुभमन गिल के शतक, रविंद्र जडेजा की अच्छी बल्लेबाजी तथा ऋषभ पंत के वापसी पर किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से बड़ी जीत हासिल की थी।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले दिन भारत पर दबाव बना दिया था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने जिस तरह से वापसी की उससे उसका विशेष कर घरेलू मैदानों पर टेस्ट क्रिकेट में दबदबे का पता चलता है। भारत की निगाह अब स्वदेश में लगातार 18वीं श्रृंखला जीतने पर टिकी हैं।

पंत ने सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में भी अपना जलवा दिखाया। उन्हें खेलते हुए देखकर लगता है कि उन्होंने अपने खेल में नए आयाम जोड़े हैं क्योंकि जरुरत पड़ने पर उन्होंने अपने आक्रामक रवैए पर लगाम भी लगाई।

लेकिन पहले टेस्ट मैच में रोहित और विराट का बल्ला खामोश रहा। इस मैच में बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों हसन महमूद और तस्कीन अहमद ने अनुकूल पिच पर अच्छी गेंदबाजी की थी।

भारत का टेस्ट क्रिकेट में आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और ऐसे में रोहित और कोहली यहां बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे।

ग्रीन पार्क के विकेट से स्पिनरों को मदद मिलती रही है। भले ही इसमें शुरू तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन खेल आगे बढ़ाने के साथ इसकी प्रकृति में बदलाव होने की संभावना है।

ऐसे में भारत तीन तेज गेंदबाजों के बजाय तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में आकाशदीप की जगह कुलदीप यादव को मिल सकती है जिनका यह घरेलू मैदान है।

भारत अगर बल्लेबाजी को अधिक मजबूत करना चाहेगा तो फिर अक्षर पटेल को कुलदीप पर प्राथमिकता मिल सकती है।

ग्रीन पार्क में इससे पहले 2021 में जो अंतिम टेस्ट मैच खेला गया था उसमें भारत तीन स्पिनर अश्विन, जडेजा और अक्षर के साथ उतरा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया यह मैच ड्रॉ रहा था।

जहां तक बांग्लादेश की बात है तो पहले टेस्ट मैच में उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसे देखते हुए वह अपनी टीम में बदलाव कर सकता है। उसके बल्लेबाज पहली पारी में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने नहीं चल पाए थे जबकि दूसरी पारी में अश्विन की फिरकी का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

शाकिब अल हसन की उपलब्धता पर टीम प्रबंधन ने विरोधाभासी बयान दिए हैं। जहां बांग्लादेश के एक चयनकर्ता ने कहा था कि चेन्नई में बल्लेबाजी करते समय लगी उंगली की चोट के कारण उनका चयन संदिग्ध है, वहीं मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने कहा कि यह स्टार ऑलराउंडर खेलने के लिए उपलब्ध है।

बांग्लादेश तेज गेंदबाज नाहिद राणा की जगह बाएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। उसके पास ऑफ स्पिनर नईम हसन के रूप में एक अन्य विकल्प है।

भारतीय ऑलराउंडर जडेजा इस मैच में 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने अभी तक 73 टेस्ट मैच में 299 विकेट और 3122 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी और जडेजा के पास उनके बाद सबसे कम मैच में इस मुकाम पर पहुंचने का मौका है।

यहां पिछले कुछ दिनों से काफी उमस है और खिलाड़ियों को इस चुनौती से भी पार पाना होगा। यही नहीं मैच के पहले और तीसरे दिन बारिश आने की संभावना भी है।

**टीम इस प्रकार हैं:**

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

बांग्लादेशः नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), शाकिब अल हसन, लिटन कुमार दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, जाकर अली अनिक।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे शुरू होगा।

भारत अभी तक बांग्लादेश से कोई टेस्ट मैच नहीं हारा है और मेहमान टीम को अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे।

# यूपीसीए ने सुरक्षा चिंताओं को खारिज किया, ग्रीन पार्क स्टेडियम भारत-बांग्लादेश टेस्ट के लिए तैयार

कानपुर, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए तैयार है, लेकिन स्टेडियम की सुरक्षा, खासकर सी बालकनी को लेकर चिंता जताई जा रही है। हालांकि, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अधिकारी ने किसी भी तरह के सुरक्षा जोखिम से साफ इनकार किया है और प्रशंसकों को आश्वासन दिया है कि सभी जरूरी सावधानियां बरती गई हैं।



ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि सी बालकनी, जिसमें आमतौर पर 10,000 दर्शक बैठ सकते हैं, संरचनात्मक रूप से कमजोर है और प्रशंसकों के वजन के कारण इसके गिरने का खतरा हो सकता है। इसके जवाब में, यूपीसीए ने स्थिति का आकलन करने के लिए लोक निर्माण विभाग और कानपुर के हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों को बुलाकर तेजी से कार्रवाई की।

गुरुवार को यूपीसीए के आयोजन स्थल निदेशक संजय कपूर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, यह सब निराधार अफवाहें हैं कि प्रशंसकों की सुरक्षा को लेकर चिंता है। बालकनी पर उपलब्ध 10,000 सीटों में से, हमें क्षमता को घटाकर 7,200 करने की सलाह दी गई है, और हम शेष 2,800 सीटों के लिए टिकट नहीं बेच रहे हैं।

कपूर ने जोर देकर कहा कि प्रशंसकों की सुरक्षा एसोसिएशन की सर्वोच्च प्राथमिकता है lलजनता को और अधिक आश्वस्त करने के लिए, यूपीसीए ने इस मैच के लिए स्टेडियम की कुल बैठने की क्षमता में पर्याप्त सुधार किया है।

कपूर ने कहा, सी बालकनी में कमी के बावजूद, हम पिछले मैच की तुलना में प्रशंसकों के लिए सीटों की संख्या में लगभग 6,000 की वृद्धि करने में सफल रहे हैं। अब हमारे पास इस टेस्ट में दर्शकों के लिए 26,007 सीटें उपलब्ध हैं।

युवा दर्शकों को आकर्षित करने के लिए, यूपीसीए ने मैच के प्रत्येक दिन 3,000 स्कूली छात्रों के लिए सीटें आरक्षित की हैं।

इसके अलावा, कपूर ने पुष्टि की कि स्टेडियम की फ्लडलाइट्स पूरी तरह से चालू हैं। उन्होंने कहा, फ्लडलाइट्स ठीक से काम कर रही हैं और हर चीज की पूरी तरह से जांच की गई है। हम किसी भी मौसम की चुनौतियों के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल किसी भी प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए सुसज्जित है।

भारत के सबसे पुराने क्रिकेट स्थलों में से एक ग्रीन पार्क स्टेडियम की स्थापना 1945 में हुई थी और इसने 1952 में भारत और इंग्लैंड के बीच अपना पहला टेस्ट मैच आयोजित किया था। पिछले कुछ वर्षों में, स्टेडियम ने सभी प्रारूपों में कई प्रतिष्ठित मैच देखे हैं। हालाँकि इसकी शुरूआती बैठने की क्षमता लगभग 32,000 थी, लेकिन आधुनिकीकरण के प्रयासों और नए पवेलियन के निर्माण के कारण सीटों की संख्या में कमी आई है।

# पंजाब किंग्स से बांगर और बेलिस की विदाइ

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2024 के दौरान दल के मुख्य कोच रहे ट्रेवर बेलिस और क्रिकेट विकास के प्रमुख संजय बांगर से अलग होने का फैसला किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है यह निर्णय फ्रेंचाइजी के बोर्ड द्वारा लिया गया है, जिसका हिस्सा फ्रेंचाइजी के चार सह-मालिक हैं।



बेलिस ने 2022 आईपीएल के बाद पंजाब के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला था, वहीं बांगर दिसंबर 2023 में टीम के साथ जुड़े थे। पंजाब की टीम ने अब तक कोई आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीती है। 2023 आईपीएल में वे आठवें और पिछले सीजन में नौवें स्थान पर रहे थे।

बांगर 2014 में पंजाब के मुख्य कोच थे। वह भारत के सहायक कोच बनने से पहले 2016 तक इस पद पर रहे थे। 2024 में पंजाब में वापसी करने से पहले बांगर कुछ वर्षों तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा रहे थे। वह 2021 में आरसीबी के बल्लेबाजी सलाहकार बने थे और बाद में वह टीम के मुख्य कोच भी बन गए थे।

बेलिस ने टीम के मुख्य कोच के तौर पर पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले की जगह ली थी। कुंबले 2020 से लेकर 2022 तक टीम के मुख्य कोच थे, इस दौरान भी पंजाब अंतिम चार में प्रवेश करने में सफल नहीं हो पाई। जीत का सूत्र तलाशने के क्रम में पंजाब ने नियमित तौर पर कोच बदले हैं। 2016 में मुख्य कोच के पद से बांगर की विदाई के बाद खुद कुंबले पंजाब के पांचवें कोच थे। हाल ही में पंजाब ने रिकी पोंटिंग को चार वर्ष (2025-28) के लिए अपने साथ जोड़ा है।

# पंत शानदार खिलाड़ी हैं, काश वह ऑस्ट्रेलियाई होते : मार्श

**मुंबई, एजेंसी।** ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें ह्यशानदार खिलाड़ीह्न करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते।



इस साल की शुरूआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की।

वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे।

मार्श ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है।

# शाकिब ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लिया

## विदाई मैच नहीं मिलता तो कानपुर टेस्ट अंतिम होगा

**कानपुर, एजेंसी।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने गुरुवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने की घोषणा की और साथ ही कहा कि अगर उनका घरेलू बोर्ड उनके लिए स्वदेश में विदाई मैच का आयोजन नहीं करता करता है तो फिर भारत के खिलाफ यहां होने वाला दूसरा टेस्ट मैच उनका अंतिम टेस्ट होगा। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने बांग्लादेश की तरफ से 129 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह फ्रेंचाइजी लीग में इस प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे।



शाकिब ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैंने टी20 विश्व कप में अपना अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल लिया है। हमने चयनकताओं के साथ चर्चा की। 2026 में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मेरे लिए संन्यास लेने का यह सही समय है। उम्मीद है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड कुछ अच्छे खिलाड़ियों को ढूंढने में सफल रहेगा और हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

शाकिब ने बांग्लादेश की तरफ से 69 टेस्ट मैच में 4453 रन बनाने के अलावा 242 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने क्रिकेट बोर्ड के सामने मीरपुर में अंतिम टेस्ट मैच खेलने की इच्छा जताई थी। वह इस पर सहमत थे। अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो भारत के खिलाफ कानपुर में होने वाला मैच टेस्ट क्रिकेट में मेरा अंतिम मैच होगा।

शाकिब को बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के दौरान हत्या के एक मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। राजनीतिक अशांति के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। शाकिब उनकी पार्टी अवामी लीग से संसद सदस्य थे।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम में मेरा स्वप्निल पदार्पण था : गुरजोत सिंह

**बेंगलुरु, एजेंसी।** 19 वर्षीय गुरजोत सिंह ने हाल ही में चीन के मोकी में आयोजित हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया। युवा फॉरवर्ड को साई में ट्रायल के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के बाद जूनियर टीम से बुलाया गया था, जबकि हरमनप्रीत और उनकी टीम ओलंपिक के लिए पेरिस में थी। गुरजोत ने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी 7 मैच खेले और हालांकि वह एक भी गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और मैदान पर बहुत समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई।




हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में गुरजोत ने कहा, सीनियर टीम में माहौल बहुत अच्छा है, सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो ज्यादातर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मेरा डेब्यू एक सपने जैसा था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था, मुझे लगा कि मैं अपने डेब्यू पर गोल करूँगा, लेकिन भले ही मैं गोल न कर सका, लेकिन मैंने खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और यह एक अच्छा प्रदर्शन था। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है; मुझे बस वैसा ही खेलना है जैसा मैं आमतौर पर कैंप में खेलता हूँ, आजादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।

गुरजोत पंजाब के एक छोटे से गाँव हुसैनाबाद से हैं। उनके पिता पास के एक गाँव में दूधवाले हैं, उनकी माँ गृहिणी हैं और उनकी बहनें अपनी पढ़ाई कर रही हैं। बचपन में गुरजोत बहुत शरारती थे। जब वह 6 साल के थे, तब उनकी साइकिल दुर्घटना हो गई थी, जिससे उनकी जान को खतरा था। दुर्घटना में उनके सिर के पिछले हिस्से में सात टांके लगे थे।

उस दुर्घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा, दुर्घटना के बाद, कुछ सालों तक मुझे थोड़ी कमजोरी रही, लेकिन जब मैं 10 साल का हुआ, तो मैं पूरी तरह से ठीक हो गया और पास के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने लगा। स्कूल में, मैंने देखा कि हॉकी खेलने वाले बच्चों को थोड़ी ज्यादा आजादी मिलती थी। वे क्लास में देर से आते और अभ्यास के लिए थोड़ा जल्दी चले जाते, इसलिए मैंने सोचा कि क्यों न इस खेल में हाथ आजमाया जाए।

2020 तक गुरजोत को अपने पिता का हाथ बंटाने के लिए चप्पल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करना पड़ा। वह सुबह अभ्यास करते और रात में काम। उसी साल बाद में, एक स्थानीय टूनार्मेंट में, गुरजोत का सामना भावी टीम के साथियों अभिषेक और सुखजीत से हुआ। खेल के दौरान उन्हें यह भी बताया गया कि राउंडग्लास हॉकी अकादमी अगले दिन ट्रायल आयोजित करेगी।

गुरजोत ने अपना बैग पैक किया और जालंधर में ट्रायल में कोचों को प्रभावित करने के लिए निकल पड़े। राउंडग्लास हॉकी अकादमी के खिलाड़ी के रूप में, गुरजोत ने भोपाल में पहली हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2021 में खेला और चयनकताओं का ध्यान आकर्षित करके भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में जगह बनाई।

तब से वह 2023 सुल्तान ऑफ जोहोर कप, पुरुष हॉकी एशिया कप सलालाह 2023, एफआईएच हॉकी विश्व कप ओमान 2024 और हाल ही में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेल चुके हैं। 12वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2024 और पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 के साथ, गुरजोत ने अपना ध्यान वापस जूनियर टीम पर केंद्रित कर लिया है।

उन्होंने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी सीखने का एक अच्छा अनुभव था, मुझे सीनियर टीम की मांगों के बारे में पहले से पता था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह मेरे लिए एक स्वप्निल शुरूआत थी, क्योंकि हमने सभी मैच जीते और खिताब भी जीता, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है और बहुत कुछ सुधार करना है। मुझे सर्कल में अपने मूवमेंट पर काम करना है, विरोधियों पर दबाव बनाने में तेज होना है और गेंद पर अपनी गति बढ़ानी है।

उन्होंने अंत में कहा, मेरे माता-पिता ने कुछ कठिन समय देखे हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। चीन में हमारी जीत के बाद हमें मिले नकद पुरस्कार से मुझ पर उनके विश्वास को चुकाने में सक्षम होना बहुत अच्छा लगा। 12वां सुल्तान जोहोर कप 2024 और पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 जल्द ही आ रहे हैं और मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सीनियर टीम के साथ सीखी गई चीजों को लागू करना चाहता हूं।

## एक नजर

### रूट सचिन के करीब पहुंचे तो भी महान क्रिकेटर बन जाएंगे : बेल

**जोधपुर, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान बेल ने स्टार बल्लेबाज जो रुट की जमकर प्रशंसा की है। बेल ने कहा कि अगर रुट सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक 15,921 टेस्ट रनों तक नहीं पहुंच पाते तो भी वह महान बन जाएंगे। रूट हाल ही में श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगकारा को पीछे छोड़कर सबसे अधिक रन बनाने वाले विश्व के छठे बल्लेबाज बन गये थे। बेल यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए आये हुए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रूट ने पिछले एक साल में काफी अच्छा खेला है। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि वह भविष्य के बारे में बहुत कुछ सोच रहा है। वह उसी क्षण में रह रहा है जैसे हम जी रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यसचिन जैसे महानतम खिलाड़ी के करीब पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि है। उनको खेलते हुए देखकर हम बड़े हुए हैं। वह केवल भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए स्टार हैं। बेल ने कहा, ह्ययह सोचना भी बड़ी उपलब्धि है कि रूट सचिन के करीब पहुंच सकता है। वह सचिन का रिकॉर्ड तोड़ पाए हैं या नहीं, इसमें कोई संदेह नहीं कि वह इंग्लैंड के सर्वकालिक महान बल्लेबाज के रूप में जाने जाएंगे। रूट अभी 33 वर्ष के हैं और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 12402 रन बनाए हैं। इस तरह से वह तेंदुलकर के रिकॉर्ड से अभी 3519 रन पीछे हैं। बेल को लगता है कि इंग्लैंड की आक्रामक खेल की रणनीति अभी के खिलाड़ियों की प्रतिभा को बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा, एक प्रशंसक के तौर पर आपको परिणामों को देखना होगा। जब से ब्रेंडन मैकुलम कोच बने हैं और बेन स्टोक्स कप्तान बने हैं टीम को बेहतर परिणाम मिले हैं।

### फर्स्ट क्लास क्रिकेट में जाफर, पुजारा और मनोज तिवारी के नाम हैं सबसे अधिक रन

**मुम्बई, एजेंसी।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भले ही सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं पर घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में तीन क्रिकेटर वसीम जाफर चेतेश्वर पुजारा और मनोज तिवारी रनों के मामले में उनसे कहीं आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट वनडे और टी20 को मिलाकर कुल 34357 रन बनाए हैं और कोई अन्य बल्लेबाज इसके करीब भी नहीं हैं। वहीं दूसरे नंबर पर चल रहे श्रीलंका के अनुभवी बल्लेबाज कुमार संगकारा 28016 रन बनाकर दूसरे नंबर पर है पर घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में जाफर, चेतेश्वर पुजारा और तिवारी उनसे रनों के साथ ही सभी मामलों में आगे हैं। सचिन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 118 मैच खेलने के बाद कुल 9677 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 33 शतक के साथ ही सबसे अधिक 233 रनों का स्कोर बनाया। वहीं फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भारतीय वसीम जाफर हैं। जाफर ने 186 मुकाबले खेलने के बाद 14609 रन बनाए हैं। 301 रन उनका सबसे अधिक स्कोर रहा। इस दौरान जाफर ने ने 46 शतक और 65 अर्धशतक लगाये। वहीं फर्स्ट क्लास रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पुजारा हैं। पुजारा ने 160 मुकाबले खेलने के बाद इस 13201 रन बनाए हैं। इसमें 40 शतक के साथ ही 352 रन का सबसे अधिक स्कोर है जबकि तीसरे नंबर पर रहे मनोज तिवारी ने 140 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेलकर नाबाद 303 के सबसे अधिक स्कोर के साथ ही 9810 रन बनाये हैं। इस प्रकार सचिन 9677 रनों के साथ चौथे नंबर पर हैं।

### श्रीलंका के लंच तक एक विकेट पर 102 रन

**गॉल (श्रीलंका), एजेंसी।** श्रीलंका ने शुरूआती ओवर में सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका का विकेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरूआती दिन गुरुवार को यहां लंच तक एक विकेट पर 102 रन बनाए।

अमूमन पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले दिनेश चंडीमल को तीसरे नंबर पर भेजा गया और उन्होंने टीम प्रबंधन के फैसले को सही साबित करते हुए श्रृंखला में अपना दूसरा अर्धशतक बनाया। लंच के समय वह 99 गेंदों पर नौ चौके लगाकर 60 रन बनाकर खेल रहे थे।

चंडीमल ने सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर ली है। लंच के समय करुणारत्ने 40 रन पर खेल रहे थे। श्रीलंका पहला मैच 63 रन से जीतकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

### पोर्टर आर्सेनल की शुरूआती एकादश में जगह बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

**लंदन, एजेंसी।** गोलकीपर जैक पोर्ट आर्सेनल फुटबॉल क्लब की शुरूआती एकादश में जगह बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गये। उन्होंने इंग्लिश लीग कप में बुधवार को यहां बोल्टन वांडरर्स के खिलाफ 16 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की।

इस मुकाबले में मिडफील्डर एथन नवानेरी के दो गोल की बदौलत आर्सेनल ने बोल्टन पर 5-1 से जीत दर्ज की।

पोर्टर ने 16 साल, 72 दिन की उम्र में शुरूआती एकादश में जगह बनाकर दिग्गज सेस्क फैब्रेगास (2003 में पदार्पण) के 16 साल, 177 दिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

आर्सेनल क्लब ने कहा कि पोर्टर को पहली पसंद डेविड राया की जगह चुना गया जो जांघ की चोट के कारण बाहर हो गए थे।

पोर्टर इंग्लैंड के अंडर 17 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। वह रविवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ हुए मुकाबले में आर्सेनल की तरफ से स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप मैदान पर उतरे थे।

### स्टोक्स सीमित ओवरों के क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि वह उन्हें बुलाया जाता है तो वह सीमित ओवरों के प्रारुप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स का माना है कि अगर नये कोच ब्रेंडन मैकुलम को उनकी सेवाओं की जरुरत हुई तो वह सफेद गेंद के प्रारुप में खेलने तैयार हो जाएंगे। स्टोक्स ने साल 2019 में अपनी टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं साल 2022 में इंग्लैंड की टीम को टी20 विश्वकप जिताया था। इस क्रिकेटर ने 2022 में थकान और लगातार व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था पर भारत में गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्व कप में वापसी की थी। तब स्टोक्स ने छह मैचों में एक शतक और दो अर्द्धशतक के साथ 304 रन बनाए। लेकिन टीम 9 मैचों में सिर्फ 3 जीत हासिल कर पाई और एक समय तो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन का भी खतरा पैदा हो गया था। उन्होंने विश्व कप 2023 के बाद से सफेद गेंद क्रिकेट में भाग नहीं लिया है। वह जून में टी20 विश्व कप में भी शामिल नहीं थे जिससे कि घुटने की समस्या से उबरकर अपनी पूरी फिटनेस हासिल कर सकें। वह टेस्ट क्रिकेट पर ही पूरा ध्यान लगाने लगे। वह द हंड्रेड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद 7 अक्टूबर से पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट से पहले पूरी तरह से फिट होने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि कोच के साथ वापसी को लेकर अभी उनकी बात नहीं हुई है। मैकुलम जनवरी 2025 से पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के साथ टीमों को भी कोचिंग दे रहे हैं, इसलिए अगर मैकुलम से उन्हें बुलावा आता है तो उन्हें खुशी होगी। वह एक अविश्वसनीय कोच रहे हैं जो पूरी प्रतिबद्धता के साथ बोलते हैं और अब तीनों टीमों का एक ही संदेश आक्रामक क्रिकेट खेलने को कहते हैं।




# मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर का ट्रेलर जारी

मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर का ट्रेलर जारी कर दिया है। आशा नेगी अभिनीत इस फिल्म का ट्रेलर एक हनीमून गेटअवे के बारे में है, जो उस समय अराजकता में बदल जाता है जब दूल्हा समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। छह-एपिसोड की श्रृंखला में आशा को अंबिका नाथ की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है, जो अधीर ईरानी (साहिल सलाथिया) और जोया ईरानी (अपेक्षा पोरवाल) के लिए एक हनीमून फोटोग्राफर हैं। यह यात्रा जल्दी ही एक बुरे सपने में बदल जाती है, जब अधीर समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। अंबिका को पिछली रात की कोई याद नहीं है और अपने साथी रिहान (राजीव सिद्धार्थ) के लापता होने के कारण वह खुद को इस हत्या में मुख्य संदिग्ध पाती है। अंबिका का एकमात्र सहयोगी एल्विन (जेसन थाम) है, जो उसका दोस्त है और उसे निर्दोष साबित करने पर तुला हुआ है। अपने खुद के एजेंडे से प्रेरित होकर, पुलिसकर्मी दिव्या सावंत (संवेदना सुवालका) जांच का नेतृत्व करती है। आशा ने कहा, अपने करियर में मैंने कई भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन उनमें से ज़्यादातर रोमांटिक और पारिवारिक रही हैं। मैंने हनीमून फ़ोटोग्राफर को एक ताजी हवा के झोंके के रूप में देखा, क्योंकि शो का आधार शीर्षक से आप जो अनुमान लगाते हैं, उससे बहुत अलग है। अंबिका एक बहुत ही बहुस्तरीय चरित्र है और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आप वास्तव में उसे विकसित होते हुए देखते हैं। इस किरदार ने मुझे वाकई चौंका दिया। शो का अपना रोमांच है, जिसमें बिल्ली और चूहे का पीछा करना और हर किरदार अपने-अपने कारणों से विजयी होने की कोशिश करना शामिल है। यह बहुत रोमांचक है और मैं चाहती हूं कि दर्शक इसे देखने का उतना ही आनंद लें, जितना मुझे इस तरह की कहानी का हिस्सा बनने में आया। शो में राजीव सिद्धार्थ और अपेक्षा पोरवाल भी हैं।

# करीना कपूर की हिरोइन में डायलॉग डिलीवरी कमाल की

बालीवुड फिल्म हिरोइन की डायलॉग डिलीवरी कमाल की है। फिल्म में करीना कपूर खान प्रमुख भूमिका में है। करीना किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। इनकी पर्सनल और पब्लिक लाइफ में सबको इंटरेस्ट भी है और ये उसे छुपाने में भी यकीन नहीं रखतीं। हिंदी सिनेमा में 25 साल पूरे कर चुकी हैं और इसका जश्न भी मनाया जा रहा है उन फिल्मों के जरिए जिसने इन्हें नई पहचान दी तो दर्शकों को कपूर फैमिली के एक और टैलेंट से मुलाकात कराई। करीना ने अपने करियर की शुरुआत रिफ्यूजी से की। करियर की शुरुआत के लिए ऑफबीट फिल्म कही जा सकती है लेकिन फिर करीना तो करीना हैं। 2000 में आई रिफ्यूजी के गाने हिट रहे, एक खास वर्ग को पसंद भी आई लेकिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पाई। द ग्रेट शोमैन की पोती और रणधीर कपूर-बबीता की छोटी बेटी बेबो 21 सितंबर को अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। बेबो ने कई फिल्में की कुछ हिट तो कुछ फ्लॉप लेकिन कुछ कैरेक्टर्स ऐसे जो दिमाग में छप गए। जैसे कभी खुशी कभी गम की पू। जिसमें एटीट्यूड है तो साफगोई भी। तेज तर्रार तो है लेकिन इमोशनल भी। काजोल की छोटी बहन पूजा शर्मा के रोल में दिखी करीना का डायलॉग कि कौन है जिसने पू को मुड़ कर नहीं देखा- सालों बाद भी अगर जेहन में ताजा है तो अदायगी को 100 फीसदी नंबर दिए जाने चाहिए। चमेली का- ये बोलता है हाथ मत लगाओ, दुनिया हाथ लगाने के लिए पैसा देती है! हो या फिर ऐतराज का- हमेशा मर्द ही गलत नहीं होता, औरत भी गलत हो सकती है। महिला सशक्तिकरण को सही मायने में परिभाषित करता है। करीना का नाम विवादों से भी जुड़ा। सबसे ज्यादा अपने रिलेशनशिप को लेकर। अपने से 10 साल बड़े सैफ अली खान से शादी को लेकर भी बवाल मचा तो बच्चों के नाम तैमूर और जहांगीर रखने पर भी खूब हल्ला हुआ। लेकिन करीना का ये डायलॉग कि मैं अपनी फेवरेट खुद हूं इन सवालों को जवाब देने में माहिर है। बेबो अपनी सोशल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में बनी रहती हैं। बिग स्क्रीन के अलावा छोटे पर्दे पर कई टॉक शो में भी दिखीं तो ओटीटी पर जाने जान से डेब्यू किया। करीना की ही हिट फिल्म ओमकारा का डायलॉग है जो उनको बखूबी डिफाइन करता है- चाँद जब आधा हो जावे है ना, तो भी चाँद ही कहलावे है। अच्छी बात ये है कि करीना उम्र के हिसाब से खुद को ढाल रही हैं। 16 साल की लड़की की तरह पेड़ों के पीछे नहीं भाग रहीं बल्कि कैरेक्टर्स ऐसे चुन रही हैं जो उनकी उम्र से मेल खाते हैं। बर्किंघम मर्डर्स को लेकर भी चर्चा में हैं। क्राइम थ्रिलर का निर्माण भी करीना कपूर ने किया है। फिल्म को उम्मीद के हिसाब से सफलता नहीं मिली लेकिन इस बार भी एक्टिंग की लोग दाद दे रहे हैं।





# रवीना ने चढ़ा दिया सोशल मीडिया का पारा, शेयर की फोटोज

अपने लंदन यात्रा की फोटो शेयर करके अभिनेत्री रवीना टंडन ने सोशल मीडिया का पारा चढ़ा दिया है। इस पोस्ट में वह दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ इंजॉय करती दिख रही हैं। फोटोज में अभिनेता संजय कपूर भी उनके साथ दिख रहे हैं। साथ ही इन तस्वीरों में अद्भुत लंदन शहर भी दिख रहा है। उन्होंने यह तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कीं। तस्वीरों में वह सफेद शर्ट और हरे रंग की स्कर्ट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, साथ ही उन्होंने लाइट मेकअप भी किया हुआ है। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर 8.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस पोस्ट में उनके साथ उनकी बेटी राशा और बेटा रणबीर वर्धन भी दिख रहे हैं। राशा मिनी ड्रेस और स्टाइलिश काले कोट में सबका ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। अभिनेता संजय कपूर और उनके बेटे जहान भी इस पोस्ट को मेमोरेबल बना रहे हैं। रवीना ने अपने इस पोस्ट में लंदन डायरीज और फ्रेंड्स लाइक फैमिली हैशटैग के साथ कैप्शन दिया, 'जस्ट बी... । बता दें कि रवीना टंडन फिल्म वितरक अनिल थडानी की पत्नी हैं। 1995 में उन्होंने पूजा और छाया नामक दो लड़कियों को शादी से पहले गोद लिया था। रवीना मशहूर निर्देशक रवि टंडन की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1991 में एक्शन फिल्म पत्थर के फूल की थी। इसके बाद उन्होंने दिलवाले, खिलाड़ियों का खिलाड़ी, जिद्दी, लाडला, बड़े मियां छोटे मियां, दुल्हे राजा और अनाड़ी नंबर 1 जैसी हिट फिल्मों में काम किया। हाल ही में उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ- चैप्टर 2' में काम किया है, जिसे प्रशांत नील ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म का निर्माण विजय किरागंदूर ने होम्बले फिल्म्स के बैनर तले किया। इस फिल्म में यश, संजय दत्त, श्रीनिधि शेट्टी, प्रकाश राज जैसे कलाकारों ने काम किया था। इसके अलावा हाल ही में उन्होंने विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित और अरबाज खान द्वारा निर्मित कानूनी ड्रामा फिल्म 'पटना शुक्ला' में भी अभिनय किया है।

# आइफा 2024 में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उत्सुक हूं:नोरा फतेही

अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के 24वें संस्करण में अभिनेत्री नोरा फतेही धमाकेदार प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उत्सुक हैं। एक्ट्रेस ने कहा, आइफा वीकेंड में प्रस्तुति देना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारतीय सिनेमा का जश्न, दर्शकों की भारी भीड़, और एक से बढ़कर एक प्रदर्शन इसे अविस्मरणीय बनाता है। मैं अबू धाबी के यास द्वीप पर मंच पर अपने प्रदर्शन का इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने प्रशंसकों को चेतावनी देते हुए कहा, तैयार हो जाइए, क्योंकि यह अनुभव शानदार होने वाला है। प्रशंसकों को एक अद्भुत ट्रीट मिलेगी, जिसे वे कभी नहीं भूलेंगे। 32 वर्षीय नोरा फतेही ने अपनी करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म रोअर- टाइगर्स ऑफ द सुंदरबन से की थी। इसके बाद उन्होंने टेम्पर, बाहुबली- द बिगिनिंग, और किक 2 जैसी तेलुगु फिल्मों में विशेष भूमिकाएँ निभाईं। उन्होंने सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस में भी भाग लिया था।



नोरा ने दिलबर, गर्मी, साकी साकी, कुसु कुसु, जेडा नशा, एक तो कम ज़िंदगानी, पछताओगे, और माणिके जैसे आइटम सॉन्ग्स में अपने डांस से अपार लोकप्रियता हासिल की है। उन्हें हाल ही में विद्युत जामवाल की क्रैक और कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस में देखा गया, जिसमें दिव्येंदु, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, उपेंद्र लिमये और छाया कदम भी शामिल हैं। नोरा अगली बार मटका में नजर आएंगी, जो 1958 से 1982 के बीच की पृष्ठभूमि पर आधारित है और मटका जुआ घोटालों पर केंद्रित है।

# ऐश्वर्या राय ने पेरिस फैशन वीक में बिखेरा जलवा



बॉलीवुड स्टार एवं पूर्व विश्वसुंदरी ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक में जलवा बिखेर दिया। पेरिस फैशन वीक में ऐश्वर्या राय, सौंदर्य की दिग्गज कंपनी लोरियल के अम्बेस्डर के रूप में उपस्थित हुईं। बैलून हेम रेड ड्रेस पहने, ऐश्वर्या ने अपने आकर्षक लुक से एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें 'रैंप की रानी' क्यों कहा जाता है। ऐश्वर्या ने बहुत ही लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला रखा और बोल्ड रेड लिप शेड के साथ अपने लुक में चार चांद लगा दिए। वह लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहद आत्मविश्वास और शालीनता के साथ रनवे पर चलीं। उन्होंने वॉक के बाद अपनी भारतीय परंपरा को बरक़रार रखते हुये फ्रांसीसी दर्शकों का अभिवादन 'नमस्ते' के साथ किया। ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक 2024 में शानदार एंट्री की, और लोरियल पेरिस के लिए रनवे पर बिल्कुल आइकॉनिक स्टाइल में वॉक किया। ऐश्वर्या ने अपने हॉट लुक से महफिल लूट ली। 'पेरिस फैशन वीक 2024' में ऐश्वर्या की बेटी आराध्या भी नजर आईं।

# तापसी पन्नू ने 'दिवा एनर्जी' के बारे में की खुलकर बात

'दिवा एनर्जी' के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी ने इसका मतलब समझाते हुए कहा है कि यह अपने आप पर गर्व करना और बिना किसी शर्म के अपनी पहचान को दुनिया के सामने पेश करना है। तापसी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। पोस्ट को कैप्शन देते हुए तापसी ने लिखा, दिवा एनर्जी- बोल्ड मूव्स, बड़े सपने और बेबाकी से खुद को पेश करना। इस महीने की शुरुआत में ऐसी खबरें सामने आई थी कि अभिनेत्री एक बार फिर एक्शन थ्रिलर गांधारी के लिए लेखिका कनिका ढिल्लों के साथ हाथ मिला रही हैं, जिसका निर्देशन देवाशीष मखीजा करेंगे, जिन्होंने जोरम बनाई थी। फिल्म की कहानी दृढ़ संकल्प और गहन व्यक्तिगत दांवों से भरी है, जो मनोरंजक रहस्य और उच्च स्तरीय एक्शन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स के अनुसार दर्शक तापसी पन्नू को एक मिशन पर निकली एक उग्र मां के रूप में देखेंगे। अनुराग कश्यप की 'मनमर्जियां', 'हसीन दिलरुबा' और इसके सीक्वल 'फिर आई हसीन दिलरुबा', 'रश्मि रॉकेट' और राजकुमार हिरानी निर्देशित हिट 'डंकी' के बाद, 'गांधारी' तापसी और ढिल्लों की साझेदारी का छठा उदाहरण है। तापसी को पिछली बार अक्षय कुमार, वाणी कपूर, एमी विर्क और फरदीन खान अभिनीत 'खेल खेल में' में देखा गया था। यह फिल्म जोड़ों के बीच एक गेम नाइट के बारे में थी, जो एक-दूसरे के सामने अपने रहस्य कबूल करते हैं। वह जयप्रद देसाई के निर्देशन में बनी 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में भी नजर आईं, इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी और सनी कौशल भी हैं। तापसी और विक्रांत ने रानी और रिशु के अपने किरदारों को फिर से निभाया है। फिल्म रानी और रिशु के किरदारों पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि वह एक बार फिर रोमांच के साथ बाधाओं को पार करते हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट हसीन दिलरुबा था, जिसे 2021 में रिलीज किया गया था।

# द नाइट मैनेजर एमी अवॉर्ड्स 2024 में नॉमिनेट




बीते साल 2023 में ओटीटी सीरीज द नाइट मैनेजर हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर इस सीरीज को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब इस सीरीज को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2024 में नॉमिनेट किया गया है।

यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित की गई थी। फिल्म में अनिल कपूर और आदित्य कपूर के साथ शोभिता धूलिपाला, तिलोत्मा शोमे, शाश्वत चटर्जी और जगदीश राजपुरोहित नजर आए थे। हॉटस्टार की ये सीरीज ब्रिटिश टीवी शो से इंस्पायर है जिसे संदीप मोदी और श्रीधर राघवन ने बनाया है। इस सीरीज की कहानी ब्रिटिश उपन्यास जॉन ले कारे और टीवी शो द नाइट मैनेजर से इंस्पायर्ड है। इस सीरीज में अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। द इंटरनेशनल अकादमी ऑफ टेलिविजन आर्ट्स एंड साइंस के सीईओ ब्रूस एल पेसनर ने इसकी घोषणा कर दी है। ये सीरीज भारत की तरफ से नॉमिनेट की गई है। ये सीरीज अब दूसरे देशों की कहानियों के साथ कॉम्पटीशन करेगी। अब देखना होगा कि क्या ये सीरीज एमी अवॉर्ड्स अपने नाम कर पाती है या नहीं। बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम करने के बाद वीर दास ने हॉलीवुड की दुनिया में एक खास पहचान बना ली है। वीर दास इस सीरीज को होस्ट करते नजर आएंगे। ये सीरीज हॉटस्टार पर देखी जा सकती है। आईएमडीबी पर इस सीरीज की रेटिंग 10 में 7.6 है। बता दें कि पूरी दुनिया में अपनी स्टैंडअप कॉमेडी का जलवा बिखेरने वाले कॉमेडियन वीर दास इस अवॉर्ड शो को होस्ट करने वाले हैं। वीर दास बीते साल ये अवॉर्ड भी जीत चुके हैं। एक्टर, कॉमेडियन और डायरेक्टर वीर दास इस शो में होस्टिंग करते नजर आएंगे। वीर दास एक इंटरनेशनल हिट सेलिब्रिटी हैं।

